डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 80700 10 ग्राम
₹ 102000 01 किलो
सेंसेक्स 74,102.32 -12.85
डॉलर 87.244 -0.042

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



फाल्गुन शुक्ल पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 12 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-147, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com
पेज-10 मेरे कोच ने मुझे 'पहले डिफेंस'...

## एक नजर

### मुख्यमंत्री आज विधि-व्यवस्था को लेकर करेंगे समीक्षा बैठक



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की विधि-व्यवस्था को लेकर बुधवार (12 मार्च) को समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री जिले के डीसी और एसपी के साथ प्रोजेक्ट भवन में समीक्षा बैठक करेंगे। यह बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री इस बैठक में विधि व्यवस्था पर समीक्षा के अलावा राज्य में नक्सल, संगठित आपराधिक गिरोह, अवैध खनन, नारकोटिक्स जैसे कई अहम मुद्दों पर भी चर्चा व समीक्षा करेंगे।

### सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड और हरियाणा के बीच खिताबी भिड़ंत आज

**पंचकूला (एजेंसी)।** 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का फाइनल मुकाबला बुधवार (12 मार्च) की शाम को यहां ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल में हॉकी झारखंड का मुकाबला गत विजेता हॉकी हरियाणा की टीम से होगा। बुधवार को ही हॉकी मिजोरम तीसरे-चौथे स्थान के लिए हॉकी महाराष्ट्र से खेलेगा। इससे **शेष पेज 11 पर**

# पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात गैंगस्टर अमन साव ढेर

## एटीएस टीम पर हमला कर भागने की थी साजिश

- एटीएस टीम पर बम और गोली से हमला
- अमन साव ने जवान की इंसास राइफल छीनकर भागने की कोशिश की
- एटीएस की जवाबी कार्रवाई में मारा गया
- एक पुलिस जवान गंभीर रूप से घायल
- घटनास्थल से दो जिंदा बम, कारतूस और अवशेष बरामद
- तीन राज्यों में सक्रिय गैंगस्टर के खिलाफ 150 से अधिक मामले दर्ज हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** झारखंड पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने मंगलवार को पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढ़ा में मुठभेड़ के दौरान तीन राज्यों के पुलिस के लिए सिर दर्द बन चुका कुख्यात गैंगस्टर अमन साव उर्फ अमन साव को मार गिराया। वह हत्या, अपहरण, रंगदारी समेत 150 से अधिक मामलों में शामिल था। वह झारखंड, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल में मुख्य रूप से सक्रिय था।



### घटनास्थल पर मिले सबूत

मुठभेड़ के बाद पुलिस को घटनास्थल से दो जिंदा बम, खाली कारतूस और फटे हुए बम के अवशेष मिले। फॉरेंसिक टीम, बीडीडीएस (बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड) और डॉग स्क्वॉड की मदद से पूरे इलाके की जांच की गई।



### कैसे हुई मुठभेड़?

जानकारी के अनुसार अमन साहू को एनटीपीसी डीजीएम कुमार गौरव की हत्या और कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा पर हमले के मामलों में पूछताछ के लिए रायपुर जेल से ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया जा रहा था। घटना मंगलवार सुबह करीब 9:15 बजे की है। जैसे ही टीम की वाहन चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढ़ा के पास पहुंची, पहले से घात लगाए हमलावरों ने बम और गोली से हमला कर दिया। इस बीच अमन साव ने मौका पाकर हवलदार राकेश कुमार की राइफल छीनकर भागने की कोशिश की, जिससे हवलदार की जांघ में गोली लगने से वह **शेष पेज 11 पर**

### अमन साव का आपराधिक इतिहास

**150 संगीन मामले :** हत्या, रंगदारी, अपहरण जैसे अपराधों में संलिप्त था

**व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों को धमकी :** कोयला कारोबारियों को खास तौर पर निशाना बनाता था

**तीन राज्यों में नेटवर्क :** झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में अमन साव मुख्य रूप से सक्रिय था

**सोशल मीडिया पर अपराध की जिम्मेदारी :** गिरोह के गुर्गे हमलों के बाद पोस्ट डालते थे

# नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगे पोकलेन व दो हाइवा को फूंका, क्षेत्र में दहशत



- संवेदक ने अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में सोमवार की रात्रि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। नक्सलियों ने सड़क निर्माण कर रही कंपनी के बेस कैंप पर धावा बोलकर निर्माण कार्य में लगे एक पोकलेन मशीन और दो हाइवा में आग लगा दी। साथ ही तीन कर्मियों की लाठी डंडों से पिटाई की। बाद में नक्सलियों ने प्रशासन विरोधी नारेबाजी करते हुए पश्चिम दिशा में जंगल की ओर फरार हो गए। घटना स्थल बिहार राज्य की सीमा के नजदीक है। सूचना मिलते ही रात्रि में ही छतरपुर एसडीपीओ अवध प्रसाद यादव, हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल का जायजा लिया। साथ ही अपराधियों के छुपने के संभावित स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। मंगलवार को अभियान एसपी राकेश कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन की। मालूम हो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मनीषा कंस्ट्रक्शन द्वारा तेंदुआ से जगदीशपुर होते हुए फुलवरिया तक साढ़े नौ किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जगदीशपुर प्राथमिक विद्यालय के समीप कंस्ट्रक्शन कंपनी का बेस कैंप स्थित है। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार की रात 7-8 की संख्या में वर्दीधारी बड़े हथियार से लैस होकर कंस्ट्रक्शन कैंप पहुंचे। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों का मोबाइल स्विच ऑफ कर कुछ दूर ले जाकर खड़ा कर दिया। पोकलेन चालक रामअवतार यादव, हाइवा चालक वीरेंद्र यादव, कइलू यादव व खलासी मनोज यादव को कब्जे में लेकर मोबाइल छीनते हुए तीनों चालकों की लाठी से माओवादियों ने पिटाई की। बाद में कैंप पर खड़ी हाइवा व पोकलेन पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया। इस घटना से आसपास के क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। पिटाई से घायल कर्मियों को **शेष पेज 11 पर**

# पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं : सीएम

- झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन
- विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री और सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के विधायक हुए शामिल

**नवीन मेल डेस्क**



**झारखंड विधानसभा परिसर में मंगलवार को आयोजित होली मिलन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और अन्य विधायक शामिल हुए।**


**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को कार्यवाही समाप्ति के बाद विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, मंत्री एवं सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के विधायक उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश की तथा अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समस्त झारखंडवासियों को पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने होली मिलन समारोह के उपरांत मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार निकट है, रंगों के इस त्योहार को हम सभी लोग उत्सव के रूप में मनाना शुरू कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, मैं अपनी तथा राज्य सरकार की ओर से आपसभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा, मैं आशा एवं उम्मीद करता हूं कि इस होली त्योहार के रंग-बिरंगे रंगों की तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि तथा खुशहाली आए। कामना है कि आप सभी लोग स्वस्थ रहें एवं एक सुंदर वातावरण में आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ यह त्योहार मनाए।

# स्कॉर्पियो ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, तीन युवकों की मौत


- रांची में शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे वापस
- मृतकों में भाजपा नेता बास्को बेसरा का बड़ा पुत्र भी शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर में रामलखन सिंह यादव कॉलेज के पास मंगलवार के तड़के करीब 03:00 बजे एक स्कॉर्पियो ने खड़े ट्रक में टक्टर मार दी, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों में भाजपा नेता बास्को बेसरा के बड़े पुत्र अग्नि बेसरा भी शामिल हैं। इस हादसे में मृतकों की पहचान पश्चिमी सिंहभूम के सुजीत कुमार सिंकू, पृथ्वी कुमार सहदेव और सरायकेला-खरसांवा निवासी अग्नि बेसरा के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार, सभी युवक एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए जमशेदपुर से रांची आए थे। विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वे सभी वापस लौट रहे थे।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार के तड़के करीब 03:00 बजे जमशेदपुर से आ रही स्कॉर्पियो ने रामलखन सिंह कॉलेज के पास खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, तीसरे युवक की मौत इलाज के दौरान हो गई। अन्य घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं, भाजपा नेता बास्को बेसरा ने बताया कि उनका बड़ा पुत्र अग्नि बेसरा रांची के एक्सआईएसएस जेवियर कॉलेज में एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार देर रात एक शादी समारोह से शिरकत कर वह अपने दोस्तों के साथ गम्हरिया वापस लौट रहा था। इसी दौरान सड़क दुर्घटना में उनके बड़े पुत्र और उसके दो दोस्तों की मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि 04 अगस्त 2023 को चांडिल के कांदरबेड़ा के पास सड़क हादसे में बास्को बेसरा के छोटे पुत्र अनमोल बेसरा एवं उसकी साथी अनन्या वर्मा की मौत हो गई थी।



# चिकित्सकों से दुर्व्यवहार के विरोध में हैदरनगर ओपीडी सेवा ठप

**क्षेत्र के मरीजों को निजी चिकित्सकों के पास भटकना पड़ा**

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में सोमवार की देर शाम एक महिला रोगी के निधन पर मृतका और ग्रामीणों का गुस्सा उबलता रहा। उग्र ग्रामीणों को देख एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में अनुमंडलीय अस्पताल पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। इसके बाद चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों के दुर्व्यवहार से मंगलवार को आपातकालीन सेवा छोड़ ओपीडी सभी सेवाएं ठप कर दी गई। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हैदरनगर में भी मंगलवार को निर्धारित अपराह्न तीन बजे तक ओपीडी सेवा पूरी तरह ठप रहने से क्षेत्र के मरीजों को निजी चिकित्सकों के पास भटकना पड़ा है। स्थानीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार के नेतृत्व में अस्पताल बंद कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के मुख्य गेट पर स्वास्थ्यकर्मियों का दल धरना पर बैठ गए। उन्होंने सभी पीएचसी व स्वास्थ्य उपकेंद्र पर चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी इस हड़ताल पर रहकर समुचित देने की मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे। उन्होंने कहा कि उनके साथ आए दिन दुर्व्यवहार को देखते हुए उनकी सुरक्षा व आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। धरना में उनके अलावे एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार, ड्रेसर प्रमोद सिंह व सिपाही राम, लैब टेक्नीशियन शकील अख्तर सहित स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।



## जल नल योजना का जलमीनार निर्माण कार्य अधूरा

**ग्रामीणों ने विरोध जताया**

नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड़।** पांडू प्रखंड अंतर्गत मुसीखाप पंचायत के कजरूखुर्द में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल मेदिनीनगर सौर ऊर्जा आधारित एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत लगा जलमीनार का कार्य वर्षों बाद भी अधूरा पड़ा है। लाखों रुपए खर्च कर यह जलमीनार इसलिए लगाया गया था, ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पीने योग्य पानी पाइपलाइन के जरिए घरों तक पहुंचा जा सके, परंतु इसके विपरीत कजरूखुर्द में लोगों के घर-घर नल तो लगा दिया गया, परंतु उसमें जल ग्रामीणों को नसीब नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि जबसे यह टंकी बना है तबसे ना तो इसमें मोटर लगा ना हीं पानी चालू हो सका। बताते चले कि ग्राम कजरूखुर्द का सिबांडीह टोला बिल्कुल ड्राई जोन एरिया है। फिर भी आज तक यहां के लोगों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं की जा सकी। विभागीय पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण आज तक इस महत्वकांक्षी योजना पर ध्यान नहीं दिया जा सका। ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत उपायुक्त पलामू से करने की बात कही है।



## न्यूज बॉक्स

### शांति समिति की बैठक : सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने का निर्णय

**हैदरनगर।** होली व रमजान पर्व पर शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रहने को लेकर प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान पुअनि अफजल अंसारी, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, मुखिया संतोष कुमार सिंह, उपमुखिया पवन कुमार, समाज सेवी डॉ. अजय जायसवाल, अखिलेश कुमार सिंह सहित कई प्रतिनिधियों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। जिसमें सभी समाज के लोगों को इन पर्व पर एक दूसरे के साथ आपसी समन्वय और कदमताल मिलकर शांतिपूर्ण संपन्न कराने की प्रेरणा दी गई। उन्होंने कहा कि सभी वर्ग के समाज एकजुट होकर पर्व श्रद्धा, भक्ति व शांति से पर्व मनाने का संकल्प लेंगे तो उनका क्षेत्र ही गौरवान्वित होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का अफवाह से बचने और शरारती तत्व के लोगों से सचेत रहने की अपील करते हुए कहा कि स्थानीय पुलिस प्रशासन अमन पसंद लोगों के साथ दिन रात तत्पर है। उनके स्तर से असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा पुलिस इंटरनेट और सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रख रही है। इसके बावजूद आपत्तिजनक व भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश की तो उनकी खैर नहीं होगी। बैठक में उनके अलावे एसआई विवेक कुमार व आदित्य प्रसाद, एएसआईअमर सिंह के अलावे थाना के कई पुलिस जवान सहित प्रबुद्ध लोग शामिल थे।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में दादी गुलजार की चौथी पुण्यतिथि मनी

**हुसैनाबाद।** मधुशाला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन में दादी गुलजार की चौथी पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंगलवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बीके नीरज ने कहा कि लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए दादी जी ने अपने पूरे जीवन को समर्पित कर दिया। मानवता के प्रति उनके उत्कृष्ट सेवा भाव को देखते हुए निराकार परमात्मा शिव बाबा ने अपनें रथ के रूप में चयनित कर पूरे जगत के लोगों को कल्याण का संदेश दिया। स्मृति दिवस समारोह की शुरूआत राजयोग से हुई। मौके पर संस्था द्वारा स्वर्गीय दादी को विशेष भोग लगाया गया। कार्यक्रम में सभी भाई-बहनों ने योग युक्ति होकर दादी जी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बीके रामनरेश यादव, बीके कृष्णा, बीके मनोज भगत, बीके धीरज, कुणाल, नमन, आनंद किशोर, कुसुम, शोभा, माता किरण,अंजू, शिवनारायण समेत कई लोग मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा समिति व कीर्तन मंडली के परंपरागत तरीके से होली गीतों पर लोग झूमे

**हुसैनाबाद।** शहर के कुर्मी टोला के पटेल नगर दुर्गा मंडप में होली समारोह का आयोजन किया गया। फगुआ में गांव के कीर्तन मंडली ने एक से बढ़कर एक होली की परंपरागत गीत गाया और ढोलक, झाल, हारमोनियम की धुन ने पूरे क्षेत्र के माहौल को खुशनुमा बना दिया। इस फागुन की मस्त महीना में पुरानी परंपरा के अनुसार एक महीना प्रत्येक सप्ताह में होली फगुआ की विभिन्न गीतों को गया जाता हैं। लेकिन इस भौतिकतावादी जीवन में लोग अपने लोक लाज की परंपराओं बहुत कम मान रहे हैं, लेकिन शहर के एक मात्र यह मुहल्ला में आज भी लोक परंपरा जीवंत उदाहरण हैं। यह आयोजन दुर्गा पूजा समिति व कीर्तन मंडल समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित होती हैं।

## एक नजर

### प्रखंड कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

**ऊंटारी रोड़।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड व अंचल कर्मियों के साथ ऊंटारी रोड़ प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने समारोह में भाग लिया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल व अबीर लगाकर व मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार भगत के नेतृत्व में हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार भगत ने कहा कि होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने होली मिलन समारोह में शामिल लोगों को बधाई दी। कहा कि होली सामाजिक समरसता का त्यौहार है। होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। होली मिलन समारोह में बलवंत कुमार, शनि राज, प्रेम कुमार, दिनेश कुमार, अरविंद सिंह, अनुज पासवान, मुन्ना सिंह, समाज सेवी रामकृष्ण पाल, अरुण कुमार वर्मा, जितेंद्र ठाकुर, निरंजन कुमार, राहुल कुमार मौजूद थे।

### एके सिंह कॉलेज जपला में फ्रेशर पार्टी सह होली मिलन समारोह

**हुसैनाबाद।** अवधेश कुमार सिंह महाविद्यालय जपला में सत्र 2024-28 के छात्र-छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी सह होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने नव नामांकित छात्रों का महाविद्यालय में स्वागत करते हुए कहा कि आप युवा ही देश का भविष्य हैं। नई शिक्षा नीति 2020 में बहु विषयक पाठ्यक्रम लागू किया गया है, जिसके तहत आपको कुछ विषय का विशेष और अन्य का सामान्य ज्ञान होना चाहिए। तभी आप एक जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज, देश और विश्व में अपनी भूमिका का निर्वहन कर पाएंगे। इस मंच का संचालन खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राहुल कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे, जिसमें शशि रंजन, ओम प्रकाश, आरुषि, नैंसी, किरण कुमारी, प्राजक्ता और शिखा आदि थे। शिक्षकों में एकेडमिक इंचार्ज डॉ. राम सुभग सिंह, आइक्यूएसी समन्वयक प्रो. अरुण कुमार सिंहओम प्रकाश सिंह इत्यादि भी उपस्थित थे।

## भीम चूल्हा में नहीं बिछाई पाइपलाइन सोलर पैनल से भरपूर जलापूर्ति नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल ऐतिहासिक महत्व के भीम चूल्हा में सौर ऊर्जा चालित नई जलापूर्ति व्यस्था से पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध हो गई है। मगर इस योजना के तहत ही घास, फूल व पौधों को सिंचित करने के लिए पाइपलाइन नहीं बिछाया जा सका है। सौर ऊर्जा चालित जलापूर्ति में आई खराबी को ठीक करने के बाद भी लंबे समय तक टंकियों में पानी का भंडारण संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में पूरे पार्क एरिया में पाइपलाइन नहीं बिछाने की स्थिति में पुजारी गंगा तिवारी और सहयोगी सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी खुद की व्यस्था से प्लास्टिक पाइप के माध्यम से मुरझा रहे फूल-पौधों और मखमली घास को हराभरा रखने की कवायद कर रहे हैं। ऐतिहासिक महत्व के पर्यटक स्थल का उद्घाटन 16 अगस्त 2021 में तत्कालीन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया था। मगर इसकी स्थापना के चौथे साल में सौर ऊर्जा चालित जलापूर्ति व्यवस्था बड़ी उपलब्धि के रूप में सामने आई है। बावजूद इसके इससे इस पर्यटक स्थल को हराभरा बनाए रखने के लिए अब तक पाइपलाइन का काम पूरा नहीं किया जाना सवाल खड़े कर रहा है। ऐसे में ऐसी मनमानी और लापरवाही बरतने वाले संबंधित एजेंसी के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की जाने लगी है। बताया गया कि इस स्थल के विवाह मंडप पर स्थापित सोलर पैनल के साथ एक-एक हजार लीटर की क्षमता के दो पानी टंकियों से उसकी दीवार के सहारे नीचे तक चार नल कनेक्शन देने के बाद पूरे पार्क एरिया में पाइपलाइन बिछाने का काम किया जाना है। नल कनेक्शन से पीने पानी की जरूरत तो पूरी होने लगी है। मगर, घास, फूल व पौधों को मुरझाने से बचाने के लिए अभी भी पुजारी व सहयोगी को मशक्कत करनी पड़ती है। पुजारी गंगा तिवारी पुजारी का इस संबंध में कहना है कि उन्होंने स्थिति से संबंधित एजेंसी को अवगत करा दिया है। एजेंसी ने पाइपलाइन बिछाने के काम को जल्द ही पूरा करने की बात कही है। पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी व सहयोगी सत्येंद्र चंद्रवंशी का कहना है कि वह इस धरोहर को संवारने और व्यवस्थित करने में प्रारंभ से ही पूरी क्षमता से जुटे हुए हैं।

## सखी दीदीयों के निर्मित गुलाल से पलामू प्रमंडल की अलग पहचान बनेगी: बीपीएम



**नीलांबर पीतांबरपुर।** होली पर्व में कुछ ही दिन बाकी है। ऐसे में अभी से ही होली की खरीदारी को लेकर बाजार गुलजार हो गए हैं। इस बार फूल और प्राकृतिक चीजों से बने हर्बल गुलाल की काफी डिमांड है। प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों झारखंड के राजकीय पुष्प पलाश के फूलों से क्षेत्र में रौनक आ गई है। खास बात यह है कि प्रखंड क्षेत्र के कुंदरी लाह बगान को पूरे एशिया महादेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। झारखंड के राजकीय पेड़ पलाश के फूलों से भी ग्रामीण क्षेत्रों में होली खेली जाती है। होली को लेकर प्रखंड के समूह के सखी दीदीयों द्वारा लेस्लीगंज पंचायत सचिवालय भवन में हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है। इसमें कोई भी केमिकल का प्रयोग नहीं किया गया है। इस बाबत जेएसएलपीएस के बीपीएम सत्यप्रिय तिवारी ने बताया कि समूह के सखी दीदीयों द्वारा हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है। इसमें कोई भी केमिकल का प्रयोग नहीं किया गया है। यह गुलाल पूरी तरह ऑर्गेनिक गुलाल है। यह पूरी तरह ऑर्गेनिक तरीके से तैयार किया गया है। लाल व गुलाबी गुलाल चुकंदर के फूल से पीला हल्दी व गेंदा के फूल से, हरा रंग वाला गुलाल पालक के साग से तैयार किया गया है और इन सभी को तैयार करने में पलाश के फूल के रस का प्रयोग किया गया है। साथ ही किसी तरह के संक्रमण से बचने के लिए नीम के पत्ते का भी प्रयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि कहा कि जंगलों में उगने वाले पलाश के फूल हर साल बिना कैलेंडर देखे ही होली का एलान कर देते हैं। जैसे ही ये फूल पेड़ों पर खिलते हैं, लोग समझ जाते हैं कि अब होली का त्योहार नजदीक आ गया है। इस वर्ष पांच क्विंटल गुलाल को तैयार कर पैकेटिंग करके बिक्री किया जा रहा है। जेएसएलपीएस के प्रखंड परियोजना पदाधिकारी नवनीत पांडेय ने बताया कि होली पर हर्बल गुलाल के प्रयोग से त्वचा की ना सिर्फ रक्षा होती है, बल्कि प्राकृतिक चीजों का प्रयोग स्किन को निखारने का भी काम करता है। हर्बल गुलाल का प्रयोग करें यह गुलाल सुरक्षित है। हर्बल गुलाल के निर्माण में सुनील कुमार, राहुल कुमार, नागवंती देवी, रेणु देवी, सुजांती देवी, पूजा कुमारी, नुरेशा खातून, नुसरत बीवी हर्बल गुलाल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## बराही धाम में विश्व की सबसे ऊंची 551 फीट मां दुर्गा मंदिर का होगा निर्माण

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में चर्चित बराही धाम परिसर में विश्व की सबसे ऊंची 551 फीट की भव्य दुर्गा मां की मंदिर कि निर्माण किया जाएगा। इसकी पहचान अब विश्व के पटल पर धार्मिक स्थल के रूप में विख्यात होगी। उक्त बाते शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी व धर्म प्रेमी सह समाज सेवी रंधीर कुमार सिंह ने मंगलवार को बराही धाम परिसर स्थित गेस्ट हाउस में प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा की इस बराही धाम में विश्व की सबसे ऊंची 551 फीट मां दुर्गा का मंदिर और 151 फीट का नवग्रह मंदिर निर्माण के लिये आगामी 14 मई को भव्य भूमि पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम होना तय हुआ हैं। उन्होंने कहा कि इस मंदिर निर्माण के लिये 15 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करने का कार्य किया जा रहा।

## भाली में देवीधाम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा व यज्ञ की तैयारी शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** भाली में देवीधाम के नवनिर्मित मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा और इस मौके पर यज्ञ की तैयारी शुरू कर दी गई है। इससे पहले मंगलवार को श्रीलक्ष्मी प्रपन्नाचार्य जीयर स्वामी जी महाराज ने गांव में पधारकर धर्मप्रेमियों के बीच सनातन धर्म और संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव जीवन की उत्पत्ति सत्कर्मों के लिए हुआ है। मनुष्य को सम्पूर्ण जीवनकाल इसे करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान का दिया हुआ मानव शरीर बहुमूल्य है।जिसमें सोचने समझने की शक्ति है। सभी के हृदय में परमात्मा वास करते हैं। जो मनुष्य को हमेशा अच्छे कर्मों के लिए प्रेरित करते हैं। पर लोग उनकी प्रेरणा की अनदेखी कर गलत कार्य करते हैं। जिसका परिणाम दुःखद ही होता है। इससे पहले उन्होंने देवीधाम में आरती वंदना की। समाजसेवी उदय कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी जी ग्रामीणों के विशेष आग्रह पर कुछ पल के लिए पधारे थे। देवी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा और इस मौके पर यज्ञ अगले माह होना है। मौके पर संतोष सिंह, रवींद्र सिंह, अर्जुन यादव, कुंदन सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सुरेश सिंह ,सत्येंद्र सिंह, अश्विनी कुमार सिंह, कुश कुमार सिंह,सीबी रमन सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, कामेश्वर सिंह, कामाख्या सिंह, महेंद्र प्रसाद सिंह, दीपक सिंह, विमलेश पाल, राकेश कुमार सिंह के अलावा वृद्ध खैरा मठ के महंत श्री विष्णुचित्त जी महाराज, मुखिया शोभा देवी, अन्य महिलाओं व काफी संख्या में लोगों ने जीयर स्वामी जी के उपदेश को शिरोधार्य किया।

## बीडीओ ने दिव्यांग को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया

नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय में शारीरिक रूप से विकलांग सड़की गांव निवासी बिजरी कुमार, जिनकी शारीरिक स्थिति के कारण चलने में कठिनाई होती है, उन्हें कांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सहाय ने ट्राई साइकिल सौंपा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सहाय ने समाज के संपन्न और प्रबुद्ध लोगों से अपील की कि वह अपने आसपास के शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की पहचान करें और उन्हें सरकारी सहायता प्रदान कराने में मदद करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को शारीरिक परेशानी के कारण चलने में दिक्कत हो तो वे प्रखंड कार्यालय से ट्राई साइकिल प्राप्त करने के लिए संपर्क कर सकते हैं, ताकि वह अपनी दैनिक गतिविधियां स्वतंत्रता रूप से कर सकें। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, कांडी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनूप कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज शर्मा और अन्य स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

## विधायक ने सदन उठाया विद्युत सब स्टेशन निर्माण की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव के द्वारा सगमा प्रखंड मुख्यालय के समीप विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कराने की मांग सदन के माध्यम से किया हैं। इस दौरान उन्होंने कहा है कि सगमा प्रखंड के लगभग 45000 की आबादी को धुरकी विद्युत सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाती है। इसकी दूरी लगभग 10 से 13 किलोमीटर होने तथा वन क्षेत्र होने के कारण सगमा के लोगों को अक्सर विद्युत आपूर्ति की समस्या का सामना करना पड़ता है। सागमा में विद्युत सब स्टेशन निर्माण कि मांग करने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा सगमा प्रखंड के नेताओं ने इसके लिए विधायक अनंत प्रताप देव को धन्यवाद दिया है। धन्यवाद देने वालों में झामुमो नेता डॉ. हरिदास प्रसाद यादव राहत हुसैन, रमेश यादव, मोहम्मद गुलाम नबी बसंत पाल, ललन उरांव,घूरन यादव, राजेश्वर यादव, अहमद अंसारी, इकबाल अंसारी, नंदू बैठा, गणेशी बैठा, राकेश पांडेय, सरजुल पासवान, कृष्णा, यादव, विजय पासवान, विजय यादव, वीरेंद्र यादव, मुकेश यादव, रामप्रवेश यादव, पवन सिंह का नाम शामिल है।



## प्रदीप सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** टाउनशिप सेल के सब्जी मार्केट में स्थित ग्राउंड में स्पोर्ट एंड रिक्रिएशन क्लब टाउनशिप ने तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय प्रदीप सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन बीडीओ नंदजी राम और सेल के डीजीएम एसयू मेदा, सेल के उप प्रबंधक बुलू दिगल ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने स्वर्गीय प्रदीप सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उद्घाटन मैच मझिआंव बनाम हरिहरपुर के बीच खेला गया। जहां मझिआंव नें पहला सेट 25-16,दूसरा सेट 25-16से जीत कर मझिआंव सेमीफाइनल में स्थान बनाया। दूसरा मैच श्री बंशीधर नगर बनाम झारखंड के बीच खेला गया। श्री बंशीधर नगर नें पहला सेट 25-12दूसरा सेट 25-14से जीत कर श्री बंशीधर नगर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। मौके पर बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ता है, बल्कि समाज में खेल के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय प्रदीप सिंह का योगदान समाज और खेल जगत में अत्यधिक महत्वपूर्ण था और उनके द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। सेल के डीजीएम एसयू मेदा ने कहा कि इस टूर्नामेंट से नए और उभरते हुए खिलाड़ियों को एक मंच मिलेगा, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### बीडीओ ने किया हर्बल गुलाल स्टॉल का शुभारंभ

**खरौंधी।** पलाश झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के तहत ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का शुभारंभ मंगलवार को पंचायत परिसर खरौंधी में किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने फीता काटकर स्टॉल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, जो एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास करें, जिससे उनकी आजीविका सशक्त हो। बीपीएम मोनिका, सामुदायिक समन्वयक, सुमन लकड़ा, एडमिन सोनू आशीष, जेआरपी सुनीता देवी, सत्यवंती देवी, सीमा कुमारी, रेनू देवी, अनीता देवी, राधिका भारती, देवेंद्र कुमार, विकास कुमार और राजा बाबू समेत अन्य कई लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे। सभी ने महिलाओं द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल की सराहना की और इसे पर्यावरण के अनुकूल एवं स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित बताया।

## प्रतियोगिता | जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में कस्तूरबा की छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन

## वार्डेन व शिक्षिकाओं ने छात्राओं को दी शुभकामनाएं

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान (डायट) मेदिनीनगर के प्रांगण में आयोजित लोक नृत्य एवं नाटक प्रतियोगिता में हुसैनाबाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। नाटक प्रतियोगिता में शामिल होने वाली छात्राओं में काजल कुमारी, शिम्मी कुमारी, सुप्रिया कुमारी, ज्योति कुमारी, प्रीति कुमारी का नाम शामिल है। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भी केजीबीवी की छात्राएं अनु कुमारी,अमृता कुमारी व अनन्या सिंह ने तृतीय स्थान पर गौरवांवित किया। छात्राओं की इस बेहतर प्रदर्शन पर विद्यालय की वार्डेन सह शिक्षिका किरण कुमारी सिंह, शिक्षिका वंदना पांडेय, शारदा भारती, नीलम मेहता, सुमन कुमारी, सुमित्रा कुमारी, मीना देवी, आरजू खान, गार्ड सुनील पासवान ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। वार्डेन ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन और राज्य सरकार के प्रभावी नीति के कारण आज कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ सभी तरह की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं, जो बालिका सशक्तिकरण की पहल का उत्कृष्ट उदाहरण है।



## इंडिया | 150 आपराधिक केसों वाले अमन की मुठभेड़ में मौत हुई या सामाजिक वध



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत में किसी की भी मृत्यु के बाद अच्छा बोलने की परंपरा है जैसा रामायण महाभारत में दुष्टों के भी मारे जाने पर सभी लोगों ने खुशियां नहीं मनाईं, समाज का बड़ा भाग इतिहास की दुखद घटनाओं के बाद हर्ष नहीं व्यक्त करता पर विगत कुछ दशकों से चल रहे परिवर्तन की बयार के अनुकूल उसके मारे जाने पर टीवी पर अनेक नेताओं ने प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हर्ष व्यक्त करते हुए बयान दिया कि बाबा के रास्ते पर अब झारखंड चल पड़ा है जब ऐसे बदमाशों का ऐसे ही अंत होता है जिसे जनभावना की गूंज कहा जा सकता है। बिहार के जमाने से ही रांची सहित विभिन्न स्थानों में कई चर्चित मुठभेड़ हुए हैं जिसके बाद कुछ वर्षों तक अपराध के आंकड़े थम से गए थे पर अपराध की स्थिति यहां तक पहुंची कैसे कि दिनदहाड़े एनटीपीसी के एक बड़े अधिकारी की हत्या नाजायज वसूली के लिए हो जाती है और देश भर में इसकी गूंज उठती है क्योंकि वे एक बड़े राजनेता के परिवार से आते थे । रांची के पास बुढ़मू के एक छोटे से गांव मतवे के इस 30 वर्षीय युवक ने 2010 में मैट्रिक की परीक्षा 78 फीसदी अंकों के साथ पास की थी और इसके बाद पंजाब के मोहाली से इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा किया था। झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, बिहार और अन्य राज्यों में भी आतंक के नेटवर्क का विस्तार कर रखा था। 150 से भी अधिक आपराधिक वारदातों में अमन का नाम आया था। इसके बारे में चर्चा थी वह लॉरेंस विश्नोई को गुर्गों की सप्लाई करता था और सहयोग में उसे मिलते थे नए-नए ऑटोमेटिक हथियार। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सोमवार को कहा था कि तीन गैंगस्टर विकास तिवारी, अमन श्रीवास्तव और अमन साहू जेलों के अंदर से आपराधिक साजिशों को अंजाम दे रहे हैं। सिमडेगा और हजारीबाग जेलों में छापेमारी की गई थी। सूचना मिली कि गैंगस्टर अमन साहू को झारखंड पुलिस छत्तीसगढ़ के रायपुर जेल से पूछताछ के लिए ट्रांजिट पर रांची जिस गाड़ी से ला रही थी उस पर बम से हमला हुआ और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई और इसके बाद वह एसटीएफ के जवान से इंसास राइफल छीनकर भागने लगा, पुलिस पर फायरिंग भी की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में अमन साहू को कई गोलियां लगी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। उस पर रायपुर में रंगदारी के दो मामले दर्ज थे और पिछले साढ़े तीन महीने से रायपुर जेल में था। जहां 40 पुलिसकर्मियों की टीम अमन साहू को झारखंड से प्रोडक्शन वारंट पर 14 अक्टूबर को रायपुर लेकर गई थी। झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने की घटना को उचित ठहराते हुए राज्य सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा है कि अगर किसी अपराधी का मनोबल इतना बढ़ जाए कि वह राज्य की पुलिस और प्रशासन के लिए चुनौती बन जाए तो निश्चित रूप से उसका यही हश्र होना चाहिए। मंगलवार को झारखंड विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए झारखंड के नगर विकास, उच्च शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि राज्य में हर हाल में कानून का ही राज चलेगा। मंत्री ने कहा कि यह घटना निश्चित रूप से राज्य में आपराधिक चरित्र के तमाम लोगों को संदेश है कि अगर कोई कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा, तो राज्य सरकार उसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी। सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। झामुमो के वरिष्ठ विधायक हेमलाल मुर्मू ने भी गैंगस्टर अमन साहू के मुठभेड़ में मारे जाने की घटना को सही ठहराया है। हेमंत सरकार ऐसे लोगों का खात्मा कर रही है तो यह बड़ी बात है। आज तक तो योगी ने ही ऐसा किया था। अब झारखंड में भी यही होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि हमारा मॉडल योगी वाला नहीं, बल्कि अपना है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे उचित बताते हुए शेष दो अपराधियों पर भी कार्रवाई की मांग की । बरकट्ठा के भाजपा विधायक अमित यादव ने भी मुठभेड़ को सही कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल सही हुआ है झारखंड पुलिस के इस कदम की सराहना करते हैं। जो जैसा करेगा, उसके साथ वैसा ही सलूक होना चाहिए। पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा जो जैसा करता है वैसा भरता है पर योगी जी को बदनाम न करें। बड़कागांव के भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि राज्य में अपराध की घटनाएं बेतहाशा बढ़ी हैं। हमारे विधानसभा क्षेत्र में एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या कर दी गई। यह सरकार अपराध रोकने में विफल है। पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने सीबीआई जांच की मांग की और इसे डीजीएम हत्या का सच छिपाने का षड्यंत्र बताया। निष्कर्षतः कहा जा सकता कि समाज को प्रयास करना चाहिए कि एनकाउंटर की स्थिति आने से पहले वैधानिक तंत्र से अपराध पर रोक लग जाए।



# कुलपति किया जेएस कॉलेज का निरीक्षण, प्राचार्य व शिक्षकों संग बैठक की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. डीके सिंह मंगलवार को जनता शिवरात्रि महाविद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों के साथ बैठक कर कॉलेज की विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। इसके अलावा महाविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की। मौक पर विभिन्न छात्र संगठन के प्रतिनिधियों ने भी कुलपति का महाविद्यालय में स्वागत कर महाविद्यालय से संबंधित कई विषयों पर ध्यान आकृष्ट कराया। आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने कुलपति का ध्यान महाविद्यालय की चाहरदीवारी, महाविद्यालय में पानी की कमी, पुराने बिल्डिंग के जर्जर होने व शिक्षकों और कर्मचारियों की कमी पर आकृष्ट कराया। कुलपति ने सभी विषयों को ध्यान से सुनने के बाद सभी बिंदुओं पर जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को आगे बढ़ाने में सभी की भूमिका होनी चाहिए। पानी की समस्या हर जगह है, इसे लेकर मैंने एक टीम को बुलाने का निर्णय लिया है, जो सभी महाविद्यालय में जांच कर इसकी वैकल्पि व्यस्था की जानकारी देगा। मौके पर कुलपति ने महाविद्यालय में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर बेहतर रूप से सजाने का अश्वासन दिया। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक , कर्मचारी के साथ विभिन्न छात्र संगठन के लोग मौजूद थे।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर हुई समीक्षा बैठक

# प्रदूषण रोकथाम व अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी-सह-जिला पर्यावरण समिति के सदस्य सचिव सत्यम कुमार, नगर आयुक्त जावेद हुसैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वेस्ट मैनेजमेंट प्लान के तहत सॉलिड, प्लास्टिक, बॉयोमेडिकल, ई-वेस्ट, औद्योगिक अपशिष्ट और ध्वनि प्रदूषण प्रबंधन समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन और प्रदूषण की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के लिए चिन्हित भूमि पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। नगर आयुक्त ने बताया कि मंगरदाहा और पोखराहा में जमीन चिन्हित की गई है और इस पर आगे की प्रक्रिया जारी है।

### अवैध खनन पर रोक के लिए निगरानी कमेटी का गठन

उपायुक्त ने अवैध खनन गतिविधियों की रोकथाम के लिए अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय कमेटी गठित करने का निर्देश दिया। इस कमेटी में संबंधित क्षेत्रों के वन क्षेत्र पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी शामिल रहेंगे। कमेटी को हर महीने कम से कम चार दिनों तक औचक निरीक्षण करने और अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई।

### ग्रीन जोन स्थापित करने का निर्णय

वाटर क्वालिटी मैनेजमेंट प्लान के तहत ग्रीन जोन स्थापित करने का निर्णय लिया गया, ताकि मूर्ति एवं पूजन सामग्री को ग्रीन जोन में ही प्रवाहित किया जा सके। तालाब एवं नदियों में गंदे पानी के प्रवाह को रोकने के लिए ठोस योजना बनाने की बात कही गई। साथ ही, एयर क्वालिटी इंडेक्स बोर्ड लगाने और बैटरियों समेत ई-वेस्ट के सुरक्षित निपटान के लिए संग्रहण दिवस निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाने और सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी नवनीत वीआर, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी और नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण माहौल में होली मनाने का निर्णय




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे। बैठक में अफवाह फैलाने वालों व हुड़दंग करने वालों पर पैनी नजर रखने तथा असमाजिक तत्वों से बचने समेत विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा यह सुझाव दिया गया की होली को लेकर क्षेत्र में गश्ती बढ़ाना चाहिए। कोई भी व्यक्ति को बेवजह परेशान नहीं करें। थाना प्रभारी ने कहा कि आपसी सौहार्द के साथ होली मनाना चाहिए। सभी धर्म को साथ लेकर चलने की जरूरत है। होली पर्व के दिन कानून के नियमों को तोड़ने पर कानून के तहत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने शांति समिति में उपस्थित लोगों से अपील की कि गलत अफवाह नहीं फैलाएं और न ही गलत अफवाहों पर ध्यान दें। शांति समिति की बैठक के थाना परिसर में होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया था। जिसमें दोनों समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। साथ ही होली शांति पूर्वक मानने का आग्रह किया गया। बैठक में दुर्गा जौहरी, पंकज जायसवाल, संदीप दास गुप्ता, रामनाथ चंद्रवंशी, विश्वनाथ राम घूरा, जिशान खान, मो. कलाम, इसरार खान सहित अन्य मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं ने विज्ञान व ज्ञान की चमक बिखेरी

- **विज्ञान प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता में दिखा उत्साह, छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजनाआ पलामू द्वारा शिक्षा एवं शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान पलामू के प्रांगण में प्रारंभिक कक्षा के छात्रों के लिए विज्ञान प्रदर्शनी और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन डायट की प्राचार्य अमृता सिंह और एडीपीओ संजय कापरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। निर्णायक मंडल में डायट प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र सिंह, डॉ. राजीव सिंह, अमरेंद्र नारायण और श्यामलाल उरांव शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 200 छात्रों ने भाग लिया।

विज्ञान प्रदर्शनी में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, लेस्लीगंज की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कन्या मध्य विद्यालय, लेस्लीगंज की छात्राएं द्वितीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, हुसैनाबाद की छात्राएं तृतीय स्थान पर रहीं।

क्विज प्रतियोगिता में पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ऊंटारी रोड के अमित कुमार ने प्रथम स्थान, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पांकी की उसुम कुमारी ने द्वितीय और पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ऊंटारी रोड के कौशिक शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का समापन एडीपीओ संजय कापरी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर एपीओ उज्ज्वल मिश्र, बीपीओ और बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# जगुआर की टीम ने बम किया डिफ्यूज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गैंगस्टर अमन साव एनकाउंटर मामले में बरामद जिंदा बम को झारखंड जगुआर के बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट कर नष्ट कर दिया है। पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढा के इलाके में कुख्यात गैंगस्टर अमन साव का एटीएस ने एनकाउंटर कर दिया है। एटीएस के टीम छत्तीसगढ़ के रायपुर से अमन साव को लेकर रांची जा रही थी। इस क्रम में पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में एटीएस के काफिले पर बम से हमला हुआ था। इस हमले में अमन साव को छुड़ाने की कोशिश हुई थी। इसी दौरान एनकाउंटर में अमन साव मारा गया। पुलिस ने मौके से दो जिंदा बम बरामद किया था। जगुआर की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर दोनों बम को विस्फोट कर नष्ट किया।

**एफएसएल जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया :** पलामू में सुबह 9:30 के करीब गैंगस्टर अमन साहू का एनकाउंटर होने के बाद दंडाधिकारी व एफएसएल के टीम मौके पर पहुंची। दंडाधिकारी ने शव का पंचनामा किया, वहीं एफएसएल की टीम ने घटना स्थल से बम व गोली के सैंपल लिए हैं। शाम 5:30 बजे के अमन साव के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया गया। वहां पर डाक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया।

# रिकॉर्ड रूम को समृद्ध करने की पहल, अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश

- **राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि जिले के रिकॉर्ड रूम को समृद्ध किया जाएगा और इसके लिए सक्रिय पहल जरूरी है। अंचल कार्यालयों एवं रिकॉर्ड रूम में रखे गए खतियान का मिलान किया जाएगा। यदि खतियान जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हैं, तो रैयत से अपील कर उनकी सुरक्षित कॉपी लेने का कार्य होगा, जिससे राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा सके। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों को रिकॉर्ड संधारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खतियान की एक प्रति अंचल कार्यालय में रखना अनिवार्य हो, साथ ही अपर समाहर्ता एवं रिकॉर्ड रूम में भी इनका सुरक्षित मिलान सुनिश्चित किया जाए। अंचल अधिकारियों को भूमि बंदोबस्ती का डेटा तैयार करने, पंजियों का संधारण करने और उनकी सटीक जानकारी रखने के निर्देश दिए गए। इस संदर्भ में अपर समाहर्ता को पीपीटी तैयार कर सभी को प्रशिक्षित करने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को जनता के प्रति जवाबदेही के साथ कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही या शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा, सभी अंचल अधिकारियों को अपने क्षेत्र में समन्वय स्थापित कर अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया गया, ताकि सड़क जाम की समस्या से लोगों को राहत मिल सके। उपायुक्त ने आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर विधि व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित विभिन्न अंचलों के अंचल अधिकारी, राजस्व उप निरीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### 76 केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने दी नौंवी बोर्ड की परीक्षा

**मेदिनीनगर।** जैक द्वारा आयोजित वर्ग नौंवी बोर्ड परीक्षा दोनों पालियों में संपन्न हुई। परीक्षार्थियों की सुविधा को देखते हुए ग्रामीण और शहरी विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिसमें जिला मुख्यालय में 10 सहित कुल 76 केंद्र बनाए गए थे। प्रथम पाली में जहां नवम कक्षा के हिंदी ए, बी तथा इंग्लिश विषय की परीक्षा हुई, वहीं दूसरी पाली में साइंस एवं गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई। पहली पाली की परीक्षा 9:45 से लेकर एक बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा दो बजे से 5:15 बजे तक चली। परीक्षा के दौरान पहली पाली में कुल 35752 परीक्षार्थियों के विपरीत 35427 ही उपस्थित हुए जबकि 325 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि दूसरी पाली के साइंस एवं गणित विषय की परीक्षा में 35426 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 326 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग नहीं लिया। इस दौरान सभी परीक्षा कमरों में सीसीटीवी लगाया गया था। पूरे जिला में सभी परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न हुई। दोनों पालियों में जैक द्वारा ओएमआर शीट का प्रयोग किया गया।

### 13 दो पहिया वाहन किया गया जब्त

**मेदिनीनगर।** यातायात प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में सोमवार के दिन में सद्दीक मंजिल चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस क्रम में 13 दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस एवं कुछ ट्रिपल लोड दो पहिया वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। सभी वाहन को जब्त करते हुए शहर थाना परिसर में लगा दिया गया है। पकड़े गये सभी बाइक का चालान काटते हुए जिला परिवहन कार्यालय भेज दिया गया है। नो एंट्री में घुसे तीन ट्रक का ऑनलाइन चालान भी काटा गया है। 10 मार्च को जिला परिवहन कार्यालय से 08 दोपहिया वाहन का चालान 5750 रुपये काटा गया।

### रूट परिवर्तन के कारण नौ घंटे विलंब से आई संतरागाछी एक्सप्रेस

**मेदिनीनगर।** जबलपुर सेक्शन में नान इंटरलाकिंग का कार्य होने के कारण रूट परिवर्तन होने से अजमेर से आने वाली संतरागाछी साप्ताहिक एक्सप्रेस मंगलवार को नौ घंटे विलंब से डालटनगंज पहुंची। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अजमेर-कोलकाता साप्ताहिक संतरागाछी एक्सप्रेस कटनी, सिंगरौली, चोपन के रास्ते वाया डालटनगंज जाती है। किंतु रेलवे अधिकारियों के अनुसार जबलपुर सेक्शन में एनआई का कार्य होने के कारण मंगलवार को उक्त ट्रेन का परिचालन प्रयागराज, पीडीडीयू नगर के रास्ते किया गया। इससे ट्रेन मंगलवार को निर्धारित समय भोर में 2.46 की जगह दिन में 11.53 बजे डालटनगंज पहुंची। इससे यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। इसी क्रम में जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस भी साढ़े तीन घंटे विलंब से दोपहर में 1.23 बजे डालटनगंज पहुंची। होली पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किए जाने के कारण ट्रैक जाम रहने से संबलपुर एक्सप्रेस भी तीन घंटे से अधिक विलंब से सुबह 5.32 बजे आई। ट्रेनों के विलंब से चलने के कारण होली पर घर वापस लौट रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सिगसिगी-ऊंटारी थर्ड रेल लाईन का सीआरएस 13 को

**मेदिनीनगर।** पीडीडीयू नगर डिवीजन अंतर्गत स्थित सिगसिगी-पीडीडीयू नगर थर्ड लाईन का रेल सेफ्टी कमीशनिंग 13 मार्च को किया जाएगा। इसके बाद इस लाईन से पैसेंजर ट्रेनों का भी परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। कोयला, बाक्साईट सहित अन्य खनिज उत्पादों के परिवहन के लिए विख्यात पलामू प्रमंडल स्थित रेल खंड पर रेल परिचालन की गति को बढ़ाने के उद्देश्य से तीसरी रेल लाईन का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। चियांकी से सिगसिगी तक थर्ड लाईन पर ट्रेनों का परिचालन शुरू हो गया है। जबकि सिगसिगी से ऊंटारी के मध्य रेल बिछाने के साथ विद्युतीकरण का काम भी पूरा कर लिया गया है। डालटनगंज के टीआई एके तिवारी ने बताया कि 13 मार्च को सेफ्टी कमीशनिंग का कार्य पूर्ण होने के बाद यहां भी ट्रेनों की आवाजाही की जा सकेगी।

### एनकांउटर स्पेशलिस्ट प्रमोद के हाथों ढेर हुआ अमन साव

**मेदिनीनगर।** झारखंड के चर्चित एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रमोद कुमार सिंह की टीम के हाथों गैंगस्टर अमन साहू मारा गया। प्रमोद कुमार सिंह फिलहाल झारखंड एटीएस में इंस्पेक्टर हैं। प्रमोद कुमार पर ही कुख्यात गैंगस्टर अमन साव को छत्तीसगढ़ के रायपुर से रांची लाने की जिम्मेदारी थी। प्रमोद कुमार सिंह अमन साव को तीन वाहनों के काफिला से रायपुर से रांची के लिए रवाना हुए थे। इस बीच पलामू में एटीएस की टीम पर हमला हुआ और अमन साव को छुड़ाने की कोशिश की गई। इस हमले में एटीएस की जवाबी कार्रवाई में अमन साव मारा गया। एटीएस के एक हवलदार राकेश कुमार जख्मी हो गए हैं। बता दें कि प्रमोद कुमार सिंह झारखंड में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में जाने जाते हैं। प्रमोद कुमार सिंह पलामू, धनबाद, रांची सहित कई इलाकों में अपराध व नक्सल के खिलाफ एनकाउंटर में शामिल रहे हैं। प्रमोद कुमार पहले भी पलामू में तैनात रहे हैं। प्रमोद कुमार सिंह 1994 बैच के सब इंस्पेक्टर रहे हैं और पलामू के चैनपुर में थाना प्रभारी भी रहे हैं। प्रमोशन होने के बाद प्रमोद कुमार सिंह फिलहाल एटीएस में इंस्पेक्टर हैं। थाना प्रभारी रहते हुए भी उन्होंने लूट के खिलाफ एनकाउंटर किया था। इस दौरान कई लुटेरे भी मारे गए थे। जिस जगह पर अमन साहू का एनकाउंटर हुआ है वहां पहले भी एनकाउंटर में डकैत मारा गया है। पलामू में तैनाती के दौरान प्रमोद सिंह ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए काफी सुर्खियां बटोरी थी। प्रमोद कुमार सिंह 2004 में लातेहार के बरवाडीह के मंडल के इलाके में एक नक्सली को एनकाउंटर में मारा था। नक्सली का एनकाउंटर करने के बाद अपने बुलेट से ही शव को लेकर थाना पहुंचे थे।

# चैनपुर सूर्य मंदिर पार्क छठ पर्व के लिए होगा सुविधाजनक

- **पूर्व महापौर ने दी सौगात, घाट और सुविधाओं का होगा विस्तार**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर का सबसे बड़ा चैनपुर सूर्य मंदिर पार्क छठ पर्व के लिए और भी सुविधाजनक बनाया जाएगा। इसको लेकर मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने स्थानीय समाजसेवियों काशी प्रसाद, अशोक दास, राकेश सोनी, प्रदीप कुमार, दिनेश कामरापुरी, उमेश जी, पप्पू जी, धीरज कमलापुरी सहित कई गणमान्य लोगों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। सभी ने इस पार्क और तालाब की छठ पर्व से जुड़ी महत्ता को ध्यान में रखते हुए इसके विकास की आवश्यकता जताई।

### छठ घाट का होगा विस्तार, बनेगा आधुनिक शौचालय

महापौर ने निगम के एसडीओ, संवेदकों और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सामूहिक राय बनाई और कहा कि सूर्य मंदिर तालाब का छठ व्रतियों के लिए विशेष महत्व है, इसलिए इसके चारों ओर घाट का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही, यहां आधुनिक शौचालय और स्नानगृह भी बनाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं और टहलने आने वाले लोगों को सुविधा हो। निगम के पदाधिकारियों ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई।

### छोटे कार्यक्रमों के लिए बनेगा सभा स्थल

पहले से निर्मित स्टेज के सामने पेवर ब्लॉक लगाकर एक छोटा सभा स्थल बनाया जाएगा, जहां छोटे-मोटे कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें। निगम ने इस पर भी सहमति जताई।

### निशुल्क देखरेख की जिम्मेदारी महापौर की टीम लेगी

महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि शहर के अन्य चौक-चौराहों और पार्कों की तरह इस पार्क की देखरेख भी उनकी टीम और उनके खर्चे से होगी। उन्होंने बताया कि नगर आयुक्त स्वयं इसकी गुणवत्ता और निगरानी पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पार्क छठ व्रतियों, बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं के लिए गांधी उद्यान की तरह वरदान साबित होगा।

### होली पर हर्बल गुलाल के प्रयोग की अपील

महापौर ने होली की शुभकामनाएं देते हुए नगर निगम की बहनों द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल के उपयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि यह त्वचा के लिए सुरक्षित और लाभदायक है, इसलिए लोग इसे अपनाएं।

# ओवर ब्रिज पर निकले दर्जनों गड्ढे, नहीं हो रही मरम्मत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेड़मा से कचहरी चौक के बीच स्थित ओवर ब्रिज के ऊपर दर्जनों छोटे-बड़े गड्ढे लगातार हादसे को निमंत्रण दे रहे हैं। गड्ढे से लोहे के रोड निकल कर बाहर दिखाई देने लगे हैं, इनमें से कई गड्ढे ऐसे हैं, जो ओवरब्रिज के बीचो-बीच बने हैं। इसे गुजरने वाले छोटे बड़े वाहनों को किनारे से अपना वाहन निकालना पड़ता है। बताते चले की शहर के बीच स्थित इस रेलवे ओवर ब्रिज से होकर रोजाना सैकड़ो हजारों छोटी बड़ी गाड़ियों का आवागमन होता है। साथ ही रात नौ बजे के बाद बड़े माल वाहक वाहन भी इस ओवर ब्रिज से होकर गुजरते हैं। जिस कारण पूर्व में मरम्मत होने के बाद भी हमेशा इस ओवरब्रिज में बड़े-बड़े गड्ढे निकल आते हैं। ओवरब्रिज से गुजरने वाले लोगों का कहना है कि गड्ढे से ओवर ब्रिज से खतरा पैदा हो गया है। अगर इसकी जल्द मरम्मत नहीं की गई तो, यह कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। ज्ञात होगी इस ओवर ब्रिज से रोजाना दर्जनों पदाधिकारी होकर गुजरते हैं परंतु इस और किसी का ध्यान नहीं है। पूर्व में राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में दिन के उजाले में भारी यात्री वाहन एवं मालवाहक वाहन के गुजरने से संबंधित खबर प्रकाशित की गई थी, हालांकि प्रशासन द्वारा इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इस बाबत जानकारी लेने पर पथ निर्माण विभाग के जेई शुभम उपाध्याय ने बताया कि जल्द ही विभाग द्वारा ओवर ब्रिज पर बने गड्ढे की मरम्मत की करा दी जाएगी।

## एक नजर

### आवास के लिए महिला लगा रही प्रखंड कार्यालय का चक्कर

**मेराल।** लातदाग गांव के ठेकहा टोला के विधवा महिला 1वर्ष से अबुआ के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही है, लेकिन पूरे प्रखंड के संबंधित विभाग के लोग उसका सुधि लेने को तैयार नहीं है। ठेकहा टोला निवासी रंभा कुंवर पति स्वर्गीय सुनील राम ने बताया कि अबुआ आवास के लिए एक वर्ष से बीडीओ, आवास कोऑर्डिनेटर, पंचायत सचिव, मुखिया के पास जाकर चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अभी तक अबुआ आवास के लिए आश्वासन ही दिया जाता रहा है। जबकि वरीयता सूची में एससी कैटिगरी के सीरियल नंबर 23 पर मेरा नाम अंकित है। जबकि हमसे ऊपर वाले सीरियल नंबर के लोगों को आवास का लाभ दिया गया है। इस संबंध में बीडीओ सतीश भगत ने बताया कि वह विधवा महिला मेरे पास आई थी। उसे आवास देने का प्रखंड प्रशासन ने अश्वासन दिया है।

### मेराल के दो पंचायत टीवी मुक्त, सीएस ने किया सम्मानित

**मेराल।** प्रखंड के 20 पंचायतयों में से केवल दो पंचायत हासनदाग और बिकताम टीवी मुक्त घोषित किए गए हैं। इस उपलब्धि पर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गढ़वा सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार और बीडीओ सतीश भगत ने दोनों पंचायत की मुखिया फुलमंती देवी और सुरेश पासवान को प्रशस्ति पत्र और महात्मा गांधी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। यह सम्मान राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से भेजा गया था। सम्मान प्राप्त करने पर मुखिया फुलमंती देवी ने हर्ष व्यक्त किया और पंचायत को हर क्षेत्र में बेहतर बनाने का संकल्प लेते हुए ग्रामीणों का आभार जताया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, सहायक हुमायूं कबीर, दीपेश तिवारी, पिंटू कुमार, मुखिया प्रति हरेंद्र चौधरी, राजेंद्र चौधरी, रविंद्र गुप्ता, दिलजान अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### मुंशी ने नवजात शिशु को दूध पीने के लिए आर्थिक मदद की

**धुरकी।** थाना के मुंशी ने नौजात शिशु को दूध पीने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की है। इसकी सराहना धुरकी क्षेत्र में हो रही है। बता दें कि धुरकी थाना क्षेत्र के गनियारी कला और फाठ पानी गांव में सुखमणि देवी पति बैजनाथ भैया की मौत सांप काटने से एक माह पूर्व हो गई थी। उसके 9 बच्चे हैं। गरीबी का आलम है कि बैजनाथ भैया अपने बच्चों का भरण पोषण सही ढंग से नहीं कर पता है। वह दैनिक मजदूरी कर जीवन यापन करता है। धुरकी थाना के मुंशी संजय पाठक ने कहा कि मैं जहां भी रहूंगा बच्चों के दूध पीने के लिए दूध की कीमत का भुगतान करता रहूंगा।

# तीन आरोपी गिरफ्तार, एक पिस्टल व चार जिंदा गोली बरामद

## सिगरेट मांगने के विवाद में गोली चलाने की घटना का उद्भेन




नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के सुंडीपुर गांव में सिगरेट मांगने को लेकर महिला दुकानदार (55) लालो देवी पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से एक पिस्टल व चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में सभी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। उसके बाद सभी को जेल भेज दिया गया। समाहरणालय स्थित सभागार में प्रेसवार्ता कर एसपी दीपक कुमार पांडेय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम पांच बजे संदीप कुमार चंद्रवंशी और अमन विश्वकर्मा सुंडीपुर गांव निवासी रामदास चौधरी के दुकान पर पहुंचे। दुकान पर उस समय रामदास की पत्नी लालो देवी थी। दोनों दुकान पर सिगरेट पीने गए थे। वहीं सिगरेट के पैसे को लेकर लालो और उनके बीच विवाद हुआ था। उसके बाद लालो के पति और हंगामा सुनकर एकत्रित हुए लोगों ने दोनों को वहां से भगा दिया। कुछ देर बाद संदीप, अमन और मंटू फिर से दुकान पर पहुंचे। वहां उन्होंने लालो पर फायरिंग कर दी। उसमें वह बाल-बाल बच गई। गोली उसके दीवार पर जा लगी। उसी दौरान लालो की बेटी रंजू देवी का मोबाइल भी अपराधियों ले लूट लिया। उक्त मामले में लालो ने कांडी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। उसके आलोक मेंअनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि अमन और संदीप का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। उक्त दोनों पहले भी हत्या, लूट और बलात्कार के अलग-अलग मामले में जेल जा चुके हैं। गिरफ्तार आरोपी मंटू और अमन पलामू जिला अंतर्गत हैदरनगर थाना के कोरियाडीह गांव के रहने वाले हैं। संदीप कुमार हैदरनगर थानांतर्गत पंसा गांव का रहने वाला है। प्रेसवार्ता में पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज, पुलिस अवर निरीक्षक विद्या सागर प्रसाद सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### नशे में धुत पुलिस कर्मी ने यात्री को मारी टक्कर, घालय

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय के सामने सोमवार की रात केतार थाना में पदस्थापित मुंशी अमरेंद्र कुमार ने नशे की हालत मेंअपनी बाइक से एक पैदल यात्री को टक्कर मार दी। इस घटना में पैदल यात्री सुनील चंद्रवंशी गंभीर रूप से घायल हो गया। मुंशी को भी हल्की चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस कर्मी अमरेंद्र कुमार शराब के नशे में बाइक चला रहे थे। अनियंत्रित होकर बुका निवासी सुनील चंद्रवंशी को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के बाद पुलिस कर्मी को तो अस्पताल में उचित इलाज मिल गया, लेकिन आर्थिक तंगी से जूझ रहे सुनील चंद्रवंशी गढ़वा नहीं जा सके। परिजनों ने बताया कि उनके पास इतने पैसे नहीं थे कि वह उन्हें बड़े अस्पताल में इलाज के लिए ले जा सकें। उन्होंने स्थानीय पुलिस और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई, लेकिन किसी ने उनकी मदद नहीं की।

## न्यूज बॉक्स

### 350 किलों जावा महुआ किया नष्ट

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरपूरवा,गहेड़ी व खरसोता गांव के लगभग डेढ़ दर्जन घरों में सोमवार की शाम अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी की गई। छापेमारी में 350 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया। साथ ही अवैध महुआ शराब की बिक्री में शामिल लोगों को चेतावनी देखकर छोड़ गया। मंगलवार को बाजार क्षेत्र में पटाखा को लेकर विभिन्न दुकानों में छापेमारी की गई, जिसमें सभी को चेतावनी दिया गया कि बिना लाइसेंस पटाखा बिक्री नहीं करना है, अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, एसआई संजय मुंडा,नसीम अंसारी, एएसआई विद्याधर मछुआ व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### श्रीबंशीधर महोत्सव को सफल बनाने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**श्री बंशीधर नगर।** राजकीय बंशीधर महोत्सव को लेकर डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक पांडेय ने पदाधिकारियों के साथ अनुमंडल कार्यालय में बैठक की। महोत्सव को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान नगर पंचायत, बिजली विभाग, भवन विभाग, पीएचडी सहित कई विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। हेलीपैड से मंदिर और मंदिर से आयोजन स्थल तक सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की सलाह दी। बैठक में सुरक्षा को लेकर शहर में जगह जगह सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही गई। साथ ही बाहर से आने वाले सुरक्षा बलों के जवानों के रहने और खाने की व्यवस्था करने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान डीसी और एसपी ने रूट चार्ट बनाने का निर्देश दिया। पार्किंग स्थलों की पहचान कर सूची उपलब्ध कराने की बात कही। मंदिर की रंग रोगन की भी समीक्षा किया गया। आयोजन स्थल पर पर्याप्त संख्या में ग्रीन टॉयलेट की व्यवस्था करने का निर्देश नगर पंचायत को दिया गया। महोत्सव के दौरान निर्बाध बिजली के लिए बिजली विभाग को निर्देशित किया गया।

### लाभुकों ने वर्तमान सरकार को सराहा, विधवा व बुजुर्ग महिलाओं ने जताई नाराजगी

**केतार।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों ने होली पर्व के अवसर पर सरकार से मिले 7500 रुपए उपहार पर वर्तमान झारखंड सरकार की प्रशंसा की है। लेकिन विधवा और बुजुर्ग महिलाओं ने इस पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यह सरकार की कैसी महिला सशक्तिकरण है जहां विधवाओं को होली का उपहार में एक हजार रुपये दिए जाते हैं तो वहीं परिवार से परिपूर्ण महिलाओं को 7500 रुपए मिलता है। विधवा महिलाओं ने सरकार से अपील की है कि वे उनकी स्थिति को समझें और उन्हें समान रूप से लाभ प्रदान करें। उन्होंने कहा कि विधवा के साथ सरकार अन्याय कर रही है। उन्हें कम पैसे दिए जा रहे हैं जबकि उनका कोई सहारा नहीं है। इसके अलावा मईयां सम्मान योजना के कई लाभुकों ने भी नाराजगी जताई है कि उनके खाते में इस बार पैसा नहीं आया है। जिससे उनकी होली फीकी पड़ जाएगी। मईयां योजना के लाभ से वंचित महिलाओं ने कहा है कि सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए। सभी महिलाओं को एक साथ पैसे देनी चाहिए। ज्ञात हो कि महिला सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से प्रखंड कि महिलाएं प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट रही है।

### फिरोज अंसारी बने राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष

**मेराल।** प्रखंड के दुलदुलवा गांव निवासी फिरोज अंसारी को राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का गढ़वा जिला अध्यक्ष बनाया गया है। मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना ओझा पूर्व जस्टिस एसएन पाठक डीआईजी नौशाद आलम सीआईडी संध्या रानी मेहता केंद्रीय महासचिव सत्येंद्र यादव ने संयुक्त रूप से फिरोज अंसारी के नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर फिरोज अंसारी ने संगठन के सभी पदाधिकारीयों को आभार व्यक्त किया और कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के द्वारा जो जिम्मेवारियां मुझे दी गई है, उसे मैं पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ पूरा करूंगा। भारतीय कानून के दायरे में रहकर समाज के हर तबके के लिए काम करूंगा और संगठन के माध्यम से दबे कुचले लोगों को सहयोग करने का प्रयास करूंगा। बेहतर समाज के लिए शहर से गांव तक लोगों को अभियान चलाकर जागरूक किया जाएगा।

## अनुज्ञप्ति के बिना पटाखा बिक्री व भंडारण के विरुद्ध होगी कारवाई

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** जिले के गोदरमाना में पटाखा की दुकान में अचानक लगी आग से शटर गिरा कर अंदर छुपे पांच लोगों के दम घुटने से मौत के बाद जिला प्रशासन पटाखा की खरीद-बिक्री व भंडारण पर गंभीर है। जिला से प्राप्त निर्देश के बाद सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय व थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बाजार के दुकानदारों व गली मुहल्ला के दुकानों में जाकर पटाखा बेचने की जानकारी लिया। इस दौरान सीओ विकास पांडेय व थाना प्रभारी आकाश कुमार ने दुकानदारों को कहा कि जिला प्रशासन ने निर्देश दिया है कि अनुज्ञप्ति के बिना पटाखा का निर्माण, भंडारण व खरीद-बिक्री पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। यदि किसी व्यक्ति द्वारा बिना वैध अनुज्ञप्ति के पटाखा का बिक्री अथवा संग्रहण किया जाता है, तो उसके विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम 1884 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908, विस्फोटक नियम 2008 की धाराओं के अंतर्गत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## मंईया सम्मान योजना के पैसों को लेकर आपस में झंझट, महिला ने आत्महत्या की



नवीन मेल संवाददाता

**रंका।** रंका थाना क्षेत्र के मानपुर पंचायत की एक महिला का शव लिदिकंडा में बांस के झाड़ियों में मिला। शव कि पहचान इस्लामुद्दीन अंसारी कि पतोहू सकीना बीबी (30) के रूप में हुई। मुखिया हसीम अंसारी ने बताया कि महिला 10 मार्च को मंईयां सम्मान योजना का पैसा बैंक से निकासी की थी। महिला के घर वाले महिला से पैसा की मांग कर रहे थे। इस पैसे के मांग से महिला और उसके घर वाले के बीच तू-तू मैं-मैं हुआ था। महिला रात्रि में ही घर से कहीं चली गई थी। महिला के परिजनों ने रात्रि में काफी खोजबीन किया, परंतु उसका कुछ पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह महिला का शव को बांस के झाड़ियों के पास देखा गया। उसके गले में रस्सी लगी हुई थी। इसकी सूचना ग्रामीणों ने मानपुर पंचायत के मुखिया हाशिम अंसारी और रंका थाना को दी। रंका थाना से पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। पुलिस महिला की मौत मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अवैध पटाखा बेचने वालों पर पुलिस ने लिया एक्शन, दुकानों में की गई छापेमारी



नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य बाजार में गढ़वा पुलिस निरीक्षक के निर्देश पर मझिआंव पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध रूप से पटाखे बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। इस अभियान में विभिन्न दुकानों में छापेमारी की गई। पुलिस का कहना है कि यह अभियान सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अवैध पटाखों का बिक्री करने से कई तरह के खतरों का सामना करना पड़ सकता है। इसके तहत आग लगना या दुर्घटनाएं होना शामिल है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पटाखों की अवैध बिक्री को रोकना और जन सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। इसके अलावा, दुकानदारों को चेतावनी भी दी गई है कि वह किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल न हों। छापेमारी के दौरान एसआई नसीम अंसारी, संजय मुंडा व कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

### महिला समूह ने हर्बल अबीर-गुलाल केंद्र खोला

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार के पास जेएसएलपीएस द्वारा महिला समूह के द्वारा निर्मित हर्बल प्राकृतिक अबीर रंग की बिक्री की जा रही है। इसकी जानकारी देते हुए जेएसएलपीएस के बीपीएम मोनिका डोडराय नें बताया कि यह अबीर रंग पूरी तरह से प्राकृतिक है, जिसमें पालक, चुकंदर, प्लास, गुलाब की पंखुरी और अन्य हर्बल सामग्री का उपयोग किया गया है। यह रंग न केवल पर्यावरण के लिए सुरक्षित है, बल्कि उपयोग करने पर शरीर पर किसी भी प्रकार का असर नहीं डालता है और चमड़े पर भी कोई रिएक्शन या हानि नहीं होती। होली का पर्व रंगों का होता है, और आज कल रासायनिक रंगों का प्रयोग बहुत बढ़ चुका है, जो त्वचा और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। इन रासायनिक रंगों से एलर्जी, त्वचा रोग, बालों का झड़ना और चेहरे पर दाग-धब्बे जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इस प्राकृतिक अबीर रंग का प्रयोग करने से आप न केवल सुरक्षित रहेंगे, बल्कि आपको होली खेलते वक्त किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जेएसएलपीएस के महिला समूह द्वारा निर्मित ये रंग पूरी तरह से सुरक्षित हैं और इन्हें खरीदने के लिए प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार के पास स्थित दुकान से प्राप्त किया जा सकता है। मौके पर जेएसएलपीएस के कंचन देवी, चेतनाथ उपस्थित थे।

## निरीक्षण / डीसी व एसपी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

# श्रीबंधीधर महोत्सव का उद्घाटन 19 को मुख्यमंत्री करेंगे



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** राजकीय बंशीधर महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी शुरू हो गई है। बंशीधर महोत्सव का आयोजन 19 व 20 मार्च को होना है। तैयारियों का जायजा लेने डीसी शेखर जमुआर,एसपी दीपक पांडेय सहित जिले के कई आला अधिकारी श्री बंशीधर नगर पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्य समारोह स्थल गोसाईंबाग मैदान, बंशीधर मंदिर और अनुमंडल मैदान स्थित हेलीपैड का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने तैयारियों का जायजा लेते हुए कई निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद डीसी ने बताया कि राजकीय महोत्सव को लेकर तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है। महोत्सव को भव्य बनाने के लिए एक-एक बिंदु पर चर्चा कर अंतिम रूप दिया जा रहा है। महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 19 मार्च को दिन 12 बजे करेंगे। उद्घाटन के पूर्व मंदिर जाकर पूजन अर्चन भी मुख्यमंत्री करेंगे। कार्यक्रम में बॉलीवुड, भोजपुरी के अलावा कई स्थानीय कलाकार कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा, ट्रैफिक, पार्किंग, मंदिर और शहर की सजावट सहित अन्य विषयों पर कई निर्देश दिए गए हैं। लोगों को बैठने के लिए 10 हजार कुर्सियों की व्यवस्था की जाएगी। एसपी दीपक पांडेय ने कहा महोत्सव के दौरान सुरक्षा को लेकर विशेष तैयारी रहेगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात किए जाएंगे। ट्रैफिक को लेकर भी कई निर्णय लिए जायेगे। निमार्णाधीन बाई पास रोड के जरिए बड़े वाहनों का परिचालन महोत्सव के दौरान हो, इसके लिए भी काम किया जा रहा है। शहर में कई जगह बैरिकेटिंग किया जाएगा। शहर में कई जगह पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, डीटीओ धीरज कुमार, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, सीओ विकाश सिंह,बीडीओ रौशन कुमार,थाना प्रभारी आदित्य नायक सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### भाजपा ने अटल बिहारी बाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह मनाया

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत हरिहरपुर ओपी क्षेत्र में भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बिनोद बिहारी द्विवेदी ने की। कार्यक्रम में अटल जी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। इस आयोजन के माध्यम से पार्टी ने अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अगली कड़ी में भाजपा चुनाव संगठन महापर्व के तहत मंडल के चुनाव प्रभारी रामकृपाल द्विवेदी की देखरेख में नए मंडल अध्यक्ष के लिए तीन नामों का चयन किया गया। उनमें सर्वसम्मति से जिला चुनाव अधिकारी के पास भेजा गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निर्मल विश्वकर्मा (चुनाव सह अधिकारी), रामलला दुबे, दिलीप सिंह, राहुल मेहता, दामोदर मेहता, संतोष सिंह, सुशील सिंह, मुकेश चौबे, हरिनंदन दुबे सहित सभी बूथ अध्यक्ष व सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का प्रारंभ जिला अध्यक्ष शांति देवी, अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जेएमएम युवा नेता रोहित वर्मा ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। मौके पर जिला अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि इस मेला आयोजन का उद्देश्य है, किसानों को सम्मानित करना। उनके द्वारा उन्नत कृषि तकनीक को अपना कर फसल की अच्छी उत्पादन करते है। साथ ही क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत करते हैं। साथ ही इस कार्य में अर्ध रोजगार भी लोगों को मिलता है। कृषि की उन्नत विधि अपना कर किसान अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते है। सीओ विकास पांडेय ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान है। कृषि लोगों का जीवन यापन का मुख्य श्रोत है। आज भी लोग प्राचीन कृषि विधि से ही खेती करते है, जिससे लाभ नहीं होता है। मौसम पर निर्भर होने से मौसम अनुकूल रहा तो कृषि उपज ठीक होती है, लेकिन समय के साथ अब किसानों को आधुनिक कृषि विधि अपना कर सिंचाई करना चाहिए। इसके लिए सरकार द्वारा भी कृषि संबंधित योजनाए चलायी जा रही है। इसका लाभ किसान ले सकते हैं। बीटीएम रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी में प्रखंड के सैकड़ों किसानों ने स्टॉल लगाकर उपजायें गये अपनी फसल का प्रदर्शन किया। जिसमे बेहतर फसल के आधार पर चुने गये 150 किसानों को खुरपी और हंसुआ देकर सम्मानित किया गया। मौके प्रधान सहायक रमानुज शुक्ल, सभी प्रखंड कर्मी, प्रमुख पति अजीत कुमार, मुखिया पति विरंची पासवान, बुल्का मुखिया अनीता देवी, उप प्रमुख खादीजा बीबी सहित काफी संख्या


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-TENDER NOTICE**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 552/PR/JUSNL/ 2024-25 | Estimate for Repair & maintenance, Painting (inside and outside area), Sanitary work and Other Misc. work of E Type Quarter (Two Blocks) at colony campus of Transmission Zone-IV, Medininagar | 04 Months | 5900/- | 33,200/- | 16,55,117.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | 11.03.2025 at 12:00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 11.03.2025 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 01.04.2025 Up to 04:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 02.04.2025 at 04:30 PM |
| BID Opening date for Price Part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-IV Medininagar

PR 348360 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती वर्श 2025–26 (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक 25.03.2025 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। जिस सैरात की डाक उक्त तिथि को नहीं होगी वह डाक दिनांक 27.03.2025 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। डाक से संबंधित सभी कागजात दिनांक 24.03.2025 को कार्यालय में राजस्व शाखा में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | वर्ष 2025–26 के लिए सरकारी डाक राशि | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 5%) | रूट |
|---|---|---|---|---|
| **A.** सब्जी बाजार सैरात | | | | |
| 1 | मुख्य सब्जी बाजार क्षेत्र (मुख्य सब्जी बाजार, सदीक मंजिल चौक, गल्ला बाजार) | 4984100 | 249205 | कन्नी राम चौक भाया हॉस्पीटल चौक भाया जेलहाता भाया कचहरी भाया कॉपरेटिभ मोट भाया के0जी0 स्कूल रोड़ भाया संदीक मंजिल चौक, भाया गिरिवर स्कूल भाया शिवाला रोड़, भाया कन्नी राम चौक तक |
| 2 | सब्जी बाजार पाँकी रोड़ रेड़मा, एवं सब्जी बाजार जी0एल0ए0 कॉलेज गेट के निकट। | 770700 | 38535 | दुर्गा पेट्रोल पम्प भाया राँची रोड़, रेड़मा। एवं रेड़मा चौक भाया जांनकी मंदिर भाया जी0एल0ए0 कॉलेज गेट तक। |
| 3 | सब्जी बाजार, स्टेशन/गाँधी मैदान रोड़ | 795110 | 39755 | बिरसा मुण्डा चौक से बेलवाटीकर चौक सम्पुर्ण सब्जी मार्केट। |
| 4 | सब्जी बाजार, चैनपुर | 503700 | 25185 | चैनपुर सम्पूर्ण सब्जी बाजार। |
| 5 | बकरी बाजार | 500000 | 25000 | गिरिवर स्कूल के निकट एवं सम्पूर्ण शहर में मांस– मछली दुकान से वसुली। |
| 6 | सब्जी बाजार, बैरिया | 200000 | 10000 | बैरिया सब्जी बाजार। |
| **B.** वाहन पार्किंग सैरात | | | | |
| 7 | हॉस्पिटल चौक के समीप आई0एम0ए0 हॉल के सामने एवं ( छोटी गाड़ियों के लिए ) – गीता भवन से थाना तक। | 764175 | 38208 | छःमुहान चौक भाया थाना भाया अम्बेदकर पार्क भाया गीता भवन भाया आई0एम0 ए0 हॉल भाया हॉस्पीटल चौक क्षेत्र तक। |
| 8 | वाहन स्टैण्ड (टैक्सी/टैम्पु/मीनी बस स्टैण्ड इत्यादि) – संदीक मंजिल चौक, कोयल पुल के निकट (संदिक मंजिल चौक से कॉपरेटीभ चौक, नामधारी गुरूद्वारा चौक, तीनकोनिया मोड़ एवं पलामू क्लब रोड़ तक) | 800000 | 40000 | सदीक मंजिल चौक से कोयल ब्रिज तक, सदीक मंजिल चौक से कॉपरेटिभ चौक तक तथा सदीक मंजिल चौक भाया नामधारी गुरूद्वारा भाया होटल निरवाना चौक तक। |
| 9 | छःमुहान से सेवा सदन तक | 250000 | 12500 | छःमुहान चौक भाया जिला स्कूल छाया महिन्द्रा आक्रेट भाया पोस्ट ऑफिस भाया सेवा सदन एवं पोस्ट ऑफस चौक भाया तीनकोणिया चौक भाया साईबर क्राईम कार्यालय तक। |
| 10 | स्टैण्ड रिहर्सल मोड़ रतन लाल पेट्रोल पम्प के सामने। | 327175 | 16358 | टैक्सी स्टेण्ड क्षेत्र। |
| 11 | रेड़मा चौक से जी0एल0ए0 कॉलेज रजवाडीह टैम्पु स्टेण्ड तक एवं बैरिया टेम्पु स्टेण्ड। | 1000000 | 50000 | रेड़मा चौक भाया रांची रोड़ भाया चियांकी। रेड़मा चौक भाया बाईपास रोड़ भाया बैरिया चौक। बैरिया चौक भाया बिसफुटा चौक क्षेत्र एरिया। रेड़मा चौक भाया रजवाडीह टेम्पु स्टेण्ड। |
| 12 | चैनपुर स्टेण्ड | 193200 | 9660 | चैनपुर टेम्पु स्टेण्ड |
| 13 | गांधी मैदान पार्किंग | 500000 | 50000 | गांधी मैदान गेट के सामने तथा नगर निगम दुकान के सामने का क्षेत्र। |
| 14 | सरकारी बस स्टेण्ड एवं कचहरी कैम्पस पार्किंग | 1000000 | 50000 | सरकारी बस स्टेण्ड एवं कचहरी कैम्पस पार्किंग |
| | कुल राशि | 12588160 | 654406 | |

नोट :– न्यूनतम सुरक्षित राशि पूर्व की बन्दोवस्ती राशि में 15% की वृद्धि के पश्चात् निर्धारित की गयी है। डाक की नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 348337 District(24-25)D

# दो नाबालिगों ने मिलकर की थी युवती की हत्या

**प्रेम प्रसंग को लेकर घटना को दिया गया था अंजाम**

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** पुलिस ने सोहरपाठ के छाता पत्थर कटहल टोली के जंगल से सड़े गले व कंकाल की अवस्था में बरामद नाबालिग अनुपमा सारस हत्याकांड का खुलासा 24 घंटे के अंदर कर लिया है। इस लोमहर्षक हत्याकांड में उसके ही दो नाबालिग सहेलियों ने आंजाम दिया था। बता दें कि नेतरहाट थाना अंतर्गत सोहरपाठ के चन्द्रशेखर मुंडा ने नेतरहाट थाने में आवेदन देकर अपनी भतीजी अनुपम सारस अज्ञात द्वारा अपहरण कर दिये जाने को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आवेदन में बताया गया कि अनुपम सारस पिता दीपक मुंडा 26 फरवरी को सुबह सात बजे अपनी मां मालती देवी एंव छोटी बहन अनिशा सारस को यह बोले कर घर से निकली थी की गांव के दो सहेली के बुलाने पर टांगीनाथ धाम मेला देखने जा रहे कह घर से निकल गई। काफी देर होने के बाद परिजनों ने खोजबीन की। नहीं मिलने पर थाने में आवेदन दर्ज कराई। 13 दिन बाद नेतरहाट पुलिस ने रविवार को सोहरपाठ के छाता पत्थर कटहल टोली के जंगल से सड़े गले व ककांल की अवस्था शव पाया था। उसकी पहचान परिजनों ने अनुपम सारस के रूप में की।

## पुलिस ने हत्याकांड का किया खुलासा

नेतरहाट पुलिस ने हत्याकांड के खुलासे को लेकर सूचना के आधार पर अनुपम सारस के हत्यारे की खोजबीन कार्रवाई के क्रम अनुसंधान के दौरान मोबाईल सीडीआर जांच के आधार पर संदिग्धों की जांच कर पूछताछ शुरू की। जिसमें गांव के ही दो नाबालिग युवती ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए इनकी निशानदेही पर मृतिका का मोबाईल, शॉल व जिस पत्थर से मृतिका को गंभीर चोट पंहुचाते हुए हत्या की थी, घटना स्थल से बरामद की। ग्रामीणों ने बताया की प्रेम प्रसंग के कारण हत्या हुई थी। इस हत्याकांड के खुलासे में नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, पुअनी कमाता कुमार, महुआडांड़ महिला थाना प्रभारी सुशीला केसरी व पुलस जवान शामिल थे।

# मजदूरी करने जा रहे युवक पर भालू ने किया हमला

**15 मिनट तक दो भालू से लड़कर बचाई जान**



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत मंगलवार को गड़बुढ़नी पंचायत के करकट निवासी छत्र पति मुंडा पिता सुखदेव मुंडा 35 वर्ष अपने घर से पटाआम्बा काम करने जा रह था। इस दौरान दो जंगली भालू ने मजदूर पर हमला कर दिया। मजदूर के पास कुल्हाड़ी होने से 15 मिनट तक दोनों भालू से लड़कर जान बचाई। इस लड़ाई में मजदूर का दांया पैर भालू ने दांत से काट देने से वह घायल हो गया। ग्रामीण के मदद से उसे महुआडांड़ स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहां प्रथमिक उपचार के बाद डॉक्टर अमित खलखो ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घायल की सूचना पाकर वन विभाग कर्मी ने मौके में पहुंच कर मुआवजा की प्रक्रिया शुरू कर दी वन पाल कुंवर गंझू ने बताया कि प्रक्रिया के तहत उचित मुआवजा दिया जाएगा।वन विभाग द्वारा इलाज के लिए 10 हजार रूपए नगद पत्नी को दिया।

# बीडीओ व सीओ से वार्ता के बाद किसानों का सत्याग्रह समाप्त



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत सचिवालय के समीप किसानों का जमीन समाधि सत्याग्रह स्थल पर मंगलवार को तीसरे दिन प्रशासन से वार्ता के बाद आंदोलन को वापस ले लिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने सत्याग्रह कर रहे किसानों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाएं दी। इस सत्याग्रह में टोरी चंदवा एनएच स्थित रेलवे क्रॉसिंग जाम से निजात दिलाने, स्टेशन के पश्चिम में फुट ब्रिज नहीं रहने, जिले में सीएनटी एक्ट का उलंघन होने, पंचायती राज की सुविधा नहीं मिलने समेत कई मांगों को लेकर किसान 9 मार्च से जमीन समाधि सत्याग्रह पर थे। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि आरओबी का निर्माण नहीं होने से ग्रामीण घंटों रेलवे क्रॉसिंग जाम में फंसे रहते हैं, टोरी रेलवे क्रॉसिंग जाम समस्या से लाखों किसान आमजन प्रत्येक दिन बुरी तरह त्रस्त हैं। मरीज लिए एंबुलेंस भी रेलवे क्रॉसिंग जाम में फंस जाती है। जाम में फंसने के कारण कई लोगों की मौत फाटक पर ही हो जाती। सत्याग्रह स्थल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद, अंचला अधिकारी जय शंकर पाठक, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रंधीर कुमार, रेलवे इंस्पेक्टर रंजीत रंजन सहाय पहुंच किसानों से वार्ता की। सत्याग्रह में मुखिया नरेश भगत, ग्राम प्रधान पचु गंझू, वार्ड सदस्य जमरूल खान,सुरेश कुमार साव, माईकल हंस,संजय राम, जीदन टोपनो,सनिका मुंडा,साजीद खान, बैजनाथ ठाकुर, शाहबान खान, अब्दुल खान, अशोक गंझू, कमल गंझू, रमजान सांई चिस्ती, गुजरी गंझू, गोपी गंझू, तबरेज खान, सजेबूल खान, रामचंद्र मोची, सैफूल खान, गोपाल गंझू, जहांगीर खान, सुनील गंझु सहित कई लोग सत्याग्रह में शामिल थे।

# तीन दिवसीय श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत आरा ग्राम में तीन दिवसीय श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का हवन के साथ सोमवार को शांति पूर्ण संपन्न हो गया। बता दें कि शनिवार से आरा ग्राम में तीन दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन, आयोजन समिति पदुम यादव के अध्यक्षता में किया गया था। इसमें तीनों दिन महायज्ञ स्थल का हजारों श्रद्धालु ने परिक्रमा किया। इस दौरान आयोजन समिति द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का तीनों दिन संध्या को आयोजन किया गया था। एक से बढ़ कर एक झांकी प्रस्तुत किया गया। श्रद्धालु हजारों की संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम का लाभ उठाएं।भगवान भोलेनाथ के भजन कीर्तन एवं जयकारा से पूरा गांव भक्ति मय हो गया। इस महायज्ञ का आयोजन शांति पूर्ण संपन्न कराने में समिति के अलावा कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। की उनमें रवि प्रकाश, राजेश राम, शंभू प्रसाद ,मंगल गंझू ,खेमलाल गंझू, रूपलाल राणा , करम साव,महेंद्र साव, दिनेश राम ,अशोक राम ,मुकेश राम ,राजेंद्र राम ,चंदन राम ,कुलेश्वर राम ,चौहान राम ,प्रकाश राम,जोधन राम, पवन राम ,मोहन गंझू, भोला कुमार सहित सैकड़ों भक्त शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने मान्यता प्राप्त दलों के संग की बैठक

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निदेशों से सभी को अवगत कराया गया। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### होली मिलन समारोह का आयोजन



**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की समीक्षात्मक बैठक हुई। बारी-बारी से पंचायतवार क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी ली गई। लाभुकों को राशि भुगतान में हो रही समस्याओं से अधिकारी अवगत हुए। साथ ही पूर्ण हो चुकी योजनाओं की संचिका संधारण करते हुए लंबित राशि का भुगतान समय पर करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दी। बैठक समाप्ति होने के बाद अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों व मौजूद कर्मियों ने एक दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर होली की बधाईयां दी। मौके पर बीडीओ देवलाल उरांव, सीओ विजय दास, प्रमुख रीना कुमारी, प्रभारी कृषि पदाधिकारी जितेन्द्र सिंह, लिपिक सीताराम दास, एएसआइ शिवमणि पासवान, पंसस शशिबाला देवी, नितेश अंबानी, राजेश चौधरी समेत सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

### यक्ष्मा जानलेवा बीमारी, समय पर इलाज कराएं : प्रणेश

**गिद्धौर (चतरा)।** द्वारी पंचायत सचिवालय भवन में मंगलवार को ग्राम पंचायत समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया ने की। बैठक में मुख्य रूप से पीरामल फाउंडेशन से चारु उपस्थित थे। बैठक में पंचायत में संचालित विभिन्न विभाग के योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही उत्पन्न समस्याओं का समाधान मुखिया व सभी समिति के सदस्य को करने का दायित्व दिया गया। बैठक में टीबी मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प लिया गया। स्वास्थ्य विभाग के प्रणेश कुमार ने बताया कि यक्ष्मा बीमारी जानलेवा है। इसका समय पर इलाज कराना जरूरी है। पीरामल फाउंडेशन के चारु ने लोगों को यक्ष्मा बीमारी की विस्तृत जानकारी दी। शिक्षा पर पिरामल फाउंडेशन की चारु ने कक्षा एक से पांच तक के बच्चों की शिक्षा पर विस्तार से चर्चा की। बताया गया कि विकसित भारत के लिए शिक्षा पर काम करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए मुहल्ला क्लास शुरू करने की आवश्यकता है। इस पर मुखिया ने सहमती जतायी। जल्द इस विषय पर काम शुरू करने का आश्वासन दिया।

# मुआवजा की मांग को लेकर सड़क पर उतरे ग्रामीण



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत हामी पंचायत के हामी मोड़ से ओरसापाठ तक नये सड़क निर्माण में ग्रामीण के जमीन अधिग्रहण होने व अभी तक मुआवजा प्रक्रिया शुरू नहीं पर मंगलवार को सड़क जाम कर दिया। जमीन मुआवजा की मांग को लेकर लगभग 1 घंटे तक सड़क पूरी तरह से जाम रही। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों के उचित आश्वाशन से जाम हटा। सड़क जाम से लोगों को काफी परेशानी हुई। हामी मोड़ से ओरसापाठ तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क निर्माण में ग्रामीणों का जमीन अधिग्रहण कर लिया गया है। दो साल बीते जाने के बाद भी ग्रामीण को मुआवजा नहीं मिला। ग्रामीण ने जमीन के बदले उचित मुआवजा की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार प्रयास किया गया लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है। अगर जल्द मुआवजा नहीं दिया जाता है, तो उग्र आंदोलन करेंगे। सड़क जाम की सूचना मिलते ही, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा, महुआडांड़ थाना के एएसआई नौशाद अहमद पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाया, तब जाकर जाम हटी। ग्रामीणों ने बीडीओ को लिखित आवेदन देकर जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की। बीडीओ ने कहा कि जल्द ही लोगों को मुआवजा मिलेगा। मुआवजा की मांग करने लिए मुख्य रूप से असनारी ग्राम के ग्राम प्रधान मिल्यानुष लकड़ा, मेढ़ारी ग्राम प्रधान केशवर महतो, हामी मुखिया प्रदीप बड़ाइक, निकोलस कुजूर, नरेंद्र सिंह, लारेंस कुजूर, प्रेमिका कुजूर प्रमिला कुजूर,जयमनती तिग्गा, सुशीला तिर्की, मंजू कुजूर, रेशमा टोप्पो सहित अन्य महिला पुरुष उपस्थित थे।

## खरीफ विपणन मौसम 2024-25: सीएमआर की आपूर्ति समय पर करने का निर्देश

**लातेहार।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अधिप्राप्ति धान के सीएमआर की शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। समीक्षा के क्रम में जिले में अब तक मात्र 47 प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति पर उपायुक्त ने काफी नाराजगी व्यक्त की। मिलर आरडीएस एंड संस प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सीएमआर (चावल) आपूर्ति में शिथिलता को देखते हुए 15 दिनों के अंदर तक सभी संबद्ध पैक्सों के सीएमआर की आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया। निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध सीएमआर आपूर्ति करने में विफल होने पर मिलर व पैक्सों की भौतिक सत्यापन कराते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित अध्यक्षों, मिलर को एक हफ्ते में शत-प्रतिशत सीएमआर की आपूर्ति सुनिश्चित कराने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनि टोपनो, पैक्स अध्यक्ष, सचिव उपस्थित थे।

## ईसीआरकेयू ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**चंदवा।** टोरी जंक्शन परिसर में ईसीआरकेयू टोरी युवा समिति की ओर से मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सभी विभागों के रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। अध्यक्षता रंजीत कुमार व संचालन ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा के सहायक सचिव विकास कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि आज भी एकमात्र सक्रिय यूनियन ईसीआरकेयू ही है। यही रेल कर्मचारियों का एक मात्र साथी है। हर सुख दुःख में ईसीआरकेयू रेलकर्मियों के साथ सदा ही उपस्थित रहता आया है और आगे भी रहेगा। उपस्थित रेलकर्मियों के बीच होली उत्सव का औचित्य बताते हुए विकास कुमार ने कहा कि यह पर्व सभी मनमुटाव दूर कर एकजुट रहने का संदेश देता है। आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति ईसीआरकेयू को नई ऊर्जा और संघर्ष करने का साहस प्रदान करता है। मौके पर संजय कुमार, रंजित कुमार, रविकिशोर, धीरज कुमार, नीरज, आशुतोष, मनिष कुमार,विनीत कुमार, राजेश कुमार, सतेंद्र कुमार, सुशांत, कालीचरण महतो, दीपक कुमार, धर्मेंद्र, संतोष, चंद्रप्रकाश सहित कई रेलकर्मी उपस्थित थे।

# शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को आच्छादित करें : उपायुक्त




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत संचालित योजनाओं की क्रम वार समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अजय कच्छप के द्वारा उपायुक्त को वर्तमान में संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना (एनएफबीएस), झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन व अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी दी गई। इस संबंध में उपायुक्त ने नियमित रूप से लाभुकों को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने व बचे हुए लाभुकों के आधार व मोबाइल नंबर सीडिंग का कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अजय कच्छप, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।

**Office of the Nagar Panchayat Chhatarpur**

**Very Short E-Procurement Notice**

**NIT No:- NPC-NIT-16/2023-24 (6th Call )**

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Chhatarpur town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,38,31,558.00 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,26,22,393.00 Total: ₹ 3,64,53,951.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | ₹ 3,64,540/- (Rupees Three Lakhs Sixty-Four Thousand Five Hundred Forty Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 10-03-2025 |
| 7 | Document downloading start Date | 17-03-2025 |
| 11 | Bid submission end date | 25-03-2025 |
| 12 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 25-03-2025 |
| 13 | Bid opening date (online | 26-03-2025 |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Chhatarpur |
| 16 | Helpline Number | 9471125404 |


**Note:** Only e-Tender will be accepted

Complete bid document is available on website http://jharkhand tenders.gov.in)

Executive Officer
Nagar Panchayat Chhatarpur

PR.NO.348298 District(24-25):D

# जिला नियोजनालय व श्रम विभाग के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा, दिए निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला नियोजनालय, श्रम विभाग व कौशल विकास विभाग के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लातेहार, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदवा, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महुआडाड़, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरवाडीह के प्रशिक्षण प्रभारी प्राचार्य ने अपने-अपने संस्थान के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। नामांकन व अन्य जानकारियों से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने विभिन्न ट्रेडों में खाली सीटों को भरने, पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से संचालन करने का निर्देश दिया। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जिला नियोजनालय की ओर से आयोजित रोजगार मेला, भर्ती कैंप, कैरियर काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी दी। उपायुक्त ने निबंधन की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक करते हुए अभियान चलाकर कौशल वर्धन की योजनाओं से लाभान्वित करें। उपायुक्त ने श्रम विभाग अंतर्गत झारखंड भवन व अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत दिए गए लाभ एवं निबंधन संबंधित, निर्माण श्रमिक सेफ्टि किट, मातृत्व प्रसुविधा सहायता योजना, झारखण्ड निर्माण कर्मकार मृत्यु, दुर्घटना सहायता, मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रवृति योजना, अंत्येष्टि सहायता, चिकित्सा सहायता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना, विवाह सहायता योजना, प्रवासी मजदूरों की संख्या तथा उनका रजिस्ट्रेशन, वापस गए प्रवासी मजदूरों की संख्या, प्राप्त आवंटन, श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने सभी सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार के माध्यम से आमजनों को जागरूक कराने का निर्देश दिया।

जिससे योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक योग्य लाभुकों को दिया जा सकें। मौके पर श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

**प्रपत्र VI 'क'**

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 337/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 08.03.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–सरहसताल कला, थाना नं0–22, थाना–नगर उंटारी, अंचल–नगर उंटारी, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना उपकारा, नगर उंटारी में **Solid waste Management Plant** लगाये जाने के निमित आवश्यक भू–खण्ड अधिग्रहण योजना का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–सरहसताल कला, थाना नं0–22, थाना–नगर उंटारी, अंचल–नगर उंटारी, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **0.60** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 37 | 281 | रैयती | धान तीन | 0.55 | अनिरूद्ध पाण्डेय, सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय, दयानंद पाण्डेय, श्यामानंद पाण्डेय, रमाकांत पाण्डेय, पिता–स्व0 नवल किशोर पाण्डेय एवं सीता देवी, पति–स्व0 अवधेश पाण्डेय | जेल का हाता | अनिरूद्ध पाण्डेय वगै0 | प्लॉट सं0 282 | प्लॉट सं0 316 |
| 2 | 37 | 316 | रैयती | टॉड़ 2 | 0.05 | अनिरूद्ध पाण्डेय, सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय, दयानंद पाण्डेय, श्यामानंद पाण्डेय, रमाकांत पाण्डेय, पिता–स्व0 नवल किशोर पाण्डेय एवं सीता देवी, पति–स्व0 अवधेश पाण्डेय | जेल का हाता | अनिरूद्ध पाण्डेय वगै0 | प्लॉट सं0 282 | प्लॉट सं0 316 |
| | | | | कुल :– | 0.600 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ढ0/ भू0अ0नि0 (अधिनियम)–129/2017/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.348400 District(24-25):D

## सदर प्रखंड में अवैध बिजली उपभोक्ताओं पर कार्रवाई



**लोहरदगा।** लोहरदगा बिजली विभाग द्वारा मंगलवार को विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ एक छापामारी दल का गठन करके एक सघन छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से सहायक विद्युत अभियंता अजु कश्यप, फिरोज अख्तर सारणी पुरुष, शुक्र बहादुर मानव दिवस कमी मंजूर अंसारी ,रंजीत उरांव, आशिक अंसारी ,सुशील उरांव अन्य मानव दिवस कर्मियों द्वारा छापामारी की गई। जिसमें अवैध रूप से बिजली उपयोग कर रहे लोगों पर कार्रवाई करते हीरही डोंगरी टोली निवासी संतोष भगत पर 5746 ,सुमन ठाकुर पर 7767 रुपया, फाइन स्कूल टोली में कुलदेव उरांव पर 7767 रुपया, बराटपुर में अनुज उरांव पर 7632 रुपया ,बाघ नवा टोली के पास शिवदयाल उरांव पर 7632 रुपया और लालजीत उरांव पर 7632 रुपया फाइन लगाते हुए भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 / 137 के तहत सदर थाना में सहायक विद्युत अभियंता के लिखित अभियान पर मंगलवार शाम 5:00 बजे प्राथमिक दर्ज की गई।

## सीएससी दुकानदार से लूटकांड का खुलासा, दो अपराधी गिरफ्तार



**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के सिंजो चौक पर पिस्तौल का भय दिखाकर दुकानदार से हुई लूटकांड का कुडू पुलिस ने उदभेदन करते हुए दो अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधी की पहचान गुमला जिले के सिसई लटदाग निवासी शमीम अंसारी उर्फ मो० शमीम, पिता हजरत अंसारी उर्फ मो० हजरत अली एवं गया जिले के मानपुर निवासी मो० फरहान अंसारी उर्फ मो० फरहान, पिता स्व० मो० तवकुल हुसैन के रूप में किया गया है। पुलिस ने अपराधी के पास से काण्ड को कारित करने में उपयोग में लाया गया मोटरसाईकिल, दो मोबाईल, तीन हेलमेट तथा अन्य सामग्री एवं दोनों के पास से 4,000/- रूपया नगद बरामद करते हुए विधिवत जप्त किया है। इस संदर्भ में कुडू थाना काण्ड सं0 30/25, दि० 10.03.2025, धारा 309 (4) बी०एन०एस०-2023.के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि कुडू के सिंजो बाराडीह निवासी चांद खान, पिता सलामुल खान के सिंजो चौक में सी०एस०सी० आधार बिथड्रॉल दुकान में उपरोक्त अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर लूटकांड को अंजाम दिया था। कांड में कुल चार व्यक्ति शामिल थे जो वाहन सं० जेएच 01 सी डब्ल्यू 5347 में सवार होकर चांद खान के दुकान में घुसकर पिस्तौल का भय दिखाकर 60,000/- रूपया, एक मोबाईल फोन एवं अन्य दस्तावेज तथा साम्रगी लूट लिया था।

# राज्य सरकार जनता के साथ कर रही विश्वासघात : बिंदेश्वर

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भाजपा नगर अध्यक्ष चुनाव के निमित्त एक महत्वपूर्ण रायसुमारी बैठक का आयोजन नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू की अध्यक्षता में अटल भवन में संपन्न हुआ। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी नगर अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक तरीके से संचालित करना था। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भाजपा के प्रति जनसमर्थन और कार्यकताओं का समर्पण निरंतर बढ़ रहा है। इस बैठक में विशेष रूप से नगर चुनाव पर्यवेक्षक श्री बिंदेश्वर बेक, नगर चुनाव प्रभारी जगनंदन पौराणिक एवं सह प्रभारी अशोक कासकार उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ भारत माता और महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण एवं सामूहिक वंदे मातरम गान के साथ हुआ। बैठक का कुशल संचालन संकल्प पत्र नगर संयोजक सत्यम कुमार द्वारा किया गया। बैठक के दौरान नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा,

यह अटल भवन हमारे प्रेरणा पुरुष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की विचारधारा का प्रतीक है और हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए भाजपा को और अधिक मजबूत बनाना है। भाजपा एक पार्टी नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने आगे कहा,आगामी नगर अध्यक्ष चुनाव हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां हमें यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक हो। हमारे प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत और निष्ठा ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। नगर अध्यक्ष ने कार्यकताओं को प्रेरित करते हुए कहा, यदि हम सब एकजुट होकर कार्य करें, तो न केवल चुनाव में शानदार जीत दर्ज करेंगे, बल्कि समाज के हर वर्ग तक भाजपा की विचारधारा और नीतियों को पहुंचाकर जनता का विश्वास भी जीतेंगे। भाजपा का नारा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' हमें हमेशा याद रखना चाहिए। सचिन साहू के जोशीले संबोधन के दौरान कार्यकताओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय श्रीराम के नारों से अटल भवन को गुंजायमान कर दिया। बैठक के दौरान भाजपा कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यकताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए आगामी चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत का संकल्प लिया। आगामी नगर अध्यक्ष चुनाव में हम सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पूरी निष्ठा से काम करेंगे और भाजपा को एक बार फिर शानदार जीत दिलाएंगे। कार्यकताओं ने भाजपा जिंदाबाद, वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस बैठक से यह स्पष्ट हो गया कि आगामी नगर अध्यक्ष चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत निश्चित है और कार्यकताओं का यह जोश पार्टी के लिए ऐतिहासिक सफलता का संकेत दे रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ भाजपा कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत करने और जनता के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। बैठक में दिलीप पटनायक, त्रिवेणी दास, विनोद राय, मदन मोहन पाठक, विमल कांत सिंह, दीपक कुमार समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिला की मौत के बाद हाइवा चालक को पुलिस ने भेजा जेल

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के भंडरा सिसई मुख्य पथ के सरनेटोली मोड़ के समीप रविवार को हाइवा से कुचलकर धानामुंजी गांव की महिला की मौत के मामले में भंडरा पुलिस ने मृतक महिला के पति के लिखित बयान पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि मृतक महिला के पति ने आरोपी चालक सिसई थाना क्षेत्र के लेकया डुमबर टोली निवासी राहुल कुमार यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। हाइवा को सीज कर दिया गया है। मृतक महिला के पति ने पुलिस को दिये बयान मे बताया की मेरी पत्नी बिरसमुनी उरॉव उम्र 32 वर्ष रविवार को लोहरदगा से महिला मंडल का प्रशीक्षण प्राप्त करने गई थी प्रशीक्षण उपरांत शाम में सेमरा रोड से पैदल घर आ रही थी की बलतोता सरना टोली के समीप मुख्य सड़क पर पिछे से आ रहे हाइवा जेएच 24 बी 6634 के चालक तेजी एवं लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए आया और मेरी पत्नी को धक्का मार दिया जिसे मेरी पत्नी बुरी तरह जख्मी हो गई। हाइवा का चालक घटना के बाद तेजी से गाड़ी लेकर भागने लगा जिसको हमलोग पीछा किए और कुछ दूर आगे जाकर गाड़ी को रोकवाएं। जिस दौरान चालक उतरकर भागने का प्रयास किया।


### कार्यालय : जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–उपायुक्त, लातेहार

**आम सूचना**

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 144 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में नगरपालिका आम निर्वाचन–2025 के निमित लातेहार नगर पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्ड) हेतु प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशन कर आम जनों से आपत्ति या सुझाव प्राप्त करना है।

एतद् द्वारा नगर पंचायत, लातेहार के सभी सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन नगर पंचायत कार्यालय एवं प्रत्येक वार्ड हेतु चिन्हित मतदान केन्द्र के सूचना पट्ट पर दिनांक 11.03.2025 से दिनांक 20.03.2025 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्रकाशित रहेगा।

इस प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के विरूद्ध किन्हीं को दावा या आपत्ति देना है तो प्रारूप प्रकाशन स्थल पर प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक को प्रपत्र क (परिशिष्ट–1) प्रपत्र–ख (परिशिष्ट–2) में दिनांक 20.03.2025 तक कार्यालय अवधि में अपना लिखित सुझाव/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इस निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त हुए आपत्ति एवं सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ह0
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 348335 (Election) 24-25 (D)


## दिव्यांग बच्चों के अभिवावकों के साथ अभिभावक परामर्श कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भंडरा।** समावेशी शिक्षा के तहत मंगलवार को बीआरसी भंडरा में दिव्यांग बच्चों के अभिवावकों के साथ अभिभावक परामर्श कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें ट्रेनर धीरज पटेल ने दिव्यांग हित में स्कूलों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। दिव्यांग बच्चों के लिये दिया जाने वाला प्रोत्साहन भत्ता, छात्रवृति आदि योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि उक्त योजनाओं का लाभ उठाते हुए दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाए। ताकि बच्चे आत्मनिर्भरता के साथ अपने पैरों में खड़ा हो सकें।


### कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)
Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक...................../ दिनांक ..............................

**अल्पकालिन सैरात/व्यवसायिक वाहन प्रवेश शुल्क बंदोबस्ती की आम सूचना(3rd Call)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रान्तर्गत सैरात/नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से एक वर्ष के लिए 1.04.2025 से बन्दोवस्त की जानी है। डाक की विवरणी निम्नरूपेण है :–

| क्र0 | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राषि का 10 प्रतिषत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | निर्धारित वसूली दर 24 घंटा के लिए जो अनुमानतः दोपहर 12 बजे से अगला दिन दोपहर 12 बजे तक। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | नगरपालिका व्यवसायिक वाहन शुल्क | | | |
| 01 | नगरपालिका व्यावसायिक वाहन षुल्क (नगर पंचायत हुसैनाबाद का संपूर्ण क्षेत्र) | 27,61,000 (सताइस लाख एकसठ हजार रूपए मात्र) | 2,76,100.00 (दो लाख छिहत्तर हजार एक सौ रूपए मात्र) | दिनांक–19.03. 2025 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–19.03. 2025, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 10000 (दस हजार रुपये) | 1. तीन चक्का वाहन – 20 रु 2. कमांडर – 30 रु 3. ट्रेक्टर –30 रू0 4. चार चक्का (407/pick up, आदि के लिए–40 रू0 5. 6 से 10 चक्का तक वाहन के लिए –100 रू0 6. 10 चक्का से अधिक वाहन के लिए–200 रू0 |
| | | | | बाजार सैरात बन्दोबस्ती | | | |
| 01 | बाजार सैरात दुकानदार बाजार सैरात फुटपाथ दुकानदार (नगरपालिका अधीन संपूर्ण क्षेत्रों में) | 700700.00 (सात लाख सात सौ रुपये) | 70070.00( सत्तर हजार सत्तर रुपये) | दिनांक–19.03. 2025 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–19.03. 2025, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 5000.00 (पॉच हजार रुपये) | चलन्त ठेला गुम्टी/ठेला/अस्थायी दुकान इत्यादि 1- 0–30 वर्ग फीट– 10रु/दिन 2- 30 वर्ग फीट से अधिक– 20रु /दिन (निविदा की शर्तें कंडिका –5 में बोली में न्यूनतम 20000.00रु एवं अधिक्तम 40000.00रु का अंतर की बोली लगानी होगी।) |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 348299 (District)24-25*D


## सेन्हा से ईंट लदे दो ट्रैक्टर को किया गया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में सेन्हा पुलिस द्वारा ईंट लदा दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया। जप्त ट्रेक्टरों पर खनन अधिनियम के तहत विधिवत कारवाई होगी। सेन्हा अंचल क्षेत्र में खनन विभाग ईंट व्यवसायिक के ऊपर नकेल कसते हुए कारवाई आरम्भ कर दिया है। उसी क्रम में सेन्हा पुलिस का सहयोग लेते हुए खनन पदाधिकारी राजराम प्रसाद द्वारा छापेमारी मुहिम चलाया गया। छापेमारी के दौरान झखरा ग्राम में संचालित तान्या ईंट भट्ठा का ईंट लदा दो ट्रैक्टर को पकड़ा गया। जिसे दोनो टैक्टर में रजिस्टेशन नम्बर अंकित नही है। जिसे दोनो ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना लाया गया। वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ईंट व्यवसायिक तान्या भट्ठा के मालिक द्वारा फाइन की राशि जमा नही करने पर विभागीय कारवाई किया गया है। फिलहाल दोनो ट्रैक्टर को खनन पदाधिकारी राजराम प्रसाद के निर्देश पर सेन्हा थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। विदित हो कि सेन्हा अंचल क्षेत्र में संचालित सभी ईंट भट्ठा मालिक के बीच हड़कंप मचा हुआ है। खास कर वैसे भट्ठा मालिक के बीच हडकंप मचा जिनके पास भट्ठा संबंधित कागजात पूर्ण नही है। भट्ठा संचालन हेतु जारी गाइडलाइन के अनुसार अन्य प्रकार की त्रुटियां है।

## बीएस कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन पराकोष्ठ के तहत राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम का हुआ आयोजित



**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय के मल्टीपरपस कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम को लेकर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन पराकोष्ठ (आइक्यूएसी) के संदर्भ में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। बीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शशि कुमार गुप्ता और आइक्यूएसी समन्वयक रोशन ने इसकी जानकारी दी। मौके पर संगोष्ठी विवरणिका का विमोचन किया गया। समन्वयक डॉ रोशन पी खलखो ने बताया कि 25 और 26 अप्रैल 2025 को 'विकसित भारत 2047' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। इसमें देशभर से प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इसी उद्देश्य से यह सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। विभिन्न राज्यों से विशेषज्ञ इसमें भाग लेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जारी हैं, ताकि इसे सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। झारखंड एक युवा राज्य है, जो अपनी रजत जयंती मना रहा है। यहां प्राकृतिक संसाधनों की अपार संभावनाएं हैं। सेमिनार का उद्देश्य राज्य की चुनौतियों और अवसरों को सामने लाना है। झारखंड के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह सेमिनार शिक्षाविदों और आम जनता के लिए महत्वपूर्ण होगा। प्राचार्य डॉ. शशि कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षक प्रणाली को आगे बढ़ाना मुख्य उद्देश्य है। यह गर्व की बात है कि लोहरदगा के बीएस कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार हो रहा है। उन्होंने बताया कि कॉलेज की स्थापना 15 अगस्त 1962 को हुई थी। 23 अप्रैल 1963 को इसे रांची विश्वविद्यालय से अनंतिम संबद्धता मिली और 26 अप्रैल 1968 को स्थायी संबद्धता प्राप्त हुई। 1969-70 में ऑनर्स पाठ्यक्रम शुरू हुए। 1977 में यह विश्वविद्यालय की घटक इकाई बना। 2009 में विज्ञान विषयों में ऑनर्स कोर्स शुरू हुए। 2018 में पीजी पाठ्यक्रम की शुरूआत हुई। धीरे-धीरे शिक्षक प्रणाली को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

**राष्ट्रीय सेमिनार के लिए समिति गठित**

राष्ट्रीय सेमिनार के लिए समिति का गठन किया गया है। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा को मुख्य संरक्षक बनाया गया है। बलदेव साहू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शशि कुमार गुप्ता संरक्षक होंगे। संयोजक फिलॉसफी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रोशन पी. खलखो और सह संयोजक साइकोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर आनंद मांझी होंगे।

## जेएसएलपीएस की महिलाएं बेच रहीं हैं हर्बल रंग गुलाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के जेएसएलपीएस की महिला दीदी होली के अवसर पर हर्बल रंग बेच रहीं हैं। रंगों का पर्व होली का त्यौहार बहुत नजदीक आ गया है। जिस निमित प्रखंड कार्यालय के समीप जेएसएलपीएस की महिलाएं स्टॉल लगा कर हर्बल रंग गुलाल बेच रहीं है। जेएसएलपीएस की महिला दीदियों के द्वारा केमिकल युक्त रंग गुलाल से बचने के लिये जागरूक भी किया जा रहा है। वही जानकारी देते हुए महिला दीदियों द्वारा बताया गया कि हल्दी पावडर,कनैल और पलास का फूल तथा बिट से निर्मित हर्बल रंग गुलाल बनाया हुआ है। जिसका सेवन करने से त्वचा या शरीर मे किसी तरह का हानी नही होता है। हर्बल रंग गुलाल बनाने में किसी तरह का रसायनिक केमिकल का इस्तेमाल नही किया गया है। जो शरीर व त्वचा के लिये पूर्णतः सुरक्षित है। साथ ही महिला दीदियों ने बताया कि बाजार में केमिकल युक्त रंग गुलाल बिक रहा है.जिसे बचाव के लिये महिला समूह की दीदियों द्वारा हर्बल रंग गुलाल तैयार किया गया है। जिसे प्रत्येक 100 ग्राम का पैकेट को 25 रुपैया के दर से


### समाहरणालय गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)
email – dprogarhwa84@gmail. com

नगरपालिका निर्वाचन, 2025

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सूचित करना है कि सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 144 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख), मझिऑव नगर पंचायत एवं श्री बंशीधर नगर नगर पंचायत (आम) निर्वाचन, 2025 के तहत् निर्वाचन हेतु उनके प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (वार्ड) के लिए मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 10.03.2025 को सभी विनिर्दिष्ट स्थलों पर कर दिया गया है। मतदाता सूची सभी विनिर्दिष्ट स्थलों यथा वार्ड कार्यालय/गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख), मझिऑव नगर पंचायत एवं श्री बंशीधर नगर नगर पंचायत के कार्यालय/संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में रखी गई है, जिसका अवलोकन (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक की अवधि में एवं गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर किया जा सकता है।

मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के पश्चात् मतदाता सूची के संबंध में किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति प्राप्त करने एवं प्राप्त दावा/आपत्ति के ससमय निराकरण हेतु नगरपालिका क्षेत्रवार निम्न पदाधिकारियों को प्राधिकृत किया जाता है:–

| क्र0 | नगरपालिका क्षेत्र का नाम | दावा/आपत्ति हेतु प्राधिकृत पदाधिकारी का पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख) | सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी –सह– अंचल अधिकारी, गढ़वा |
| 2 | श्री बंशीधर नगर नगर पंचायत | सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी –सह– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नगर उंटारी |
| 3 | मझिऑव नगर पंचायत | सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी –सह– अंचल अधिकारी, मझिऑव |

संबंधित नगरपालिका क्षेत्र के आमजन से अनुरोध है कि दिनांक 10.03.2025 को प्रकाशित मतदाता सूची के आधार पर किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो, तो दिनांक 20.03.2025 तक कार्यालय अवधि में उक्त कार्य के लिए प्राधिकृत पदाधिकारी को विहित प्रपत्र में हस्तगत करा दिया जाय।उक्त निर्धारित अवधि की समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार की दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 348406 Panchayati Raj(24-25).D


## मनोकामना मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** शहर के गुमला रोड के रियाडा मोड़ स्थित मनोकामना दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव के मौके पर मंदिर परिसर में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद खाने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। महिलाएं और पुरुषों के लिए अलग अलग काउंटर लगाकर पकवानों का प्रसाद दिया गया। श्रद्धालुओं को पूड़ी सब्जी, सेव, आचार, बुंदिया आदि का प्रसाद दिया गया। भंडारे में आये हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए हर संभव व्यवस्था किया गया था। भंडारे का प्रसाद खाने के लिए लोगो की लंबी लंबी लाइने लगी हुई थी। वही जगह जगह पर डस्टबिन रखे गए थे ताकि कोई भी अन्यत्र जूठन नही फेके। इस भव्य भंडारे का प्रसाद मंगलवार की देर रात तक लोगो ने खाया। वही मंदिर परिसर में अनावश्यक रूप से वाहन आदि का पड़ाव नही हो इसके लिए मंदिर समिति के लोगो ने ठोस प्रबंध किए थे। वहीं मंदिर समिति ने वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न होने पर सभी नगरवासियों, पुलिस प्रशासन, दानदाताओं व सहयोगियों को उनके सकरात्मक सहयोग के लिये आभार प्रकट किया।

### खनन विभाग ने अवैध बालू का परिवहन करते पांच ट्रैक्टर को किया जब्त

# बालू के अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी : डीएमओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरा।** अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई जारी है। लोहरदगा डीसी बाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर पुलिस-प्रशासन लगातार अभियान चला रहे हैं। मंगलवार को जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद के नेतृत्व में खनन विभाग ने भंडरा थाना क्षेत्र के अकाशी व सेगराटोली में औचक छापेमारी की। इस दौरान अकाशी मे भस्को कोयल नदी से अवैध बालू का परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टर पकड़े, जबकि सेगराटोली के समीप एक ट्रेक्टर को खनन विभाग की टीम ने पकड़ा। जिसे जब्त कर पांचो ट्रेक्टर को भंडरा थाना को सुपुर्द किया गया है। जिला खनन पदाधिकारी ने बालू घाट और भंडारण स्थल का भी निरीक्षण कर कागजातों की जांच की. जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने बताया कि जब्त वाहनों को भंडरा थाना को सुपुर्द किया गया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बालू के अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। खनन पदाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के तहत इस प्रकार के अवैध कामों को रोकने के लिए प्रशासन ने कठोर कदम उठाने का संकल्प लिया है।


### जिला निर्वाचन पदाधिकारी,(नगरपालिका)-सह- उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (निर्वाचन शाखा)

**निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन की सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है, कि झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 (यथासंशेधित) के नियम 14 के अनुसार मतदाता सूची तैयार हो गई है और उसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय/अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा कार्यालय/ नगर परिषद् कार्यालय एवं संबंधित वार्ड कार्यालयों में भी मतदाता सूची आम जनो के निरीक्षण हेतु प्रत्येक कार्यालय दिवस में समय 11.00 बजे से 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। साथ ही उक्त मतदाता सूची जिले के वेबसाईट– www.lohardaga.nic.in पर भी उपलब्ध है।

निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने की अर्हक तिथि 01.10.2024 है। उक्त अर्हक तिथि के संदर्भ में, नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किए जाने के लिए कोई दावा या किसी नाम के सम्मिलित किए जाने के लिए कोई आक्षेप किया जाता है या किसी प्रविष्टि विशिष्टियों की बाबत कोई आक्षेप हो तो वह दावा/आक्षेप/आपति दिनांक 11.03.2025 से 20.03.2025 तक को प्रपत्र –क (परिशिष्ट–1) एवं प्रपत्र–ख (परिशिष्ट–2) में अपना दाव/आपति लिखित रूप में उपरोक्त कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेंगे।

दिनांक–10.03.2025

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी,(नगरपालिका) लोहरदगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,(नगरपालिका) –सह– उपायुक्त, लोहरदगा।

PR.NO.348350 Lohardaga(24-25):D

## महुआ-चुलाई शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान में 15 लीटर शराब जब्त



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में मंगलवार अहले सुबह आगामी होली पर्व के मद्देनजर अवैध शराब के कारोबार पर नियंत्रण पाने के लिए अधीक्षक उत्साद गुमला के निदेशानुसार आज चैनपुर थाना क्षेत्र के आनंदपुर में एक विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान टीम ने लगभग 15 लीटर महुआ चुलाई शराब को जप्त किया। साथ ही, घटनास्थल पर पाए गए लगभग 100 किलोग्राम जावा महुआ को भी नष्ट किया गया। छापामारी के दौरान दो अभियुक्त, गणेश लोहरा और ललिता देवी, को हिरासत में लिया गया है।इस अभियान में शामिल टीम में प्रदीप कुमार करमाली (अवर निरीक्षक उत्पाद), उत्पाद सिपाही और सशस्त्र गृहरक्षक बल के सदस्य शामिल थे। टीम ने बड़ी कुशलता से कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के कारोबार को रोकने में सफलता प्राप्त की है।प्रदीप करमाली का कहना है कि होली जैसे पर्व पर अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए ऐसे अभियान जारी रहेंगे। स्थानीय निवासियों ने भी इस कार्रवाई का स्वागत किया है और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक कदम बताया है।गुमला पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ जागरूक रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## आठवीं की बोर्ड परीक्षा में 33 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में जैक द्वारा आयोजित आठवीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 996 छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जबकि 963 बच्चे परीक्षा में अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा प्रखंड के चार केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें बरवे उच्च विद्यालय, लूथरा उच्च विद्यालय, संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय और प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय शामिल हैं।परीक्षा केंद्रों पर अनुपस्थित छात्रों की संख्या बरवे उच्च विद्यालय 5 छात्र,लूथरा उच्च विद्यालय 4 छात्र,संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय 20 छात्र-छात्राएं,प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय4 छात्र।इस बार की परीक्षा के सफल संचालन के लिए विभिन्न विद्यालयों से शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर कदाचार मुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए शिक्षकों ने विशेष प्रयास किए। सभी छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया गया था कि वे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, मोबाइल, चिट-पुर्जे या अन्य सामग्री को परीक्षा केंद्र में न ले जाएं।परीक्षा के आयोजन में शिक्षिकाओं और शिक्षकों का अहम योगदान रहा। उन्होंने न केवल छात्रों को परीक्षा की तैयारी में मदद की, बल्कि परीक्षा के दौरान अनुशासन और शांति बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस परीक्षा के सफल संचालन से यह साबित होता है कि शिक्षा के प्रति जागरूकता और अनुशासन का पालन करना कितना महत्वपूर्ण है। सभी शिक्षकों और अधिकारियों का इस दिशा में योगदान सराहनीय रहा है।चैनपुर प्रखंड के छात्रों ने इस परीक्षा के माध्यम से अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया है, जिससे उनकी भविष्य की शिक्षा को और मजबूती मिलेगी।

## गुमला में रंगों की उमंग के साथ हुआ होली मिलन समारोह



**गुमला।** रंगों और उल्लास से सराबोर माहौल में गुमला-लोहरदगा रोड स्थित दूंदूरिया के प्ले स्कूल और ओल्ड बैंक कॉलोनी डीएवी कैंपस के प्राइमरी विंग में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने पारंपरिक अंदाज में होली के पर्व को मनाया और भारतीय संस्कृति से जुड़े पहलुओं को भी सीखा। इस अवसर पर शिक्षिका प्रिय रंजन ने बच्चों को होलिका दहन की प्रेरक कहानी सुनाई, जिसमें बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया। वहीं, शिक्षिकाओं खुशी सिंह और पल्लवी गोस्वामी ने बच्चों को रंग खेलने के दौरान सावधानी बरतने, एक-दूसरे का सम्मान करने और भारतीय परंपराओं व संस्कारों को अपनाने की बातों से अवगत कराया। बच्चों ने भी शिक्षिकाओं की सीख को बड़े ही उत्साह से ग्रहण किया। संस्थान के निदेशक चंद्रशेखर गिरि ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय 17 फरवरी 2025 से एडमिशन एवं अन्य विभागीय कार्यों के लिए खुला रहेगा। साथ ही, नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत 4 अप्रैल से की जाएगी। कार्यक्रम में शिक्षिका मोनालिसा, अंकिता, सुमन, रूबी, सोनल, सुमति, आस्था और सुष्मिता सिंह सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। बच्चों के चेहरों पर रंगों की चमक और खुशी देखकर पूरा परिसर उत्सवमय हो गया।

## भरनो प्रखंड में 21 मार्च को रक्तदान शिविर का होगा आयोजन



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड कार्यालय सभागार में आगामी 21 मार्च को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर की तैयारी को लेकर बीडीओ अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी विभागों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विभाग को रक्तदान का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित हो सके।

इस पहल का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। सभी विभागों एवं जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया है कि वे स्वयं रक्तदान करें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

बैठक में प्रमुख पारसनाथ उरांव, चिकित्सा प्रभारी डॉ. जाहिद अख्तर, सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा, बीपीओ सूरज लकड़ा, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, शिक्षक एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि झारखंड में हाल के दिनों में विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया है। उदाहरण के लिए, हजारीबाग में यूथ विंग द्वारा आयोजित एक मेगा रक्तदान शिविर में 221 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इसी प्रकार, गढ़वा में जागृति युवा क्लब के मेगा शिविर में 126 यूनिट रक्तदान किया गया।

भरनो प्रखंड में आयोजित होने वाला यह रक्तदान शिविर भी इसी श्रृंखला की एक कड़ी है, जिसका उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और अधिक से अधिक लोगों को इस महादान के लिए प्रेरित करना है।

## गुमला के श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा गुमला में धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन

**गुमला।** गुमला स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह ने हाल ही में गुमला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें समूह के सदस्यों और स्थानीय समुदाय ने मिलकर रंगों के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियाँ शामिल थीं, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा को प्रदर्शित करती हैं। समूह के इस प्रयास से भारतीय सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूती मिली है।

# भरनो प्रखंड के 92 सरकारी विद्यालयों में टैबलेट वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** डिजिटल शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भरनो प्रखंड कार्यालय सभागार में शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों (एचएम) को टैबलेट वितरित किए गए। बीडीओ अरुण कुमार सिंह, प्रमुख पारसनाथ उरांव एवं बीपीओ सूरज लकड़ा ने संयुक्त रूप से 92 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को टैबलेट प्रदान किए। पूर्व में 4 विद्यालयों को पहले ही टैबलेट दिए जा चुके हैं।

बीपीओ सूरज लकड़ा ने बताया कि जिन विद्यालयों में छात्रों की संख्या 30 से अधिक है, उन्हें सरकार की ओर से ऑनलाइन कार्य हेतु टैबलेट प्रदान किए गए हैं। इन टैबलेट्स के माध्यम से विद्यालय के सभी शिक्षक बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करेंगे और साथ ही विद्यालय से संबंधित अन्य रिपोर्ट भी तैयार कर सकेंगे।

इस अवसर पर बीआरपी समीम एजाज, अर्जुन केशरी, सभी सीआरपी और प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। यह पहल राज्य सरकार की उस व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके तहत झारखंड के 28,945 सरकारी विद्यालयों को टैबलेट प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि शिक्षकों की उपस्थिति, प्रशिक्षण, अनुश्रवण और पठन-पाठन की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

टैबलेट्स की सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर होगी। किसी भी प्रकार की क्षति, चोरी या गुम होने की स्थिति में संबंधित शिक्षक से वसूली की जाएगी। टैबलेट में खराबी आने पर इसे जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय में जमा किया जाएगा, जहां से संबंधित एजेंसी द्वारा मरम्मत की जाएगी।

## डुमरी थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**डुमरी (गुमला)।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से डुमरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का एवं थाना प्रभारी अनुज कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में निर्णय लिया गया कि होलिका दहन गुरुवार को एवं होली का मुख्य आयोजन शनिवार को मनाया जाएगा।

थाना प्रभारी अनुज कुमार ने उपस्थित ग्रामवासियों से अपील की कि वे होली पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहने और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का ने कहा कि वर्तमान में रमजान का महीना चल रहा है, इसलिए होली के दौरान विशेष सतर्कता बरतते हुए आपसी भाईचारे का परिचय दें और नशापान से दूर रहकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटें। मुखिया ज्योति बहेर देवी ने भी सभी से शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

## बिशुनपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**बिशुनपुर (गुमला)।** मंगलवार को बिशुनपुर थाना परिसर में अंचलाधिकारी शेखर वर्मा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर गुमला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बिशुनपुर वासी हमेशा से शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ त्योहार मनाते आए हैं, और इस बार भी होली का पर्व उसी उत्साह और सौहार्द्र के साथ मनाएं। इस अवसर पर हमें अपने अंदर की बुराइयों को जलाकर एक नए और सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर होना चाहिए।

## पंपापुर इंटर महाविद्यालय, पालकोट में शैक्षणिक हड़ताल सफल, शिक्षकों ने जताई एकजुटता

नवीन मेल संवाददाता




**पालकोट (गुमला)।** 11 मार्च 2025 को वित्त रहित स्कूल, इंटर कॉलेज, संस्कृत विद्यालय और मदरसा विद्यालयों में आयोजित शैक्षणिक हड़ताल के तहत पंपापुर इंटर महाविद्यालय, पालकोट के मुख्य द्वार पर ताला बंद कर शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सामूहिक एकता का प्रदर्शन किया। संघ ने पूर्व में ही घोषणा की थी कि जिन विद्यालयों में नवमी बोर्ड की परीक्षा है, उन्हें शैक्षणिक हड़ताल से मुक्त रखा जाएगा। राज्य के 1250 वित्तरहित शिक्षा संस्थानों में इस हड़ताल के कारण लगभग 3 लाख से अधिक विद्यार्थियों का पठन-पाठन प्रभावित हुआ। शिक्षक एवं कर्मचारी मुख्य द्वार पर नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री से वित्तरहित शिक्षा नीति समाप्त कर वेतन देने की मांग कर रहे थे। मोर्चा राज्यकर्मी का दर्जा और 75% अनुदान वृद्धि की मांग को लेकर आंदोलनरत है। इसी क्रम में 5 मार्च को महाधरना आयोजित किया गया था, जिसमें 11 मार्च को शैक्षणिक हड़ताल करने का निर्णय लिया गया था।

मोर्चा ने घोषणा की है कि 25 मार्च को विधानसभा के सामने विशाल महाधरना का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी शिक्षक-कर्मचारी उपवास पर रहेंगे। आज के हड़ताल में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार जायसवाल, प्रोफेसर चुन्नीलाल, प्रोफेसर बी.के. मिश्रा, प्रोफेसर प्रभात साहू, प्रोफेसर रोशनी मिंज, प्रोफेसर जितेश मिंज, प्रोफेसर प्रियंका साहू, प्रोफेसर ज्ञानमनी वाड़ा, डेमोंस्ट्रेटर मेनका कुमारी, प्रज्ञा कुमारी, बाबूलाल साहू, प्रेमचंद साहू, जगबंधु राम, सपन कुमार, प्रियंका कुमारी, चंदन साहू, जय श्री कुमारी, शांति कुमारी, मनोज लाकड़ा, एमडी ललकार सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

## होली और सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के करंज थाना परिसर में होली और सरहुल पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी अविनाश कुजूर एवं पुलिस इंस्पेक्टर विनय कुमार ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर ग्रामीण जनप्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पुलिस इंस्पेक्टर विनय कुमार ने करंज थाना क्षेत्र के सभी निवासियों से अपील की कि वे आपसी सद्भावना, प्रेम और भाईचारे के साथ होली पर्व मनाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी परिस्थिति में आपसी सद्भावना को ठेस न पहुंचे। साथ ही, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरहुल पर्व भी आपसी तालमेल और सहयोग से मनाया जाएगा। इसके अलावा, करंज थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें अंचलाधिकारी अविनाश कुजूर ने भूमि संबंधी विवादों को सुना और निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर थाना प्रभारी करंज आशीष केसरी, मुखिया रश्मि लकड़ा, एसआई गौतम कुमार, करण टुडू, एएसआई रामाकांत सिंह, हरगोबिंद सिंह मुंडा, समीम चौधरी, खिलेश्वर गोप, विनय वर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।


### जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)

**-: बिरसा हरित ग्राम योजना से संबंधित अति अल्पकालीन निविदा :-**

विभागीय पत्रांक (N) 273 (अनु0) दिनांक 03.03.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के क्रियान्वयन में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न सामग्री का क्रय हेतु अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है । अतएव इच्छुक पंजीकृत निविदादाता/आपूर्तिकर्ता/पंजीकृत महिला/कृषक संगठन/उत्पादक संस्थाओं/ग्राम संगठन/कृषक उत्पादक समूह/कृषक को–ऑपरेटिव आदि सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 24.03.2025. को 01.00 बजे अपराह्न तक निविदा जिला ग्रामीण विकास शाखा, चतरा कार्यालय में निबंधित डाक/स्वयं जमा कर सकते है । प्राप्त निविदा दिनांक 24.03.2025. को 02.00 बजे अपराह्न में क्रय समिति के द्वारा खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकते है।

| क्र0 | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | जैविक खाद | Vermi-compost (in kg) |
| | | Karanj oil cake (in kg) |
| | | Neem oil cake (in kg) |
| | | Bone Meal(in kg) |
| | | Dolomite(in kg) |
| 2 | फफुंदनाशक | Chlorothalonil 75%WP (in kg) |
| | | Copper oxychloride 50% WP (Blue Copper or equivalent) (in kg) |
| | | Trichoderma Viridi 1.5% WP (2x10^6-10^8CFU/gm) (in kg) |
| 3 | कीटनाशक | Fipronil 0.3GR(in kg) |
| | | Azadirechtin 3000 ppm (in ltr) |
| | | Lambda- cyhalothrin 5%Ec (in ltr) |
| | | Bifenthrin 2.5% EC (Biflex TC or equivalent) (in ltr) |
| 4 | रसायनिक खाद | सूक्ष्म पोषक तत्व (Totocare/agromin or equivalent) (in ltr) |
| | | NPK:10:26:26 (Sufala or equivalent) (in kg) |
| | | SSP (in kg) |
| | | Urea (in kg) |
| | | MOP (Potas) (in kg) |
| 5 | Antibiotic | Plant Antibiotic (Kasugamycin 5% or equivalent) (in ltr) |
| 6 | प्लास्टिक | जलकुंड हेतु पॉलिथीन (18'x14') 250u (micron) का UV resistant (एक जलकुण्ड हेतु 6 kg पॉलिथीन जिसका लम्बाई 18 फीट एवं चौड़ाई 14 फीट हो ) |

नोट :– विस्तृत विवरणी एवं नियम व शर्ते जिला के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है ।

उप विकास आयुक्त –सह– अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, चतरा

PR 348359 Rural Development (24-25)_D


## उपायुक्त ने साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में सुनीं जनता की समस्याएं

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में विभिन्न मुद्दों पर सुनवाई की गई। जिले के दूर-दराज से आए नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को रखा, जिन पर आवश्यक निर्देश दिए गए। एनएच 23 पलमा-गुमला पथ निर्माण में जमीन अधिग्रहण की राशि के अवैध भुगतान की शिकायत प्राप्त हुई, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में, भरनो के अंचल अधिकारी द्वारा राजस्व दाखिल-खारिज आवेदन को खारिज करने की शिकायत पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जांच उपरांत उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। रायडीह के बहेरापाठ गांव के निवासियों ने पानी की समस्या से अवगत कराया, जिसमें ग्रामीणों को दूर से पानी लाने में कठिनाई हो रही है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए, उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को उक्त गांव में पानी की समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। माही उरांव की फसल बिजली के तार के संपर्क में आने से जलकर नष्ट हो गई। मुआवजे के लिए दिए गए आवेदन पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को उचित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।


### कार्यालय :- जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू
(नगरपालिका निर्वाचन शाखा)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2025 के तहत मेदिनीनगर नगर निगम, विश्रामपुर नगर परिषद् (वर्ग–ख), छत्तरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत एवं हरिहरगंज नगर पंचायत निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत सभी विनिर्दिष्ट स्थलों पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 10.03.2025 को कर दिया गया है, जो NIC Palamu के Website पर भी अपलोड है।

उक्त प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावा/आपत्ति दिनांक 20.03.2025 तक संबंधित अंचल अधिकारी के कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान प्राप्त किये जायेंगे।

उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह– निदेशक, डी0आर0डी0ए0, पलामू

PR 348418 District(24-25)#D



### उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
जिला बाल संरक्षण इकाई
(विकास भवन, द्वितीय तल्ला, Email Id- dcpschatra@gmail.com)

**-: प्रेस विज्ञप्ति :-**

समेकित बाल संरक्षण योजना, मिशन वात्सल्य अंतर्गत संविदा के आधार पर ज्ञापांक–990/स0क0, दिनांक–31.07.2024 द्वारा नियुक्ति से संबंधित प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदनो में से स्वीकृत एवं अस्वीकृत उम्मीदवारो के नाम www.chatra.nic.in के वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है।

स्वीकृत आवेदनो की उम्मीदवारों के मूल प्रमाण पत्रों एवं कम्प्यूटर दक्षता की जांच दिनांक–18.03.2025 को समय 10:00 बजें पूर्वा0 से निर्धारित है।

अतः निर्धारित तिथि अनुसार ससमय समाहरणालय स्थित NIC कार्यालय, चतरा में Proficiency in Computers की जांच के पश्चात DRDA चतरा विकास भवन के प्रथम तल्ला के सभागार में अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद किसी भी उम्मीदवार की दावेदारी पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट :– 1. नियुक्ति से संबंधित कोई भी जानकारी जिला के अधिकारिक वेबसाईट तथा जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय से ही प्राप्त करे अन्य स्त्रोत से दी गई जानकारी पर भरोसा ना करें।

2. उपरोक्त हेतु आने–जाने का यात्रा भत्ता या अन्य कोई भत्ता विभाग के द्वारा देय नहीं होगा।

उप विकास आयुक्त, चतरा

PR 348370 Social Welfare,Women and Child Development (24-25)_D



### जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, चतरा ।
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)

**–:बिरसा हरित ग्राम योजना से संबंधित अति अल्पकालीन निविदा:–**

विभागीय पत्रांक (N) 244 (अनु0), दिनांक 27.02.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में मनरेगा अन्तर्गत **"बिरसा हरित ग्राम योजना"** के तहत चतरा जिला में गुणवतापूर्ण Grafted/ Layered **आम, अमरूद, नीम्बू, कटहल एवं Drum Stick** आदि की खरीदारी के लिए दर निर्धारण हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है ।

उक्त के आलोक में NHB (National Horticulture Board) अन्तर्गत निबंधित झारखण्ड राज्य में अवस्थित नर्सरियों से पौधा आपूर्ति के लिए दर निर्धारण हेतु दिनांक **24.03.2025** के अपराह्न **1.00** बजे तक मुहरबंद लिफाफे में निविदा **जिला ग्रामीण विकास शाखा, चतरा** के कार्यालय में जमा करेगें तथा दिनांक **24.03.2025** के अपराह्न **02.00** बजे जिला स्तरीय क्रय समिति तथा उनके प्रतिनिधि के उपस्थिति में खोली जाएगी । NHB (National Horticulture Board) अन्तर्गत निबंधित झारखण्ड राज्य में अवस्थित नर्सरियों से पौधा आपूर्ति के लिए दर निर्धारण हेतु निम्न शर्तों पर निविदा आमंत्रित किया जाता है :–

**नोटः– निविदा से संबंधित शर्तें जिला के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है ।**

उप विकास आयुक्त –सह– अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, चतरा।

PR 348358 (Rural Development) 24-25 (D)



### कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**"अति अल्पकालीन निविदा"**

जनजातीय कल्याण ग्रामीण अस्पताल, मननचोटाग, लातेहार में IPD सेवा प्रारंभ करने हेतु चिकित्सा उपकरण एवं सामग्री का क्रय आवश्यकतानुसार करने हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक– 18.03.2025 को 12:30 बजे अपराह्न तक परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लातेहार के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दिनांक– 18.03.2025 को 03:00 बजे अपराह्न में अध्यक्ष क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा का **"तकनीकी बिड"** एवं **"वित्तीय बिड"** अलग–अलग होगा। तकनीकी बिड विधिवत् पाए जाने के उपरांत ही संबंधित निविदादाता का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

**(क) निम्नलिखित दस्तावेज तकनीकी अहर्त्ता पूर्ण करने के लिए अनिवार्य होगा। वांछित सभी दस्तावेजों को एक लिफाफा में जिसके ऊपर तकनीकी बिड अंकित हो, डालकर उसे सील बंद करके जमा करना होगा।**

1) निविदादाताओं को निविदा के साथ अग्रधन की राशि के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार के पदनाम से 2,00,000/– (दो लाख) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा।
2) GST का वित्तीय वर्ष 2024–25 का अद्यतन GSTR-3B जमा करना अनिवार्य होगा।
3) आयकार कार्ड (Pan Card) की सत्यापित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
4) निर्माता कंपनी/प्राधिकृत विक्रेता, निविदादाता या एजेन्सी को इस आशय का शपथ–पत्र/Undertaking मूल रूप में देना होगा कि उनकी कंपनी/संस्थान केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं अन्य के द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं है तथा MRP से अधिक दर अंकित नहीं है।
5) निविदादाताओं का न्यूनतम टर्नओवर 100.00 (एक करोड़ रूपये) होना अनिवार्य होगा, जिसके लिए विगत तीन वर्ष का ऑडिट रिपोर्ट जमा करना अनिवार्य होगा।
6) निविदादाता को वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 का आयकर रिर्टन जमा करना अनिवार्य होगा।
7) झारखण्ड राज्य से बाहर के निविदादाता निविदा में भाग लेते हैं, तो उन्हें झारखण्ड में सर्विस सेन्टर होने का प्रमाण–पत्र देना होगा। अगर झारखण्ड राज्य के आपूर्तिकर्ता/विक्रेता हो प्राधिकृत करते हैं, तो प्राधिकार पत्र संलग्न करना होगा।
8) निर्माता कंपनी/सी0एन0एफ0 द्वारा निर्गत प्राधिकार पत्र संलग्न करना होगा। प्राधिकार पत्र निविदा निर्गत की तिथि के बाद का होना चाहिए।
9) निर्माता कंपनी का मशीन, उपकरण से संबंधित ISO Certificate संलग्न करना होगा।
10) निर्माता कंपनी का मशीन, उपकरण से संबंधित CE Certificate संलग्न करना होगा।
11) उपायुक्त द्वारा निर्गत आचरण प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
12) **चिकित्सा उपकरण एवं अन्य सभी सामग्रियों का संलग्न सूची के अनुसार सभी सामग्रियों का कर सहित दर अंकित करना अनिवार्य होगा।**
13) किसी भी निविदा को स्वीकृत करने, संशोधित करने तथा निविदा को अंशतः या पूर्णतः रद्द करने का अधिकार अध्यक्ष, क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा, जिसपर किसी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(ख) वित्तीय निविदा :– वित्तीय बिड का लिफाफा अलग से सील बंद कर जमा करना होगा।

1) निविदादाताओं को चिकित्सा उपकरण एवं चिकित्सा सामग्री इत्यादि के लिए अलग–अलग सामग्रियों से संबंधित दर सभी करों सहित लिफाफे में मुहरबंद कर जमा करना अनिवार्य होगा।
2) निविदा समर्पित कर देने के बाद प्रस्तुत कोई दर मान्य नहीं होगा।

**नोटः–क्रय किये जाने वाले चिकित्सा उपकरण एवं सामग्री की सूची लातेहार जिला के Website (latehar.nic.in) से प्राप्त किया जा सकता है।**

जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार

PR 348372 (Welfare)24-25*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

आपकी मुस्कुराहट में अनंत परमात्मा की हँसी स्पन्दित होनी चाहिए। उनके प्रेम की बयार को दूसरों के हृदयों में आपकी मुस्कुराहटें फैलाने दें। उनका तेज संक्रामक होगा। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय


# गर्म हो रही रांची की चेतावनी

कभी ग्रीष्मकालीन राजधानी और हिल स्टेशन के रूप में प्रसिद्ध राजधानी रांची की बढ़ती गर्मी ने यहां के लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मार्च में ही मई की अनुभूति हो रही है। बेरोकटोक बढ़ती आबादी, बढ़ते वाहन और बढ़ती ऊंची इमारतें इस प्रतिकूल प्रभाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कभी हरी भरी रही राजधानी में कन्क्रीट के जंगल एवं ऊंची इमारतें गर्मी को वापस वातावरण में उत्सर्जित करके शहर को गर्म करती है और हवाओं के बहने पर भी प्रभाव डालती है। पर्यावरणविद मानते हैं कि समुद्रतल से रांची की ऊंचाई औसतन 600 मीटर है, जिसके चलते मैदानों की तुलना में बादल यहां कम ऊंचाई पर ही बनते हैं। अब रांची शहर में ऊंची इमारतों से उठती गर्म हवा इन बादलों को शहर के बाहर धकेल रही है। इस वजह से रांची के आसपास के इलाकों में तो बारिश होती है, लेकिन शहर बारिश से वंचित हो जाता है। रांची शहर के आसपास नंगे पहाड़ों की वजह से भी गर्म हवा ऊपर उठ रही है। यही नहीं, बढ़ते शहरीकरण की वजह से यहां की मिट्टी या तो दब गई है या तो ठोस हो गई है और वो सारी गर्मी को वापस वातावरण में लौटाकर गर्मी को बढ़ा रही है। ये सभी कारण राजधानी के मौसम में आए बदलाव का कारण बन रहे हैं। समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो हालात और बिगड़ते चले जाएंगे। इसके लिए आम लोगों को भी चिंता करने की जरूरत है। रांची शहर की अपनी जलवायु है, जो यहां की ऊंची इमारतों की वजह से प्रभावित हो रही है। गर्म हवाएं इनमें फंसकर ऊपर उठकर बादलों को धकेल देती हैं। दूसरी ओर ये इमारतें गर्म हवाओं को रोक कर शहर को धीरे-धीरे गर्म करती हैं। अगर हरियाली होती तो शायद बादल संघनित होकर बरसते और गर्मी उतनी महसूस नहीं होती। आज भी रांची जिले के जिन हिस्सों में अधिक हरियाली है वहां सामान्यतः कम तापमान रहता है। मेन रोड, अपर बाजार, हिंदपीढ़ी, रातू रोड, सर्कुलर रोड, पिस्का रोड, कोकर, डोरंडा आदि जगह ज्यादा गर्म हो रहे हैं। इन जगहों पर ऊंची इमारतों का होना एवं हरियाली का कम होना अहम वजह है। जिस तरह से आबादी, वाहन एवं ऊंची इमारतें बढ़ी हैं गर्मी का प्रभाव भी बढ़ा है। झारखंड के सभी जिलों के तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। सुबह-शाम लगने वाली ठंड भी अब कम हो गई है। दिन में चढ़ता सूरज तपीश देने लगा है। कुल मिला कर तापमान में बढ़ोत्तरी की वजह से धीरे-धीरे गर्मी सताने लगी है। आलम यह हो गया है कि राज्य के सभी जिलों का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक जा चुका है।सोमवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला का रहा। यहां का अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बात राजधानी रांची के मौसम की करें तो रांची का अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। राजधानी के तापमान में ऐसी बढ़ोत्तरी सामान्य से 22.4 डिग्री सेल्सियस से अधिक है।" सरकार को इस गर्मी को चेतावनी की तरह लेना चाहिए और राजधानी रांची के आसपास अंधाधुंध बस रही अनियमित बस्तियों पर रोक लगानी चाहिए जो पेड़ों की कटाई भी कर बनाई जा रही हैं और इनका निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है जो भविष्य के लिए खतरा बन सकते हैं।

*रांची शहर के आसपास नंगे पहाड़ों की वजह से भी गर्म हवा ऊपर उठ रही है।*

एआई और महिला सशक्तिकरण

# डिजिटल युग में समानता की ओर बढ़ते कदम




आज के इस तेज गति वाली 21वीं सदी में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में नित नई संभावनाएँ उभर रही हैं, विशेष रूप से आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकों के माध्यम से। एआई न केवल महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के नए अवसर प्रदान कर सकता है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी समान भागीदार बनाने में मदद कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 समिट से लेकर वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम तक, हर मंच पर 'वूमेन-लेड डेवलपमेंट' को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके तहत महिलाओं को केवल विकास का लाभार्थी ही नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता भी माना जा रहा है। एआई इस दृष्टि से कई प्रकार से देश की विकास यात्रा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ा सकता है। चाहे रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना हो या शिक्षा एवं कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुगम बनाना, एआई हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभा सकता है। महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने में भी एआई महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। घरेलू हिंसा और उत्पीड़न की निगरानी के लिए एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स और मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जा सकते हैं, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों को चिन्हित करने और उनके रोकथाम में मदद करेंगे।

इसके अलावा, एआई-पावर्ड चैटबॉट्स कानूनी और सुरक्षा संबंधी सलाह देने में मददगार हो सकते हैं, जिससे महिलाएं किसी भी परिस्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इन चैटबॉट्स का इस्तेमाल विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के पोर्टल पर भी किया जा सकता हैं जिससे महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के बारे में आसानी से पता चल सकें।

डेटा एनालिटिक्स की मदद से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। एआई संचालित डिजिटल वेरिफिकेशन के जरिए फ़र्जी लाभार्थियों की पहचान कर जरूरतमन्द लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सकता है।

एआई के उपयोग को लेकर 2018 में, भारत सरकार ने 'नेशनल स्ट्रैटेजी फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की शुरुआत की, जिसका मकसद कुछ खास क्षेत्रों में एआई के विकास को बढ़ावा देना था। वर्ष 2021 में, 'रिस्पॉन्सिबल एआई' पर एक ड्राफ्ट पेश किया गया, जिसमें नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दिया गया। इस नेशनल स्ट्रैटेजी को 'एआइ फॉर ऑल' की थीम पर तैयार किया गया है।

आज की **बात**



**सावित्री ठाकुर**
महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री, भारत सरकार

विगत वर्ष, प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'मेकिंग एआई इन इंडिया' और 'मेकिंग एआई वर्क इन इंडिया' के विज़न पर चलते हुए 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ राष्ट्रीय स्तर के इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी थी। ये मिशन, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रणनीतिक कार्यक्रमों और साझेदारियों के माध्यम से एआई नवाचार को बढ़ावा देने वाला एक वृहद इकोसिस्टम स्थापित करेगा।

हाल ही में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और फ्रांस की सह-अध्यक्षता में आयोजित पेरिस एआई शिखर सम्मेलन 2025 में एआई को अधिक समावेशी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था, ताकि यह सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित हो सके। इसी संदर्भ में, एआई महिलाओं की सुरक्षा और लैंगिक हिंसा की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभा सकता है। एआई-आधारित निगरानी प्रणाली सार्वजनिक स्थलों पर लड़कियों के साथ होने वाले छेड़छाड़ की घटनाओं की पहचान कर अपराधी को चिन्हित करने में मदद कर सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई का उपयोग ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर बुलिंग जैसी समस्याओं से निपटने में किया जा सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित आपातकालीन अलर्ट सिस्टम महिलाओं को तुरंत सहायता प्रदान करने में मदद कर सकता हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और भी सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य सेवाओं में एआई का उपयोग भी महिलाओं के लिए वरदान साबित हो सकता है। हाल ही में स्वीडन में हुई एक क्लीनिकल स्टडी में पाया गया कि एआई आधारित मैमोग्राफी सिस्टम 29% अधिक स्तन कैंसर के मामलों की पहचान कर सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स डॉक्टरों को जटिल बीमारियों की पहचान करने और उनके उपचार में मदद कर सकता है। खासकर, यह तकनीक हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर सकती है और संभावित जटिलताओं को रोकने में सहायक हो सकती है। 'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत, भारत को एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। एआई न केवल महिलाओं के लिए नए अवसरों का सृजन कर सकता है, बल्कि उन्हें समाज में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए सक्षम भी बना सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एआई केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्यता है। यह तकनीक एक समावेशी और प्रगतिशील समाज की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसका उपयोग केवल आर्थिक या तकनीकी उन्नति तक सीमित न रहें, बल्कि इसे महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी उपयोग किया जाए।

# सपनों की सच्ची उड़ान

गांव के एक छोटे से घर में रहने वाली कल्पना देवी के लिए उनका इकलौता बेटा, आरव, ही उनकी दुनिया था। पति के गुजर जाने के बाद उन्होंने अकेले ही आरव को पाल-पोसकर बड़ा किया। संघर्षों से भरी जिंदगी में उन्होंने कभी अपने बेटे की खुशी पर आँच नहीं आने दी। आरव बचपन से ही माँ का हाथ बँटाने में विश्वास रखता था। जब उसके दोस्त खेलते, वह माँ के साथ खेतों में हाथ बँटाता। जब दोस्त ऊँचे सपने देखते, वह माँ की आँखों में छुपे दर्द को पढ़ता। समय बीता, आरव ने अपनी पढ़ाई पूरी की और शहर में बड़ी नौकरी पा ली। गाँव में यह खबर आग की तरह फैल गई। हर कोई कह रहा था, "अब आरव अपने सपनों को उड़ान देगा, और माँ को आराम की ज़िंदगी मिलेगी!" माँ की आँखों में गर्व था, लेकिन उनके दिल में एक अनकही चिंता भी थी। बेटे की विदाई की कल्पना मात्र से ही उनकी आँखें नम हो जातीं। एक दिन, माँ ने बेटे से कहा, "बेटा, अब तुझे अपनी दुनिया बसानी है। शहर जा, अपने सपनों को पूरा कर, मेरी फिक्र मत कर।" आरव मुस्कुराया, माँ के पास बैठकर उनके हाथ अपने हाथों में लिए और बोला, "माँ, मेरी दुनिया आपके बिना अधूरी है। सपने वे नहीं जो अपनों से दूर कर दें, बल्कि वे होते हैं जो अपनों के साथ पूरे किए जाएँ।" आरव ने गाँव में ही एक नई पहल की-उसने गाँव के युवाओं के लिए एक शिक्षण संस्थान खोला, जहाँ वे मुफ्त में शिक्षा प्राप्त कर सकते थे। शहर की बड़ी नौकरी छोड़कर उसने अपने गाँव के भविष्य को संवारने का बीड़ा उठाया।

"तू अपना भविष्य क्यों बर्बाद कर रहा है?" लोगों ने ताने मारे। लेकिन आरव का उत्तर सधा हुआ था-"अगर मेरी सफलता मेरे अपनों के काम नहीं आई, तो ऐसी सफलता का कोई मूल्य नहीं।" समय बीता, और आरव की मेहनत रंग लाई। उसका शिक्षण संस्थान पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध हो गया। कई गाँवों के बच्चे वहाँ आकर पढ़ने लगे। माँ उसे देखकर गर्व से भर जातीं। एक दिन, जब माँ ने गाँव के बच्चों को पढ़ते देखा, तो उनकी आँखों में आँसू थे-गर्व और खुशी के आँसू। उन्होंने बेटे का माथा चूमा और कहा, "बेटा, मैंने तुझे सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचते देखने का सपना देखा था, और तूने मेरी कल्पना से भी बड़ा सपना सच कर दिया!" आरव ने माँ के पैरों को छूते हुए कहा, "माँ, मेरी सबसे बड़ी सफलता आपकी मुस्कान है। यह दुनिया मुझे पहचानें या न पहचानें, लेकिन जब तक आप मुझ पर गर्व करती रहेंगी, मैं खुद को दुनिया का सबसे सफल इंसान मानूँगा।" उस दिन माँ को एहसास हुआ कि उन्होंने अपने बेटे को सिर्फ जन्म ही नहीं दिया, बल्कि उसे इंसानियत की सबसे बड़ी सीख भी दी थी—सपने सिर्फ खुद के लिए नहीं, अपनों और समाज के लिए होने चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग **बात**



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

# काशी की परंपरागत मणिकर्णिका महाश्मशान होली

भगवान शिव और मोक्ष की नगरी के रूप में प्रसिद्ध विश्व के प्राचीनतम शहरों में से एक काशी को मंदिरों का शहर भी कहा जाता है। शिव और काशी का संयोग सृष्टि के प्रारंभ से ही है। इसीलिए कहा जाता है- काशी के कंकर- कंकर में शंकर। यहां के गली से लेकर घर तक में शिवालय मिलते हैं, और प्रत्येक व्यक्तित्व में शिवत्व। शिव का औघड़पन यहां की मस्ती में सहज प्राप्य है। सम्पूर्ण भारत में विद्यमान बारहज्योतिर्लिंगों में से एक श्रीकाशी विश्वनाथमंदिर भी काशी में ही विद्यमान है। काशी विश्वनाथ में स्वयं भगवान शिव शक्ति की देवी माता भगवती के साथ विराजमान हैं। काशी में स्थित काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग के दो भाग हैं- दाहिने भाग में शक्ति के रूप में माता भगवती विराजमान हैं, तथा दूसरी तरफ स्वयं भगवान शिव वाम रूप (सुंदर रूप) में विराजमान है। इस कारण इसे काशी का अविमुक्त क्षेत्र भी कहा जाता है। माता भगवती के दाहिनी ओर विराजमान होने से मुक्ति का मार्ग केवल काशी में खुलता है। यहां मनुष्य को संपूर्ण मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगा के पावन तट पर स्थित त्रिशूलाधिपति का यह स्थल सम्पूर्ण विश्व मेंशिवभक्तों के लिए आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है।यह मंदिर भगवान शिव और माता पार्वती का आदि स्थान है। इस पवित्र मंदिर के प्रमुख देवता श्रीविश्वनाथ हैं। विश्वनाथ का अर्थ है- विश्व के नाथ अर्थात ब्रह्मांड के भगवान। ऐसी मान्यता है कि एक बार इस मंदिर के दर्शन और पवित्र गंगा में स्नारन कर लेने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि प्रलयकाल में भी इसका लोप नहीं होता। प्रलयकाल में भगवान शंकर इसे अपने त्रिशूल पर धारण कर लेते हैं, और सृष्टि काल आने पर इसे नीचे उतार देते हैं। इसे आदि सृष्टि स्थली की भूमि भी कहा जाता है। इसी स्थान पर भगवान विष्णु ने सृष्टि उत्पन्न करने की कामना से तपस्या करके आशुतोष को प्रसन्न किया था और फिर उनके शयन करने पर उनके नाभिकमल से ब्रह्मा उत्पन्न हुए, जिन्होंने सम्पूर्ण संसार की रचना की। अगस्त्य मुनि, महर्षि वशिष्ठ और राजर्षि से ब्रह्मर्षि बने विश्वामित्र भी काशी विश्वेश्वर की आराधना -उपासना से मनोवांछित वर प्राप्त कर लोकप्रिय हो गए। बाबाविश्वनाथ की नगरी काशी के सभी तत्व, सभी पर्व, सब त्योहार शिव के रंग में रंगे हैं। यहां की होली भी अनूठी है। फाल्गुन में काशी का कण- कण फाग गाता है। श्मशान अर्थात मशान में होली खेलने दिगम्बर आते हैं। यहां शिव के साथ- साथ हर जीव संसार के इस महाश्मशान में होली ही खेल रहा है। यह खेल तबतक जारी रहेगा, जब तक उस मणिकर्णिका की ज्योति में समाहित नहीं हो जाता। संसार श्मशान ही तो है।मृत्यु से सर्वाधिक भयभीत रहने वाले मनुष्य के प्रत्येक भय का अंतिम कारण अपनी अथवा अपनों की मृत्यु ही होती है। श्मशान में होली खेलने का अर्थ है-मृत्यु की उस भय से मुक्ति पा लेना। शिव किसी शरीर मात्र का नाम नहीं है। शिव वैराग्य की उस चरम अवस्था का नाम है, जब व्यक्ति मृत्यु की पीड़ा,भय अथवा अवसाद से मुक्त हो जाता है। शिव होने का अर्थ है, वैराग्य की उस ऊंचाई पर पहुंच जाना, जब किसी की मृत्यु कष्ट न दे, बल्कि मृत्यु को भी जीवन का एक आवश्यक हिस्सा मान कर उसे पर्व की तरह खुशी -खुशी मनाया जाय। शिव के शरीर में भभूत लपेट कर नाच उठने पर वे समस्त भौतिक गुणों-अवगुणों से मुक्त दिखते हैं। यही शिवत्व है।

मान्यता है कि काशी की मणिकर्णिका घाट पर भगवान शिव ने देवी सती के शव की दाहक्रिया की थी। तबसे वह महाश्मशान है, जहां चिता की अग्नि कभी नहीं बुझती। एक चिता के बुझने से पूर्व ही दूसरी चिता में आग लगा दी जाती है। वह मृत्यु की लौ है, जो कभी नहीं बुझती। जीवन की हर ज्योति अंततः उसी लौ में, उसी परम ज्योति में समाहित हो जाती है। शिव के अपने पत्नी देवी सती के शव को अपने कंधे पर लेकर नाचते समय वे मोह के चरम पर थे। वे शिव थे, फिर भी शव के मोह में बंध गए थे। मोह बड़ा प्रबल होता है, यह किसी को नहीं छोड़ता। सामान्य जन भी विपरीत परिस्थितियों में, या अपनों की मृत्यु के समय ऐसे ही शव के मोह में तड़पते हैं। शिव शिव थे, वे रुके तो उसी प्रिय पत्नी की चिता भष्म से होली खेल कर युगों- युगों के लिए वैरागी हो गए। मोह के चरम पर ही वैराग्य उभरता है, लेकिन मनुष्य इस मोह से नहीं निकल पाता। वह एक मोह से छूटता है, तो दूसरे के फंदे में फंस जाता है। यह मोह मनुष्य को शिवत्व प्राप्त नहीं होने देता।काशी शिव के त्रिशूल पर टिकी है। शिव की अपनी नगरी है काशी।कैलाश के बाद उन्हें सबसे अधिक काशी ही प्रिय है। यही कारण है कि काशी एक अलग प्रकार की वैरागी ठसक के साथ जीती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी **बात**



**अशोक "प्रवृद्ध"**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

इक चुनाव थी होलिका, इक चुनाव प्रहलाद।
दोनों के संदर्भ थे, दोनों के प्रतिवाद।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# बार-बार हिंदू मंदिरों पर हमले बड़ी फिरकापरस्त साजिश!

कैलिफोर्निया अमेरिका में एक बार फिर हिंदू मंदिर पर हमला किया गया है। बांग्लादेश पाकिस्तान कनाडा और अब अमेरिका सब जगह हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ आगजनी हिंसा हिंदू समाज की सहिष्णुता को चुनौती देने का फिरकापरस्त ताकतों की साजिश है ताकि भारत में इसकी प्रतिक्रिया हो और हिंदू सिख मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच परस्पर घृणा विद्वेष फैलाने में कामयाबी हासिल की जा सके। इस बार दक्षिणी कैलिफोर्निया के सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र किया गया और इसकी दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए। पिछले कुछ महीनों में यह इस तरह की दूसरी घटना है। स्वामीनारायण मंदिर प्रबंधन ने अपने बयान में बताया है कि हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरत का एक और प्रदर्शन करते हुए आपको बता दें कि कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में उनके मंदिर को निशाना बनाया गया। इसने आगे कहा कि समुदाय कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देगा।

केलीफोर्निया में सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक स्वामीनारायण मंदिर के ऊपर हमला किया गया है। इस दौरान मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए हैं। अमेरिका के हिंदू संगठनों ने मंदिर पर हुए हमले की निंदा की है। भारत ने कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर को अपवित्र करने की घटना की रविवार को कड़ी निंदा की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ ''कड़ी कार्रवाई''की मांग की। भारत ने घटना के मद्देनजर पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, है कि हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं।

बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने शनिवार को कहा कि चीनो हिल्स में श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र को किया गया। 'बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स' ने पोस्ट किया कि एक और मंदिर को अपवित्र किया गया तथा इस बार कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स स्थित मंदिर में ऐसी घटना को अंजाम दिया गया है।इसने कहा, "हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है। चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया के लोगों के साथ मिलकर हम कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे।"मंदिर पर हुए हमले को लेकर चिनो हिल्स पुलिस विभाग ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के संगठन ने घटना की निंदा करते हुए पोस्ट किया, एक और हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई। इस बार चिनो हिल्स, कैलिफोर्निया में प्रतिष्ठित बीएपीएस मंदिर में। यह दुनिया में एक और दिन है, जहां मीडिया और शिक्षाविद इस बात पर जोर देंगे कि हिंदू विरोधी कोई नफरत नहीं है और हिंदूफोबिया सिर्फ हमारी कल्पना की उपज है।

उत्तरी अमेरिका की हिंदू संस्थान सीओएचएनए ने एक्स पर अपनी पोस्ट पर लिखा है कि ये कतई चौंकाने वाला नहीं है कि लॉस एंजिल्स में तथाकथित खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले ऐसा किया गया है। सीओएचएनए ने अपनी पोस्ट में वर्ष 2022 के बाद से अमेरिका के मंदिरों में तोड़फोड़ कई मामलों की जानकारी दी है और जांच की मांग की है। सीओएचएनए उत्तरी अमेरिका में हिंदुओं का एक संगठन है। जो उत्तरी अमेरिका में हिंदू धर्म की समझ को बेहतर बनाने और हिंदू समुदाय को प्रभावित करने वाले मामलों के लिए कार्य करता है इस संगठन ने मंदिरों पर हमलो की क्रमवार जानकारी जारी की है इस के अनुसार 3 अगस्त 2022, श्री तुलसी मंदिर क्वींस, न्यूयार्क 16 अगस्त 2022, श्री तुलसी मंदिर क्वींस, न्यूयार्क 30 अक्तूबर 2022, हरि ओम राधाकृष्ण मंदिर, सेक्रामेंटो, कैलिफोर्निया 23 दिसंबर 2023, एसएमवीएस श्रीस्वामी नारायण मंदिर कैलिफोर्निया, 1 जनवरी 2024, शिव दुर्गा मंदिर सेंटा क्लारा कैलिफोर्निया 5 जनवरी 2024, श्री आस्था लक्ष्मी मंदिर फ्रेमांट, कैलिफोर्निया 5 जनवरी 2024, विजय शेरावली मंदिर, हेवर्ड, कैलिफोर्निया 11 जनवरी 2024, श्री पंचमुख हनुमान मंदिर डबलिन, कैलिफोर्निया 17 सितंबर 2024, बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर न्यूयार्क 25 सितंबर 2024, बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर, सेक्रामेंटो, कैलिफोर्निया में हिन्दू मंदिरों को निशाना बनाया गया। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंवं मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

औरंगजेब का गुणगान करने वाले अबू आजमी के बदले सुर

# अब छत्रपति संभाजी महाराज को बताया पराक्रमी योद्धा

**एजेंसी । मुम्बई**



समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अबू आसिम आजमी के बयान पर महाराष्ट्र की राजनीति में विवाद जारी है। हाल ही में औरंगजेब को लेकर उनके बयान पर बवाल मचा था। वहीं, छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि पर अबू आसिम आजमी द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दिए जाने के बाद मामला और गरमाता जा रहा है। आज यानी 11 मार्च को छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि है। इतिहास में दर्ज है कि आज ही के दिन मुगल शासक औरंगजेब ने उनकी हत्या करवा दी थी। अबू आसिम आज़मी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट करके संभाजी महाराज को श्रद्धांजलि दी।

**मुरादाबाद:** शहर इमाम की मुसलमानों से अपील

# होली के दिन नजदीकी मस्जिदों में अदा करें जुमे की नमाज

**मुरादाबाद (आईएएनएस)**



देशभर में 14 मार्च को रंगों का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। त्योहार के मद्देनजर मुरादाबाद की जामा मस्जिद में जुमे की नमाज का समय बढ़ा दिया गया है। होली और जुमा एक साथ होने पर शहर जामा मस्जिद में दोपहर 1 बजे की जगह 2:30 बजे नमाज अदा की जाएगी। शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद ने होली के दिन मुसलमानों से अपने नजदीक की मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा करने की अपील की है। इमाम ने जुमे की नमाज के समय को बढ़ाने की भी घोषणा की। उनका कहना है कि रमजान का महीना चल रहा है और इस दौरान बड़ी संख्या में नमाजी मस्जिदों में आते हैं। इसलिए जुमे की नमाज का समय बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

# मणिकर्णिकाघाट पर धधकती चिताओं के बीच खेली गई चिता भस्म की होली

**वाराणसी (हि.स.)**

काशी की पवित्र भूमि, जो जीवन और मृत्यु के बीच की अनंत कड़ी है,ने इस वर्ष भी एक अद्भुत दृश्य का साक्षात्कार कराया। रंगभरी एकादशी के दूसरे दिन मंगलवार को मोक्ष की धरती मणिकर्णिकाघाट पर चिता भस्म की होली का आयोजन किया गया, जो न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान था, बल्कि जीवन और मृत्यु के साक्षात अनुभव को महसूस कराने वाला अतुलनीय दृश्य था। महाश्मशान घाट पर जहां एक ओर चिता की लपटें सुलग रही थीं, वहीं दूसरी ओर शिव भक्तों, नागा संतों और अघोरियों के साथ हजारों युवा 'हर-हर महादेव' के उद्घोष में डूबे हुए थे। विशाल डमरूओं की निनाद के बीच चिता भस्म और अबीर से होली खेलने का यह दृश्य जैसे जीवन के अंतिम और प्रारंभिक बिंदु का मिलन था। इस दौरान, 'खेलें मसाने में होरी दिगंबर' गीत पर युवा थिरकते रहे, जबकि घाट के वातावरण में एक अद्वितीय ऊर्जा का संचार हो रहा था। मणिकर्णिका घाट पर इस अनोखी होली में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ा था। घाट के नीचे एक ओर जहां शवों की कतार लगी थी, वहीं दूसरी ओर 'हर-हर महादेव' के उद्घोष ने सबको एक नई दिशा दी। यह दृश्य काशी के उन गहरे और गूढ़ संदेशों को भी समझाता है, जो जीवन और मृत्यु के बीच के रिश्ते को एक नई दृष्टि से देखने के लिए प्रेरित करते हैं। काशी में यह मान्यता है कि बाबा विश्वनाथ के गौने में उनके पिशाच, भूत-प्रेत, औघड़, अघोरी और संन्यासी शामिल नहीं हो पाते, क्योंकि बाबा के सभी भक्त निर्विकार होते हैं। बाबा इन्हें निराश नहीं करते और गौने के अगले दिन मणिकर्णिका घाट पर इन भूत-प्रेतों के साथ चिता भस्म की होली खेलते हैं। यही पौराणिक मान्यता काशी में चिता भस्म की होली के आयोजन का आधार है।



**अनोखी होली** में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों का उमड़ पड़ा हुजूम



मृत्यु कोई अंत नहीं, बल्कि **एक नई शुरुआत** है...

यह दृश्य, काशी में जीवन और मृत्यु के साक्षात्कार को दर्शाता है, मृत्यु कोई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है, जहां हर व्यक्ति को शाश्वत अस्तित्व की ओर एक कदम और बढ़ाया जाता है। शिव आराधना समिति के डॉ मृदुल मिश्र ने बताया कि काशी में यह मान्यता है कि बाबा विश्वनाथ के गौने के अगले दिन मणिकर्णिका घाट पर बाबा अपने गणों के साथ चिता भस्म की होली खेलते हैं।

# बिहार की धरती आबा-बाबा को नहीं समझती है : राजद

**पटना (आईएएनएस)**



बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री इन दिनों बिहार में हैं। इसी बीच उनके हिंदू राष्ट्र बनाने को लेकर दिए गए एक बयान पर प्रदेश की सियासत गर्म हो गई है। राजद ने साफतौर पर कहा कि यह बिहार की धरती आबा-बाबा को नहीं समझती है। दरअसल, पंडित धीरेंद्र शास्त्री गोपालगंज के रामनगर में पांच दिवसीय हनुमंत कथा में शामिल होने आए। उन्होंने कथा के अंतिम दिन भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर कहा कि सभी जात-पात से ऊपर होकर एक हो जाएं तभी भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा।

# होली पर महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर मिलेगा या फिर एक और जुमला : आतिशी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा किए गए वादों और दावों पर सवाल उठाए हैं। पार्टी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि 8 मार्च को हर महिला के खाते में 2500 जमा किए जाएंगे। विपक्ष का कहना है कि अभी तक इस योजना का रजिस्ट्रेशन तक शुरू नहीं हुआ है, जिससे महिलाओं के बीच निराशा बढ़ रही है। आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से आई महिलाओं के साथ एक प्रेस वार्ता करते हुए कहा है कि भाजपा द्वारा किया गया दूसरा वादा था होली के अवसर पर हर महिला को मुफ्त गैस सिलेंडर देने का।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# आप्रवास व विदेशी विषयक विधेयक लोकसभा में पेश

**नई दिल्ली (हि.स.)**



गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक-2025 विचार के लिए लोकसभा में पेश किया। विधेयक का उद्देश्य देश में आप्रवासन से जुड़े कानूनों को नए सिरे से परिभाषित करना है। विधेयक के अधिनियम बनने पर विदेशियों एवं अप्रवास से संबंधित मामलों के वर्तमान के चार अधिनियमों- विदेशी विषयक अधिनियम-1946 और आप्रवास (वाहक दायित्व) अधिनियम-2000, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920, विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम-1939 का स्थान लेगा। विधेयक का उद्देश्य केंद्र सरकार को भारत में प्रवेश करने और भारत से प्रस्थान करने वाले व्यक्तियों के संबंध में पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेजों की आवश्यकता और विदेशों से संबंधित मामलों को विनियमित करने के लिए कुछ शक्तियां प्रदान करना है। विधेयक को सदन के विचार के लिए प्रस्तुत किए जाने का कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी और तृणमूल कांग्रेस सदस्य सौगत राय ने विरोध किया। तिवारी ने कहा कि विधेयक संविधान में दिए मूलभूत अधिकारों से जुड़े कई अनुच्छेदों का उल्लंघन करता है। उन्होंने मांग की कि विधेयक को सरकार वापस ले या फिर इसे संयुक्त समिति को भेजे। तिवारी ने कहा कि विधेयक किसी विदेशी या भारतीय मूल के व्यक्तियों को भारत में प्रवेश से रोकने का अधिकार आप्रवासन अधिकारियों को देता है जिसके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। वहीं सौगत राय ने गृहमंत्री अमित शाह की अनुपस्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि विधेयक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने वाले संस्थानों को विदेशियों के अपने यहां आने से जुड़ी जानकारी देना अनिवार्य करता है। विधेयक को प्रस्तुत किए जाने के विरोध में हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि केंद्रीय अनुसूची में होने के कारण संसद के पास इस तरह का विधेयक लाने की पूरा अधिकार है। यह विधेयक सुरक्षा के तहत भी जरूरी है। दुनिया में कहीं भी विदेशियों को प्रवेश से रोके जाने के खिलाफ

## राज्यसभा में खड़गे की टिप्पणी पर जेपी नड्डा जताया कड़ा विरोध, नेता प्रतिपक्ष ने मांगी माफी



राज्यसभा में मंगलवार को एक बार फिर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखा संवाद देखने को मिला। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की एक टिप्पणी पर सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने कड़ा विरोध जताया और माफी की मांग की। इसके तुरंत बाद खड़गे ने स्पष्ट किया कि उनकी यह टिप्पणी उपसभापति हरिवंश के प्रति नहीं, बल्कि सरकार की नीतियों के प्रति थी। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें इससे ठेस पहुंची है तो वह माफी मांगते हैं। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह द्वारा शिक्षा मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा शुरू की जानी थी। दिग्विजय सिंह के बोलने से पहले राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सदन में हो रहे शोर-शराबे के बीच बोलने के लिए खड़े हुए।

लैंड फॉर जॉब

# सीबीआई से जुड़े मामले में लालू के बेटे तेज प्रताप व बेटी हेमा को जमानत

**नई दिल्ली (हि.स.)**



दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में आरोपित और बिहार के मुख्यमंत्री लालू यादव के बेटे तेज प्रताप यादव और उनकी बेटी हेमा यादव को जमानत दे दी है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने दोनों को पचास-पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दिया है। कोर्ट ने इस मामले में 25 फरवरी को सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था और तेज प्रताप यादव व बेटी हेमा यादव को समन जारी किया था। समन जारी होने के बाद दोनों आज कोर्ट में पेश हुए थे। सीबीआई ने 7 जून 2024 को इस मामले में अंतिम चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें 78 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इन 78 आरोपितों में से रेलवे में नौकरी पाने वाले 38 उम्मीदवार भी शामिल हैं।

ईडी ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में ईडी की ओर से अभी अभियोजन चलाने की अनुमति मिलना बाकी है। ईडी के मामले में कोर्ट ने 18 सितंबर 2024 को पहली पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए लालू यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप समेत सात आरोपितों को कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया था। ईडी के मामले में 7 मार्च 2024 को कोर्ट ने राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी को नियमित जमानत दी थी। ईडी के मामले में हाई कोर्ट आरोपित अमित कात्याल को जमानत दे चुका है।

इस मामले में ईडी के पहले सीबीआई ने केस दर्ज की थी। सीबीआई से जुड़े मामले में कोर्ट ने 4 अक्टूबर 2023 को तेजस्वी यादव, लालू और राबड़ी को जमानत दी थी। कोर्ट ने 22 सितंबर 2023 को सीबीआई की ओर से दाखिल दूसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 3 जुलाई 2023 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 27 फरवरी 2023 को इन तीनों समेत सभी रोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 7 अक्टूबर 2022 को लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने लालू, राबड़ी और मीसा भारती समेत 16 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था।

# हैदराबाद में दंपत्ति ने अपने दो बच्चों की हत्या कर आत्महत्या की

**हैदराबाद (आईएएनएस)**



हैदराबाद में एक दंपत्ति ने कथित तौर पर आर्थिक तंगी के चलते अपने दो नाबालिग बच्चों की हत्या कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार रात उस्मानिया विश्वविद्यालय पुलिस स्टेशन के अंतर्गत हब्सीगुडा के रविंद्र नगर कॉलोनी में दंपत्ति के घर से चार शव बरामद किए। मृतकों की पहचान चंद्रशेखर रेड्डी (44), उनकी पत्नी कविता (35), बेटे विश्वन रेड्डी (10) और बेटी श्रीता रेड्डी (15) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, चंद्रशेखर रेड्डी और उनकी पत्नी कविता पर संदेह है कि उन्होंने पहले अपने बेटे और बेटी की गला घोंटकर हत्या की और फिर खुद भी फांसी लगा ली। श्रीता रेड्डी नौवीं कक्षा की छात्रा थी और विश्वन रेड्डी पांचवीं कक्षा में पढ़ता था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि डायल 100 पर कॉल आने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पाया कि चंद्रशेखर और उसकी पत्नी के शव अलग-अलग कमरों में पड़े थे।

## पुलिस ने 172 लीटर नेपाली शराब, 3 बाइक के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया** । जिले की पलासी थाना पुलिस ने मंगलवार को तीन मोटरसाइकिल पर सवार तस्करों द्वारा तस्करी कर लाए जा रहे 172.2 लीटर नेपाली शराब बरामद किया। पुलिस की कार्रवाई में तीन मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया। वहीं एक तस्कर को पकड़ गया है। जबकि दो अन्य मोटरसाइकिल पर सवार तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहे। पलासी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में पलासी थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की।

# रावण का अहंकार भी नहीं चला है तो तेजस्वी-लालू का क्या चलेगा : गिरिराज

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के बयान को लेकर उन पर हमला बोला है। उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को अहंकारी बताते हुए कहा कि वह लालू यादव के बेटे हैं और यही उनकी ख्याति है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से कहा, "तेजस्वी यादव अहंकार में हैं, उन्हें लगता है कि यहां 'लोकतंत्र' नहीं बल्कि 'राजतंत्र' है। वह संघर्ष करके राजनीति में नहीं आए हैं बल्कि वह लालू यादव के बेटे हैं और यही उनकी ख्याति है। मैं उनसे यही कहूंगा कि वह अहंकार न करें, क्योंकि रावण का अहंकार भी नहीं चला है तो तेजस्वी और लालू का अहंकार क्या चलेगा।

# हिंदुस्तान से मोहब्बत है तो होली से नफरत छोड़ना होगा : आचार्य प्रमोद

**गाजियाबाद (आईएएनएस)**



कल्कि धाम के पीठाधीश्वर और पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मंगलवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए होली पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर हिंदुस्तान से मोहब्बत करनी है, तो होली से नफरत करना छोड़ना होगा। इसके साथ ही आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता की धमकी पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि धमकी देने का काम आतंकियों का होता है और भारत किसी से नहीं डरता। भारत आईएसआईएस से नहीं डरता, भारत हिजबुल मुजाहिदीन से नहीं डरता, भारत खालिस्तानियों से नहीं डरता।

भारत आतंकवादियों, दहशतगर्दों से ना डरा है और ना डरेगा। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि मैं पर्सनल लॉ बोर्ड के जिम्मेदार लोगों से गुजारिश करना चाहता हूं कि इस मुल्क को डराने की कोशिश ना करें। यह मुल्क आपका है, आप इस मुल्क के हैं। आप इस मुल्क की मिट्टी में पैदा हुए हैं, इसी मुल्क की मिट्टी में दफनाए जाएंगे और मुल्क को धमकी देने वाला, वतन को धमकी देने वाला वतनपरस्त नहीं होता।

# राजस्थान के सिरोही में आदिवासी महिलाएं तैयार कर रहीं हर्बल गुलाल

**सिरोही (आईएएनएस)**



देशभर में रंगों का त्योहार होली 14 मार्च को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। होली खेलने के लिए केमिकल मुक्त गुलाल की मांग होने लगी है। राजस्थान के सिरोही जिले में प्रशासन ने हर्बल रंगों की बिक्री के लिए विशेष केंद्र बनाए हैं। जिले में पलाश के फूलों से तैयार प्राकृतिक रंग बेचे जा रहे हैं। राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों में भी प्राकृतिक रंगों की मांग बढ़ रही है। सिरोही जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्र पिंडवाड़ा उपखंड के बसंतगढ़ में हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है, जो प्राकृतिक होने के कारण सुरक्षित भी है। यह काफी लोकप्रिय हो रहा है। सरकार की 'लखपति दीदी योजना' के तहत राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के सहयोग से आदिवासी महिलाएं ये गुलाल बना रही हैं। इस गुलाल को बनाने के लिए पलाश के फूलों सहित प्राकृतिक सामग्री का उपयोग होता है, जो इसे हानिरहित और त्वचा के लिए सुरक्षित बनाता है। इस गुलाल की मांग राजस्थान के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी बढ़ रही है।

बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं इस कार्य से जुड़कर अपनी आजीविका के नए साधन बना रही हैं। यह कार्य न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहा है, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा दे रहा है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का उदाहरण बन रही है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। यह हर्बल गुलाल पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देता है और होली जैसे त्योहारों को सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद तरीके से मनाने का संदेश देता है।

# अंतिम लीग मैच से माकूल परिणाम पाने की कोशिश करेंगे हैदराबाद और केरला ब्लास्टर्स एफसी



**हैदराबाद(आईएएनएस)।** हैदराबाद एफसी बुधवार को शाम 7:30 बजे जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में केरला ब्लास्टर्स एफसी की मेजबानी करेगी, यह प्लेऑफ शुरू होने से पहले लीग दौर का अंतिम मुकाबला होगा, जिसमें शीर्ष छह की दौड़ से बाहर हो चुकी ये दोनों टीमें सकारात्मक परिणाम पाना चाहेंगी।

हैदराबाद एफसी 23 मैचों में चार जीत, पांच ड्रा और 14 हार से 17 अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में 12वें स्थान पर है। केरला ब्लास्टर्स एफसी 23 मैचों में आठ जीत, चार ड्रा और 11 हार से 28 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है। हैदराबाद एफसी ने 7 नवंबर, 2024 को रिवर्स फिक्स्चर 2-1 से जीता था और ब्लास्टर्स पर अपना पहला लीग डबल पूरा करने के लिए उत्सुक होगी।

**हैदराबाद एफसी की लड़खड़ाती डिफेंस**

**कमजोर डिफेंसः** हैदराबाद एफसी ने अपने पिछले दो आईएसएल मैच में से प्रत्येक में कई गोल खाए हैं, दोनों में हार का अंतर दो गोल रहा।

**लंबे समय तक पिछड़े रहेः** हैदराबाद एफसी ने इस सीजन में अपने मैचों के दौरान 47.4% समय पीछे रहकर बिताया है, जो लीग में सबसे अधिक प्रतिशत है, और ब्लास्टर्स (31.4%) से 16 प्रतिशत अंक अधिक है।

**ब्लास्टर्स की नजर बढ़त लेने पर है**

**अवे गोलः** ब्लास्टर्स 22 फरवरी, 2025 को अपने पिछले अवे मैच में एफसी गोवा से 0-2 की हार के दौरान गोल नहीं कर पाए थे।

**क्लीन शीटः** केरला ब्लास्टर्स एफसी ने लगातार पांच मैचों तक गोल खाने के बाद मुम्बई सिटी एफसी पर 1-0 की जीत के दौरान क्लीन शीट रखी।

**आमने-सामने**

आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 12 मुकाबले हुए हैं। हैदराबाद एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी ने क्रमशः पांच और छह मैच जीते हैं। एक मैच ड्रा रहा है।

**कोच कॉर्नर**

केरला ब्लास्टर्स एफसी के अंतरिम मुख्य कोच टीजी पुरुषोत्तमन ने चोट के मुद्दों को संभालने वाले रणनीतिकार के रूप में अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, हर टीम में चोट के कारण उतार-चढ़ाव आते हैं। मैं अभी इसको लेकर चिंतित नहीं हूं। हम सिर्फ आखिरी लीग मैच पर ध्यान दे रहे हैं। हैदराबाद एफसी के अंतरिम मुख्य कोच शमील चेम्बकथ ने पूरे सीजन पर ईमानदारी से विचार रखे। उन्होंने कहा, पूरे सीजन में हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है लेकिन हमेशा सुधार की गुंजाइश रहती है और हम उस पर ध्यान दे रहे हैं।

## मेरे कोच ने मुझे 'पहले डिफेंस' सीखने को कहा था : पंत

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उनकी अपरंपरागत खेल शैली और सहजता से छक्के मारने के कौशल के लिए व्यापक रूप से सराहा जाता है, लेकिन अपने शुरूआती क्रिकेट के दिनों में उन्हें अपने तत्कालीन कोच तारक सिन्हा द्वारा रक्षात्मक खेल सीखने के लिए मजबूर किया गया था।

पंत, जो भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, उन्हें भारत की खिताब जीतने वाली चैंपियंस ट्रॉफी अभियान में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि केएल राहुल को उनके आगे चुना गया था।

अपने क्रिकेट के सफर का एक किस्सा साझा करते हुए, पंत ने बताया कि उनके कोच नेट्स में उनकी आक्रामक बल्लेबाजी शैली पर कैसे प्रतिक्रिया देते थे। पंत ने जियोहॉटस्टार पर कहा, जब मैंने रुड़की से आने के बाद खेलना शुरू किया, तो मैंने ज्यादातर लॉफ़्टेड शॉट खेले - लगभग 80% समय। मैं मैदान के साथ खेलने के बारे में नहीं सोचता था क्योंकि मैं पारी की शुरूआत करता था। मेरे पिता हमेशा कहते थे कि अपने आयु वर्ग के खिलाफ खेलना सामान्य है, लेकिन अगर आप क्रिकेट में सुधार करना चाहते हैं, तो आपको बड़े खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। इसलिए, छोटी उम्र से ही, उन्होंने मुझे सीनियर टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



### हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप

## खिताबी मुकाबले में हरियाणा और झारखंड आमने-सामने

एजेंसी

**पंचकूला।** हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला 12 मार्च को शाम पंचकूला के ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां गत विजेता हॉकी हरियाणा की टीम हॉकी झारखंड से भिड़ेगी।

**हरियाणा की शानदार फॉर्म, सेमीफाइनल में दिखाया दम**

गत विजेता हॉकी हरियाणा ने टूनामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और चार मैचों में सिर्फ एक गोल ही गंवाया है। उन्होंने अपने अभियान की शुरूआत हॉकी कर्नाटक को 5-1 से हराकर की थी, इसके बाद हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा पर 3-0 की जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में हॉकी पंजाब के खिलाफ 1-0 से करीबी जीत के बाद सेमीफाइनल में हरियाणा की टीम ने हॉकी मिजोरम को 4-0 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। कप्तान रानी अब तक टूनामेंट में तीन गोल कर चुकी हैं और टीम को खिताब बचाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

**झारखंड की संघर्षपूर्ण राह, सेमीफाइनल में शूटआउट से फाइनल में पहुंची**

हॉकी झारखंड ने भी दमदार शुरूआत की थी और पहले मुकाबले में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को 9-2 से हराकर धमाकेदार एंट्री की। इसके बाद उन्होंने हॉकी मिजोरम और हॉकी मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया।

सेमीफाइनल में हॉकी महाराष्ट्र के खिलाफ संघर्षपूर्ण मुकाबले में कोई भी टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर सकी। मैच शूटआउट में पहुंचा, जहां हॉकी झारखंड ने 3-2 से जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस जीत में गोलकीपर अंजलि भींजिया ने अहम भूमिका निभाई और महाराष्ट्र के तीन खिलाड़ियों के प्रयासों को नाकाम कर दिया। अलबेला रानी टोप्पो अब तक चार गोल कर चुकी हैं और फाइनल में अपनी गोल संख्या बढ़ाने के इरादे से उतरेंगी।

**कोचों की प्रतिक्रिया**

हॉकी हरियाणा के कोच आजाद मलिक ने कहा, टूर्नामेंट की शुरूआत में कुछ चुनौतियां थीं, लेकिन टीम ने सेमीफाइनल में जबरदस्त खेल दिखाया। हमारा लक्ष्य आक्रामक हॉकी खेलना है और फाइनल में भी यही रणनीति रहेगी। झारखंड की टीम मजबूत है, लेकिन हम खिताब बरकरार रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

हॉकी झारखंड के कोच सुधीर गोला ने कहा, इस टूनामेंट में हमारी टीम ने जबरदस्त संघर्ष दिखाया है। हरियाणा एक मजबूत टीम है, लेकिन हमारे खिलाड़ी भी आत्मविश्वास से भरपूर हैं और खिताब जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देंगे।

अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या हॉकी हरियाणा अपने खिताब का बचाव कर पाएगी या फिर हॉकी झारखंड पहली बार चैंपियन बनेगी।



1 गत विजेता हॉकी हरियाणा ने टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और चार मैचों में सिर्फ एक गोल ही गंवाया है।

2 हॉकी हरियाणा के कोच आजाद मलिक ने कहा, टूर्नामेंट की शुरूआत में कुछ चुनौतियां थीं, लेकिन टीम ने सेमीफाइनल में जबरदस्त खेल दिखाया।

## भारत के कुश मैनी अल्पाइन टीम के लिए टेस्ट और रिजर्व ड्राइवर के रूप में नामित




**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** कुश मैनी 2012 के बाद से फॉमूर्ला 1 में पहले भारतीय ड्राइवर बन गए हैं, जो 2025 सीजन के लिए बीडब्ल्यूटी अल्पाइन फॉमूर्ला 1 टीम के नवीनतम टेस्ट और रिजर्व ड्राइवर के रूप में शामिल हुए हैं। इससे वे फॉमूर्ला 2 चैंपियनशिप में सक्रिय रूप से प्रतिस्पर्धा करने वाले एकमात्र अल्पाइन एफ1 रिजर्व ड्राइवर बन गए हैं, जहां वे डैम्स लुकास ऑयल के लिए रेस करेंगे। मैनी की घोषणा से किसी भारतीय प्रतिभा के एफ1 टीम का हिस्सा बनने के 13 साल के अंतराल का अंत हो गया है। अपनी भूमिका के हिस्से के रूप में, 24 वर्षीय यह खिलाड़ी स्क्वाड के एनस्टोन बेस पर ड्राइवर-इन-लूप सिम्युलेटर का उपयोग करेगा, ताकि उनके कार विकास और सेट-अप उद्देश्यों का समर्थन किया जा सके, साथ ही अपने कौशल में सुधार जारी रखने के लिए टीपीसी कार्यक्रम (पिछली कारों का परीक्षण) में भाग लिया जा सके। मैनी अल्पाइन में रिजर्व ड्राइवरों के समूह में शामिल हो गए हैं, जिसमें पॉल एरन, रियो हिराकावा और पूर्व विलियम्स सुपर-सब फ्रेंको कोलापिंटो भी शामिल हैं। मैनी पहली बार अक्टूबर 2023 में अल्पाइन अकादमी में शामिल हुए थे, उसके बाद 2024 एफ2 सीजन में रेस में भाग लिया, जिसके दौरान उन्होंने बुडापेस्ट में एक रेस जीत सहित पांच पोडियम स्कोर किए।

## अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में लगातार 14वां मैच जीता

**इंडियन वेल्स(आईएएनएस)।** कार्लोस अल्काराज ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपना लगातार 14वां मैच जीता, जब उन्होंने मंगलवार (भारतीय समयानुसार) को इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बनाने के लिए डेनिस शापोवालोव को 6-2, 6-4 से हराया। दो बार के गत विजेता अल्काराज ने अपने 14 मैचों की जीत के क्रम में सिर्फ दो सेट गंवाए हैं। एटीपी स्टैट्स के अनुसार, उन्होंने अपने सामने आए चार ब्रेक पॉइंट में से तीन को बचाया और अपने आठ अवसरों में से चार को भुनाया। शापोवालोव ने इस सत्र में 10-4 के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ टूनामेंट में प्रवेश किया, जिसमें फरवरी में डलास में अपना पहला एटीपी 500 खिताब जीतना भी शामिल है। फिर भी अल्काराज ने पूरी कमान संभाली और सिर्फ छह गेम हारकर 83 मिनट में कनाडाई खिलाड़ी को हराया। अल्काराज ने जल्द ही 5-0 की बढ़त ले ली।

## चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल हुए

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय ऑलराउंडर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन से पहले फ्रेंचाइजी टीम में मंगलवार को शामिल हो गए। पांड्या दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के खिताब जीतने वाले अभियान का हिस्सा थे। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर आठ टीमों के टूनामेंट में अपना तीसरा खिताब जीता। मुंबई इंडियंस ने एक्स पर अपने कप्तान की एक तस्वीर साझा की और पोस्ट पर कैप्शन दिया, द गन हैज अराइव। पांड्या ने अपने ऑलराउंड कौशल से टूनामेंट में भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 31 वर्षीय पांड्या ने चार स्पिनरों के साथ जाने की भारत की रणनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि उन्होंने नंबर 7 पर आते हुए अपने बल्ले से कुछ मैच जीतने वाली पारियां भी खेलीं।



आईपीएल 2024 सीजन मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उनका पहला सीजन था, लेकिन यह उनके लिए अच्छा नहीं रहा क्योंकि 14 मैचों में से चार जीत के साथ मुंबई स्टैंडिंग में सबसे निचले स्थान पर रही। ऑलराउंडर को आगामी सीजन में बेहतर परिणाम की उम्मीद होगी। हालांकि, पांड्या पिछले संस्करण के अंत में एक मैच के निलंबन के कारण 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ एमआई के शुरूआती मैच से चूकने वाले हैं।

## आईपीएल 2025 का पहला हाफ मिस करेंगे मयंक यादव

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल 2025 के पहले हाफ से बाहर रहेंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि मयंक पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से उबर रहे हैं। उन्होंने अभी हाल ही में बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी करना फिर से शुरू किया है, जहां वह पिछले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ इंटरनेशनल डेब्यू करने के बाद चोटिल हो गए थे। बीसीसीआई ने मयंक की वापसी के लिए कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है, लेकिन यदि वे सभी फिटनेस मानकों को पूरा करते हैं और अपनी गेंदबाजी के वर्कलोड को बढ़ाते हैं, तो वह आईपीएल के दूसरे हाफ में खेल सकते हैं। मयंक का टूनामेंट के पहले हाफ में अनुपलब्ध रहना एलएसजी के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि उन्हें मेगा ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी ने 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। यह मयंक की सैलरी में एक बड़ा उछाल था क्योंकि 2024 सीजन से पहले एक अनकैप्ड तेज गेंदबाज के रूप में उन्हें केवल 20 लाख रुपये में खरीदा गया था।



## एयरटेल ने भारत में स्टारलिंक को लाने के लिए मस्क के स्पेसएक्स के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** देश की दिग्गज टेलीकॉम कंपनी एयरटेल ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने एलन मस्क की फर्म स्पेसएक्स के साथ स्टारलिंक की हाई-स्पीड इंटरनेट सर्विसेज को भारत में लाने के लिए एग्रीमेंट किया है। यह भारत में साइन होने वाला पहला समझौता है, जो देश में स्टारलिंक को बेचने के लिए स्पेसएक्स को अनुमति प्राप्त करने के अधीन है। एयरटेल और स्पेसएक्स, स्टारलिंक के डिवाइस एयरटेल के रिटेल स्टोर्स के माध्यम से ग्राहकों को पेश करने और सर्विसेज उपलब्ध कराने की संभावनाएं तलाशेंगे। कंपनी ने कहा कि एयरटेल और स्पेसएक्स यह भी पता लगाएंगे कि स्टारलिंक एयरटेल नेटवर्क का विस्तार कैसे कर सकता है और साथ ही इस एग्रीमेंट के तहत यह जानने की कोशिश की जाएगी कि कैसे स्पेसएक्स भारत में एयरटेल के ग्राउंड नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य क्षमताओं का उपयोग करके उनसे लाभ उठा सकता है। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष गोपाल विट्टल ने कहा, भारत में एयरटेल ग्राहकों को स्टारलिंक की पेशकश करने के लिए स्पेसएक्स के साथ काम करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और यह अगली पीढ़ी की उपग्रह कनेक्टिविटी के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हम उन अविश्वसनीय और प्रेरक चीजों से लगातार चकित होते हैं जो लोग, व्यवसाय और संगठन तब करते हैं जब वे स्टारलिंक के माध्यम से जुड़ते हैं। स्टारलिंक पूरी दुनिया में यूजर्स को हाई-स्पीड, लो-लेटेंसी वाला इंटरनेट प्रदान करता है।




**शॉटवेल ने कहा**

हम एयरटेल के साथ काम करने और स्टारलिंक द्वारा भारत के लोगों के लिए लाए जा सकने वाले परिवर्तनकारी प्रभाव को सामने लाने के लिए उत्साहित हैं।

## भारत में पिछले 5 वर्षों में फ्लेक्सिबल हेल्थ इंश्योरेंस में 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत में पिछले पांच वर्षों में फ्लेक्सिबल हेल्थ इंश्योरेंस योजनाओं में लगभग 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मंगलवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मर्सर मार्श बेनिफिट्स (एमएमबी) की रिपोर्ट से पता चला है कि देश में वर्कफोर्स बढ़ने के बावजूद, कंपनियां कर्मचारियों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए लाभों को दोबारा खोज रही हैं। वैधानिक प्रावधानों से परे, कंपनियां फ्लेक्सिबल हेल्थ इंश्योरेंस प्लान जैसे इनोवेटिव सॉल्यूशन पेश कर रही हैं। इंक्लूसिव कवरेज ऑप्शन पैरेंट्स कवर, भाई-बहन कवर और वेलनेस प्रोग्राम और फाइनेंशियल प्लानिंग टूल पर ध्यान केंद्रित करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये दूरदर्शी दृष्टिकोण प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में टॉप टैलेंट को आकर्षित करने और बनाए रखने में भी मदद करते हैं। मर्सर मार्श बेनिफिट्स इंडिया लीडर के प्रबंध निदेशक प्रवाल कलिता ने कहा, भारत में कर्मचारी लाभ अब केवल हेल्थकेयर कवरेज तक सीमित नहीं रह गए हैं।

## भारत 2028 तक दुनिया का सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बन जाएगा : रिपोर्ट




**बेंगलुरु(आईएएनएस)।** भारत वेब3 स्पेस में तेजी से ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। इसके 2028 तक दुनिया का सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बनने की उम्मीद है। मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हैशड इमर्जेंट की लेटेस्ट ह्यइंडिया वेब3 लैंडस्केप रिपोर्ट से पता चला है कि देश ने 2024 में सालाना आधार पर डेवलपर भागीदारी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की, जिससे गिटहब में 4.7 मिलियन से अधिक डेवलपर जुड़े। यह वैश्विक स्तर पर सभी नए वेब3 डेवलपर्स का 17 प्रतिशत है, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा क्रिप्टो डेवलपर बेस बन गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 45.3 प्रतिशत भारतीय वेब3 डेवलपर्स कोडिंग में योगदान देते हैं, 29.7 प्रतिशत बग्स को ठीक करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और 22.4 प्रतिशत डॉक्यूमेंटेशन पर काम करते हैं। विकास के लोकप्रिय क्षेत्रों में गेमिंग, नॉन-फंजिबल टोकन (एनएफटी), विकेंद्रीकृत वित्त और रियल-वर्ल्ड एसेट शामिल हैं। भारत के वेब3 डेवलपर्स का एक बड़ा हिस्सा नए लोग हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक ने पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में प्रवेश किया है। उनमें से अधिकांश 27 वर्ष से कम आयु के हैं। हैकाथॉन एक ऐसा आयोजन है, जहां कंप्यूटर प्रोग्रामर मिलकर कुछ नया बनाने के लिए काम करते हैं। यह डेवलपर्स के लिए प्राथमिक प्रवेश द्वार बना हुआ है। हालांकि, वेब3 फर्म भुवनेश्वर, चेन्नई और केरल के विश्वविद्यालयों के साथ भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं ताकि छात्रों को ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी से जल्द परिचित करवाया जा सके। हैशेड इमर्जेंट के सीईओ और मैनेजिंग पार्टनर टाक ली ने कहा, देश की तकनीक को लेकर तेजी से आगे बढ़ने की योग्यता, उद्यमशीलता की भावना और डिजिटल अपनाने का अनूठा मिश्रण प्रगति को गति दे रहा है। उन्होंने कहा कि अब हम नए सिरे से खुदरा भागीदारी, निवेशकों के रुझान में बदलाव और उद्यमों और सरकार द्वारा वेब3 सॉल्यूशन के डीपर इंटीग्रेशन को देख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, पिछले साल, हमने वेब3 अपनाने में भारत के ग्लोबल लीडरशिप को नोटिस किया और आज यह भारतीय इनोवेटर्स की लीडरशिप में ठोस प्रगति में बदल रहा है।

**भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा क्रिप्टो डेवलपर बेस बन गया है।**

## पिछले पांच वर्षों से कपड़ा क्षेत्र में स्टार्टअप की संख्या लगातार बढ़ रही : केंद्रीय मंत्री

सीजीएसएस का संचालन नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाता है और इसे एक अप्रैल, 2023 से चालू किया गया है : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा हर साल कपड़ा क्षेत्र में स्टार्टअप के रूप में मान्यता प्राप्त नई संस्थाओं की संख्या पिछले पांच वर्षों से लगातार बढ़ रही है। स्टार्टअप की यह संख्या 2020 में 204 से बढ़कर 2023 में 703 और 2024 में 765 हो गई है। यह जानकारी मंगलवार को लोकसभा में पेश की गई। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने निचले सदन में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के तहत सरकार तीन प्रमुख योजनाओं, स्टार्टअप के लिए फंड ऑफ फंड्स (एफएफएस), स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस) और स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएसएस) को लागू कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य अलग-अलग कैटेगरी और सेक्टर के स्टार्टअप को उनके बिजनेस साइकल के अलग-अलग स्टेज में सपोर्ट करना है। वेंचर कैपिटल निवेश को कैटालाइज करने के लिए 2016 में एफएफएस को मंजूरी दी गई और स्थापित किया गया और इसका संचालन भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक द्वारा किया जाता है, जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी रजिस्टर्ड अल्टरनेटिव इंवेस्टमेंट फंड को पूंजी प्रदान करता है, जो बदले में स्टार्टअप में निवेश करते हैं। एफएफएस के तहत समर्थित एआईएफ को स्टार्टअप में एफएफएस के तहत प्रतिबद्ध राशि का कम से कम दो गुना निवेश करना आवश्यक है। एसआईएसएफएस इनक्यूबेटरों के माध्यम से सीड स्टेज स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जबकि सीजीएसएस एलिजिबल वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्टार्टअप को कोलेटरल फ्री लोन उपलब्ध करवाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीजीएसएस का संचालन नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाता है और इसे 1 अप्रैल, 2023 से चालू किया गया है।



## एशिया में 'भारत' सबसे बेहतर स्थिति में है : मॉर्गन स्टेनली

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** मॉर्गन स्टेनली की एक लेटेस्ट रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि 'व्यापार तनाव' एशिया के विकास में बाधा बने रहेंगे, लेकिन इस पृष्ठभूमि में कम माल निर्यात, मजबूत सेवा निर्यात और घरेलू मांग के लिए पॉलिसी सपोर्ट की वजह से 'भारत' अभी भी इस क्षेत्र में सबसे बेहतर स्थिति में है। राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों में अनावश्यक रूप से दोहरी सख्ती को वापस लेने से भारत में सुधार को गति मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, ₹मौद्रिक ढील तीन मोर्चों रेट्स, लिक्विडिटी इंजेक्शन और विनियामक ढील पर पूरी तरह से लागू हो रही है। 'व्यापार तनाव' क्षेत्र के व्यापार परिदृश्य को प्रभावित करेगा, लेकिन भारत अपने कम माल निर्यात और जीडीपी अनुपात के कारण कम जोखिम में है। इस बीच, पॉलिसी सपोर्ट जो इसके घरेलू मांग आउटलुक को बदल देगा, भारत को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करेगा। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारा मानना है कि आने वाले महीनों में सुधार जारी रहेगा। हाल ही के आंकड़ों में पहले से ही सकारात्मक संकेत दिखाई दे रहे हैं।

## झारखंड विधानसभा परिसर में होली



*झारखंड विधानसभा परिसर में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित मंत्री और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के विधायक उपस्थित थे।*

### जूनियर डाक्टरों को मिली प्रोन्नति, सीनियर हुए जूनियर

# डॉक्टरों से सौतेला व्यवहार नहीं होने देंगे : डॉ इरफान अंसारी

- *रिम्स के डॉक्टरों को जल्द मिलेगी पदोन्नति*

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू हुई। इस दौरान कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि डॉक्टरों को पदोन्नति नहीं मिलने से पूर्व में जो पदोन्नति दी गई उसमें भारी गड़बड़ी हुई है। 60 साल की उम्र के बाद ज्वाइन करने वाले डॉक्टर पदोन्नति नहीं मिलने के कारण जूनियर हो गए हैं और नियमित डॉक्टर जिन्हें सीनियर चिकित्सकों ने पढ़ाया है वह जूनियर हो गए। श्री कच्छप ने राज्य के ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को रिम्स डायरेक्टर बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले डायरेक्टर कार्यकाल पूरा किए बगैर बीच में ही चले जाते हैं इससे रिम्स की व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता है। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जीबी की बैठक में रिम्स के डॉक्टरों को जल्द ही पदोन्नति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में पदोन्नति में विसंगतियां हुई है, इसे वह स्वीकार करते हैं। इसके लिए उन्होंने फाइल भी मंगाया है। अब जीबी की बैठक बुलाकर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि डाक्टरों से सौतेला व्यवहार नहीं होने देंगे।

### विपक्ष ने उठाया खासमहल भूमि के मालिकाना हक का मुद्दा

## खासमहल भूमि को फ्री होल्ड करने का निर्णय जल्द : दीपक बिरुआ



**रांची।** भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार से जानना चाहा कि जो लोग बरसों से खासमहल की जमीन पर रह रहे हैं उन्हें उस जमीन का मलिकाना हक क्यों नहीं दिया जा रहा। उनका कहना था कि डालटनगंज में बड़ी संख्या में लोग खासमहल की जमीन पर रहते आए हैं। राज्य के अन्य जिलों में भी यही स्थिति है लेकिन उन्हें जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल रहा है। वह अपना घर नहीं बना पा रहे हैं, जो घर बना चुके हैं उन्हें परेशान किया जा रहा है।

भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि कृषि योग्य भूमि पर भी रैयतों का 100 वर्ष से अधिक का कब्जा है लेकिन सरकार सड़क निर्माण व अन्य कार्यों के लिए जब भूमि अधिग्रहित करती है तो उसे सरकारी जमीन बता कर कोई मुआवजा नहीं देती है। राज्य में इससे हजारों लोग परेशान हैं।

विपक्ष पर पलटवार करते हुए बजट भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि खासमहल के हजारों एकड़ जमीन को जल्द ही फ्री होल्ड किया जाएगा। उन्होंने सदन में बताया कि खासमहल की जमीन को रैयतों के नाम करने के लिए सदस्य राजस्व परिषद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की 3-4 बैठके हो चुकी हैं। अब अंतिम बैठक के बाद 45 दिनों के अंदर फ्री होल्ड करने का निर्णय ले लिया जाएगा।

### रजिस्टर टू की हालत जर्जर, दाखिल खारिज कराने में हो रही परेशानी



**रांची।** मंगलवार को विधानसभा में ऑनलाइन म्यूटेशन, ऑन-लाइन रसीद कटने, खतियान दूसरे के नाम तो जमीन दूसरे के नाम, अचंल में भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं पर चर्चा की गई। सदन में प्रश्न उठा कि अपनी जमीन को प्राप्त करने में लोगों को समस्याएं हो रही है। अंचल में हर काम के पैसे देने होते हैं हाल में ही सदर सीओ की घूस लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। वहीं रजिस्टर टू की हालत जर्जर है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री ने उन्होंने कहा कि यह सत्य है कि राज्यों में दाखिल-खारिज कराने को लेकर समस्याएं हो रही हैं। इसे लेकर विभाग की ओर से अधिकारियों को कहा गया है कि दाखिल-खारिज का यदि कोई मामला का रिजेक्ट किया जाता है तो उस पर 50 शब्दों की टिप्पणी जरूर दें। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की बात उन्होंने कही।

# राजस्व विभाग का 7.58 अरब की अनुदान मांग स्वीकृत

- *विपक्ष की ओर से लाया गया कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत*
- *मजदूरी मद में 80 करोड़ रुपए स्वीकृत*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान मंगलवार को भोजनावकाश के बाद राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरूआ ने 07 अरब, 58 करोड़, 97 लाख, 31 हजार रुपए का बजट पेश किया जिसमें राज्य स्कीम मद में 1,30,00,00,000 रूपए एवं स्थापना व्यय में 6,28,97,31,000 रूपए है।

इस दौरान विपक्ष सदन से अनुपस्थित रहा। इसलिए विपक्ष की ओर से लाया गया कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। विपक्ष की ओर से अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव को विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रखा था।

### राज्य स्कीम मद का बजट स्वीकृत

राज्य स्कीम अंतर्गत मजदूरी मद में 80 करोड़ रूपए,कार्यालय उपकरण में 10 करोड़, मुद्रण में 1 करोड़ रूपए, नई मोटरगाड़ी के क्रय में 3 करोड़ 50 लाख रूपए, निर्माण कार्य में 25 करोड़, आर्थिक सहायता 25 लाख रूपए, वैधिक सहायता 25 लाख रूपए, सहायता अनुदान सामान्य मद में 10 करोड़ रूपए है। कुल 1,30,00,00,000 रूपए का बजट स्वीकृत किया गया।

### स्थापना व्यय का बजट

वेतन मद में 5,33,09,26000 रूपए, मजदूरी में 1,33,00,000 रूपए,संविदा भत्ता 2,24,24,000 रूपए, मानकी मुण्डा आदि को मानदेय 50,00,00,000 रूपए,मानदेय में 4,50,000 रूपए, छुट्टी यात्रा रियायत 2,59,5000 रूपए, देशीय यात्रा भत्ता 1,60,50,000 रूपए, कार्यालय व्यय 14,47,75,000 रूपए, किराया में 5,00,000 रूपए, कार्यालय उपकरण में 1,00,00,000 रूपए, मुद्रण में 1000 रूपए, सेमिनार में 1,00,000 रूपए, आपूर्ति एवं सामग्री 82,00,000 रूपए, विज्ञापन, प्रचार- प्रसार 5,00,000 रूपए, व्यवसायिक सेवाएं 41,00,000 रूपए, परामर्शी शुल्क 3,00,000 रूपए,पुस्तकालय में 50,000 रूपए, दूरभाष में 14,41,9,000 रूपए, वर्दी में 5,65,00,00 रूपए, प्रशिक्षण व्यय में 11,01,000 रूपए, विद्युत व्यय में 30,91,5000 रूपए, नई मोटर गाड़ी का क्रय 5000 रूपए, मोटरगाड़ी ईंधन एवं मरम्मति 11,85,50,000 रूप अनुरक्षण मरम्मति एवं सुसज्जीकरण में 3,00,00,000 रूपए, मुआवजा में 7,04,000 रूपए, कर में 1000 रूपए, अन्य व्यय 1000 रूपए, विधि प्रभार में 1,37,11,000 रूपए,जेनरेटर का ईंधन में 4,00,000 रूपए वापसी मद में 20,00,3,000 रूपए है।

# अमन साहू के एनकाउंटर को पक्ष-विपक्ष ने सराहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची में कोल ट्रांसपोर्टर विपिन मिश्रा पर अमन साहू गिरोह के द्वारा फायरिंग किए जाने व एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या के बाद विपक्ष ने सोमवार को सदन में सरकार को कानून व्यवस्था के प्रश्न पर घेरा था। वहीं डीजीपी अनुराग गुप्ता के जेल से अपराधियों के द्वारा गिरोह के संचालन किए जाने के बयान की आलोचना की थी। लेकिन मंगलवार की सुबह अमन साहू को मुठभेड़ में मारे जाने की जानकारी मिलने के बाद विपक्ष ने भी मुठभेड़ की सराहना की।

### अपराधियों को मिला बड़ा संदेश : बाबूलाल मरांडी



नेता प्रतिपक्ष व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड पुलिस द्वारा एक कुख्यात अपराधी का एनकाउंटर प्रदेश में आपराधिक साम्राज्य चलाने वालों के लिए कड़ा संदेश है। जो कानून को चुनौती देगा, उसका यही हश्र होगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और शांति के लिए ऐसे अपराधियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पुलिस प्रशासन को इसी दृढ़ता से अपनी कार्रवाई जारी रखनी चाहिए।

### कानून से खिलवाड़ करने वालों का हो यही हश्र : पूर्णिमा



अमन साहू के एनकाउंटर पर भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि कानून से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों का यही हश्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस के ऐसे काम से अपराधियों के मन में खौफ पैदा होगा।

### इसी अंदाज में काम करें सरकार : अमित यादव



भाजपा विधायक अमित यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इसी अंदाज में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी तरह कार्रवाई हुई तो सभी सुरक्षित रहेंगे। यादव ने कहा कि डीजीपी ने हिम्मत दिखायी, उनमें भी यही जज्बा कायम रहना चाहिए।

### जीरो टॉलरेंस की सरकार : इरफान अंसारी



मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि पुलिस पर हमला किया गया था, ये सरकार जीरो टॉलरेंस की सरकार है। किसी के अपराध को बख्शा नहीं जाएगा।

## लूट पाट के क्रम में घायल महिला की मौत

**रांची।** घर में घुस कर लूट पाट के क्रम में घायल टाटीसिलवे थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू साखे टोली निवासी प्रभात कुमार सिन्हा की पत्नी रेणुका सिंह 58 वर्ष का राज अस्पताल में ईलाज के क्रम में निधन हो गया। उनकी पुत्री का ईलाज अस्पताल में चल रहा है। मंगलवार को रिम्स में रेणुका सिंह का पोस्टमार्टम करा कर शव उनके परिजनों को सौंप दिया गया। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी की रात रेणुका सिंह अपनी बेटी के साथ सो रही थी तो घर का ताला तोड़कर तीन लोग उनके घर में घुस गए और मोबाइल समेत घर में रखे कीमती सामान लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने दोनों मां बेटी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। टाटीसिल्वे पुलिस द्वारा अबतक घटना में शामिल लोगों की धर पकड़ नहीं किए जाने से लोगों का पुलिस के प्रति भारी आक्रोश है।

# कोल इंडिया अध्यक्ष सीएम हेमंत से मिले



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को झारखंड विधानसभा में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## जीएम लैंड को सरकार लैंड बैंक से बाहर करेगी

**रांची।** भूमि अधिग्रहण कानून के तहत प्रावधान था कि यदि कोई उद्योगपति अधिग्रहित जमीन का उपयोग नहीं करता है तो पांच वर्षों के भीतर उसे रैयत को लौटाने का प्रावधान था, जबकि भाजपा शासन के दौरान इस जमीन को लैंड बैंक में डाल दिया गया था। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक विरूआ ने कहा कि हेमंत सरकार के राज्य में पेसा कानून के तहत जमीन को संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य के गोचर जमीन और गैरमजरूआ जमीन को लैंड बैंक में डाला गया है। इस जमीन को राज्य सरकार लैंड बैंक से बाहर करेगी।

## अपराधी अफजल हुसैन को नहीं मिली जमानत, याचिका खारिज

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** बंद घर में चोरी करने के अपराध में पिछले 15 महीने से जेल में बंद शातिर अपराधी अफजल हुसैन उर्फ जावेद को जमानत देने से सिविल कोर्ट के न्यायायुक्त की अदालत ने इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। वह उक्त आरोप में 18 दिसंबर 2023 से जेल में है। याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता आपराधिक पृष्ठभूमि वाला व्यक्ति है, जिसके खिलाफ यूपी और झारखंड राज्य में कुल 7 मामले दर्ज है। आरोपी जावेद डोरंडा कांड संख्या के एक मामले में जेल में है। आरोपी पर डोरंडा निवासी उमेश प्रताप सिंह के घर का ताला तोड़कर कीमती आभूषण चोरी कर लेने का आरोप है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि सूचक 29 नवंबर 2023 को दोपहर लगभग 2.50 बजे अपने भतीजे को स्कूल से लेकर घर लौटा, तो देखा की घर का सामान बिखरा पड़ा था और आभूषण के बक्से खाली थे।

# उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने राजनीतिक दलों को बातचीत के लिए किया आमंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर 19 मार्च को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक आयोजित की जा रही है। चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। उक्त निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने19 मार्च को अप० 04:00 बजे रांची समाहरणालय के ब्लॉक 'ए' के कमरा संख्या 207 में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक आयोजित की जा रही है।

## नशे में हथियार के दुरुपयोग में एक व्यक्ति जखमी

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। कांके थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को करीब 08 बजे रात में रिंग रोड स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज के भूतपूर्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार, सुरक्षा गार्ड पंकज सिंह और अन्य कर्मी द्वारा शराब पीने के दौरान हथियार के दुरूपयोग के कारण गोलीबारी की घटना हुई। जिसमें जितेंद्र सिंह ज़ख़्मी हो गया। ज़ख़्मी जितेंद्र सिंह में रिम्स में इलाजरत है और खतरे से बाहर है। ज़ख़्मी जितेंद्र सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। अनुसंधान के क्रम में गोली चलाने वाले व्यक्ति पंकज सिंह को गिरफ़्तार किया गया है। घटना में प्रयुक्त 01 अवैध आग्नेयास्त्र (पिस्टल), खोखा एवं 02 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ़्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है तथा कांड का अनुसंधान जारी है।

### पुलिस सूत्र ने किया खुलासा

## बरियातू में गोली चलाई जाने कि घटना अफवाह



**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू रोड स्थित सेंट्रल अकादमी स्कूल के पास अज्ञात अपराधी ने एक व्यक्ति पर गोलियां चलाए जाने कि घटना मंगलवार को सुर्खियां बटोर रही थी। वहीं पुलिस सूत्रों के अनुसार गोली बारी हुई ही नहीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार साहिल और उस्मान पुराने दोस्त है। दोनों में बीते दिनों किसी बात पर लड़ाई हुई थी। जिसके समझौते के लिए दोनों ने मंगलवार को मुलाकात की लेकिन मुलाकात में भी बात नहीं बन पाई और दोनों में हाथापाई हो गई। साहिल प्लम्बर का काम करता है और उस्मान वेल्डिंग का काम करता है। साहिल और उस्मान हाथापाई के बाद से एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एटीएस डीएसपी पीके सिंह ने गैंगस्टर अमन साहू का किया एनकाउंटर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के सबसे बड़े गैंगस्टर को आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) ने मार गिराया है। कुख्यात अपराधी अमन साहू झारखंड के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके सिंह की गोलियों का शिकार हुआ। पीके सिंह इस समय एटीएस में डीएसपी हैं। पीके सिंह धनबाद जिले के बैंक मोड़ थाना प्रभारी रहे हैं। वर्ष 2022 में बैंक मोड़ में मुथूट फाइनेंस में अपराधियों ने डाका डालने की कोशिश की थी, तब पीके सिंह ने ही उन डकैतों को एनकाउंटर में मार गिराया था।पीके सिंह की पहली पोस्टिंग वर्ष 2006 में नावाडीह थाने में हुई थी। पोस्टिंग के दौरान ही उन्होंने कहा था कि वह जहां रहेंगे, अपराधी उनके नाम से थर-थर कांपेंगे। अपने कथन को उन्होंने सच साबित किया। कुछ ही दिनों में अपराधियों के लिए वह खौफ का पर्याय बन गए। कई अपराधियों का



उन्होंने एनकाउंटर किया। इसके बाद उनको एनकाउंटर स्पेशलिस्ट कहा जाने लगा। अपराधियों के लिए काल बन चुके प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके सिंह का नाम विवादों से भी जुड़ा। धनबाद के ईस्ट बसुरिया मर्डर केस के पीड़ित लोग जब न्याय और मुआवजे की मांग पर प्रदर्शन कर रहे थे, तब पीके सिंह ने उन पर लाठी चार्ज कर दिया था। हालांकि, प्रदर्शन बिल्कुल शांतिपूर्ण था। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक से की गई थी। रायपुर जेल में बंद अमन साहू को रिमांड पर मंगलवार को रायपुर से सड़क मार्ग से रांची लाया जा रहा था। इसी दौरान उसने पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश की। उसने एक सिपाही के हाथ से इंसास राइफल भी छीन ली। पुलिस पर गोली भी चलायी। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। इसी दौरान डीएसपी पीके सिंह ने अमन साहू को मुठभेड़ में मार गिराया।

### अमन का मोबाइल दुकान से गैंगेस्टर तक का सफर



पुलिस एनकाउंटर में मारा गया अपराधी अमन साव का आरंभिक जीवन पतरातू में बिता। अमन साव के पिता निरंजन साव पतरातू में दुकान करते थे। इंटर तक पढ़े अमन की शिक्षा पतरातू से ही हुई अमन के दादाजी हरिदास साव मतवे में खेती-बाड़ी करते थे। एक भाई सर्विस करता है और एक भाई आकाश साहू टेरर फंडिंग मामले में न्यायिक हिरासत में है। अमन साव इंटर करने के बाद पतरातु में मोबाइल दुकान खोला। मोबाइल दुकान खोलने के बाद दुकानदारी के दौरान अमन साव सुशील श्रीवास्तव गिरोह के संपर्क में और सुशील श्रीवास्तव गिरोह के लिए काम करने लगा। कुछ दिनों में क्षेत्र में अपना पकड़ बना लिया और गिरोह से अलग होकर काम करने लगा। इसके बाद सुशील श्रीवास्तव और भोला पांडेय गिरोह की दबिश बढ़ने पर अमन पूरे परिवार के साथ मतवे आ गया। मतवे में अमन के पिता ने किराने की दुकान खोल ली। अमन का नानी घर बुण्डू में है। मंगलवार 12 बजे परिजनों ने बताया कि अमन के मारे जाने की सूचना सोशल मीडिया से मिली है। सूचना मिलने के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## पृष्ठ एक के शेष

**पुलिस मठभेड़ में कख्यात...**

गंभीर रूप से घायल हो गया। एटीएस की टीम ने जवाबी कार्रवाई में अमन साव को मुठभेड़ में मार गिराया। इस अफरातफरी के बीच अमन साहू ने एक पुलिस जवान की इंसास राइफल छीनकर भागने की कोशिश की, लेकिन एटीएस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे मुठभेड़ में ढेर कर दिया। इस हमले में एक पुलिस जवान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज एमएमसीएच में चल रहा है।

**पुलिस की कार्रवाई :** मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अमन साव के फरार गुर्गों की तलाश के लिए पुलिस अभियान चला रही है। मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है।

**हमलावरों ने बनाया था अमन साव को छुड़ाने का प्लान :** पलामू पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने बताया कि हमलावरों ने अमन साहू को छुड़ाने के लिए पूरी साजिश रची थी, लेकिन एटीएस की सतर्कता से वह नाकाम रहे। घटनास्थल से दो जिंदा बम और गोली के खोखे बरामद किए गए हैं। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने बमों को डिफ्यूज कर दिया।

**सड़क मार्ग सील, शाम को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव :** घटना के बाद सुरक्षा के लिहाज से चैनपुर-रामगढ़ मुख्य मार्ग को सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक पूरी तरह सील कर दिया गया। इस दौरान आवागमन बंद रहा और लोग दूसरे रास्तों से गंतव्य तक जाना पड़ा। शाम 5:30 बजे अमन साहू के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेजा गया। इधर पोस्टमार्टम के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। पलामू एसपी ने बताया कि अभी अनुसंधान चल रहा है, अनुसंधान के बाद बहुत सारी बातें सामने आएंगे। हमला करने वाले में कितने लोग शामिल थे, इस संबंध में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। यह सब अनुसंधान के दौरान स्पष्ट होगा। पुलिस फिलहाल अपना काम कर रही है।

**सीनियर महिला राष्ट्रीय...**

पहले, हॉकी हरियाणा और हॉकी झारखंड ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले में जीत हासिल की। डिवीजन 'ए' के पहले सेमीफाइनल मैच में हॉकी हरियाणा ने हॉकी मिजोरम को 4-0 से हराया। वहीं, डिवीजन 'ए' के दूसरे सेमीफाइनल में हॉकी महाराष्ट्र और हॉकी झारखंड में मुकाबला हुआ। दोनों ने अंतिम सीटी बजने तक एक-दूसरे को गोल करने से रोकने के लिए शानदार कौशल दिखाया और मैच 0-0 पर समाप्त हुआ। इसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया और हॉकी झारखंड ने करीबी मुकाबले में 3-2 (शूटआउट) से जीत हासिल की।

**नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगे...**

नजदीकी चिकित्सालय में इलाज कराया गया। इस संबंध में संवेदक राजेश कुमार उर्फ रामविलास यादव के आवेदन पर हरिहरगंज थाना में चार-पांच अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि संवेदक से किसी द्वारा लेवी की मांग नहीं की गई थी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध प्रसाद यादव ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में लगे दो हाइवा तथा एक पोकलेन को अपराध कर्मियों द्वारा जलाया गया है। इस घटना को किसी अपराधी गिरोह अथवा नक्सलियों द्वारा अंजाम देने की जांच की जा रही है। हालांकि घटनास्थल से किसी तरह का पर्चा बरामद नहीं किया गया है।

# मॉरीशस पहुंचते ही भोजपुरी अंदाज में दिखे मोदी, गर्मजोशी से हुआ पीएम का स्वागत

**पोर्ट लुईस (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह मॉरीशस पहुंचे, जहां उनका खास अंदाज में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी के स्वागत में पारंपरिक भोजपुरी म्यूजिक ग्रुप 'गीत गवई' का शानदार प्रदर्शन किया गया। महिलाओं ने उनके सामने भोजपुरी में लोकगीत गाकर उनके स्वागत को और खास बना दिया। 'गीत गवई' मॉरीशस में भारतीय प्रवासियों के लिए गहरा सांस्कृतिक महत्व रखता है। यह संगीत पारंपरिक रूप से महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता है और मॉरीशस में भारतीय मूल के समुदाय के लिए महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, जिसका भारत से गहरा संबंध है। इस बहुमूल्य संगीत परंपरा को दिसंबर 2016 में यूनेस्को द्वारा मान्यता दी गई थी, जब इसे मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भोजपुरी में एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा, ''मॉरीशस में यादगार स्वागत भइल। सबसे खास रहल गहिरा सांस्कृतिक जुड़ाव, जवन गीत-गवई के प्रदर्शन में देखे के मिलल। ई सराहनीय बा कि महान भोजपुरी भाषा मॉरीशस के संस्कृति में आजुओ फलत-फूलत बा और मॉरीशस के संस्कृति में अबहियो जीवंत बा। इसके अलावा विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी एक्स पर एक वीडियो शेयर कर भोजपुरी में पीएम मोदी के कार्यक्रम की जानकारी दी।



> विदेश विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार का दिन काफी अहम रहने वाला है, क्योंकि 12 मार्च को मॉरिशस अपना स्वतंत्रता दिवस मनाएगा और इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मॉरिशस पहुंच गए हैं। आज (मंगलवार) सुबह एयरपोर्ट पर उनका स्वागत काफी धूमधाम से किया गया। मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम समेत अन्य अधिकारियों ने पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया। इससे पता चलता है कि भारत और मॉरिशस का रिश्ता कितना अटूट है।

उन्होंने बताया कि पीएम मोदी आज कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सबसे पहले वह मॉरिशस के इतिहास के दो अग्रणी नेताओं शिवसागर रामगुलाम और अनिरुद्ध जगन्नाथ को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद मॉरिशस के राष्ट्रपति के साथ पीएम मोदी की बैठक होगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी के सम्मान में मॉरिशस के राष्ट्रपति ने राजकीय भोज का आयोजन किया है। इसके बाद पीएम मोदी भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी और नवीनचंद्र रामगुलाम के बीच मंगलवार शाम को वार्ता होगी। मॉरिशस के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी के सम्मान में रात्रिभोज रखा है।

## 'महाकुंभ का जल, बिहार का सुपरफूड, बनारसी साड़ी', पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को दिए खास उपहार



**पोर्ट लुईस (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉरीशस के दौरे के क्रम में राष्ट्रपति धरम गोखूल और उनकी पत्नी को खास उपहार भेंट किए हैं। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति गोखूल को कांसे और पीतल के बर्तन में महाकुंभ का पवित्र गंगा जल भेंट किया। वहीं, पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति गोखूल की पत्नी को उपहार के तौर पर बनारसी साड़ी भेंट की। इसके अलावा उन्होंने बिहार का मशहूर सुपरफूड मखाना भी दिया। इसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं। पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति की पत्नी को भेंट की बनारसी साड़ी विलासिता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो अपने बेहतरीन रेशम, जटिल ब्रोकेड और भव्य जरी के काम के लिए जानी जाती है। यह शानदार साड़ी रॉयल ब्लू रंग में आती है, जो चांदी की जरी की आकृति और शानदार पल्लू से सजी है, जो इसे शादियों, त्योहारों और भव्य समारोहों के लिए आदर्श बनाती है।

इस साड़ी के साथ गुजरात से आया एक सादेली बॉक्स भी है, इसमें जटिल जड़ाऊ काम है, जिसे कीमती साड़ियों, गहनों या यादगार चीजों को रखने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के सर शिवसागर रामगुलाम बॉटनिकल गार्डन में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत एक पौधा भी लगाया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, ''प्रकृति, मातृत्व और स्थिरता को श्रद्धांजलि, 'एक पेड़ मां के नाम' में भाग लेने के लिए मेरे मित्र, प्रधानमंत्री डॉ. नवीन रामगुलाम के हृदय से किए गए कार्य से मैं अभिभूत हूं।

**पाकिस्तान में ट्रेन पर हमला**

# बीएलए का दावा 100 से अधिक लोगों को बनाया बंधक

**क्वेटा/पाकिस्तान (आईएएनएस)**

पाकिस्तान में अलगाववादी उग्रवादियों ने मंगलवार को सैकड़ों यात्रियों को ले जा रही एक यात्री ट्रेन पर गोलीबारी की। जाफर एक्सप्रेस की नौ बोगियों में लगभग 400 यात्री सवार थे। यह ट्रेन दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी, तभी उस पर गोलीबारी की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस और रेलवे अधिकारियों ने बताया कि हमले एक ट्रेन चालक घायल हो गया।

एक बयान में, उग्रवादी अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उन्होंने ट्रेन से सुरक्षा बलों सहित लोगों को बंधक बना लिया है। बीएलए ने दावा किया कि उसने 100 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाया और उसके ऑपरेशन में 6 सुरक्षाकर्मी मारे गए। उसका कहना है कि बंधक बनाए गए लोगों में सुरक्षा अधिकारी भी शामिल हैं। प्रांतीय सरकार या रेलवे के अधिकारियों ने बंधकों के पकड़े जाने की पुष्टि नहीं की। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बल बलूचिस्तान के बोलन जिले के मुश्कफ इलाके में घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि बलूचिस्तान सरकार ने आपातकालीन उपाय लागू किए हैं और स्थिति से निपटने के लिए सभी संस्थानों को जुटाया गया है। बता दें अशांत बलूचिस्तान में अलगाववादी उग्रवादी समूहों ने सेना और क्षेत्र में चीनी परियोजनाओं के खिलाफ लगातार हमले किए हैं।



सांकेतिक चित्र

> रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बल बलूचिस्तान के बोलन जिले के मुश्कफ इलाके में घटना स्थल पर पहुंच गए हैं।

बीएलए बलूचिस्तान की आजादी चाहता है। यह कई जातीय विद्रोही समूहों में से सबसे बड़ा है, जिसने दशकों से पाकिस्तान सरकार से लड़ाई लड़ी है। संगठन का कहना है कि सरकार बलूचिस्तान के समृद्ध गैस और खनिज संसाधनों का अनुचित तरीके से दोहन कर रही है। बीएलए को पाकिस्तान, ईरान, चीन, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ ने आतंकी संगठन घोषित किया है।

## बांग्लादेश में 6 बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न

**ढाका ।** बांग्लादेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। इस बीच स्थानीय मीडिया के मुताबिक मंगलवार को छह जिलों में छह बच्चों के साथ बलात्कार की घटनाएं सामने आई हैं। सोमवार को छह जिलों में बलात्कार के आरोप में कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिन बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न हुआ, वे सभी छह से चौदह साल की उम्र के हैं। इन घटनाओं में से एक में, यौन उत्पीड़न की शिकार एक किशोरी ने स्थानीय मध्यस्थता बैठक के दौरान झूठा आरोप लगाए जाने और बदनाम किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली।

## हूती नेता ने इजरायल के जहाजों पर फिर से हमला करने की दी धमकी

**सना (आईएएनएस)**

यमन के हूती नेता अब्दुल मलिक अल-हूती ने ऐलान किया है कि अगर मानवीय सहायता चार दिन की समय-सीमा के भीतर गाजा नहीं पहुंचती है, तो उनका समूह इजरायल से जुड़े जहाजों के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू कर सकता है। अब्दुल मलिक अल-हूती ने सोमवार को समूह के अल-मसीरा टीवी चैनल पर एक टेलीविजन भाषण में इस बात का ऐलान किया। उन्होंने कहा, "हम गाजा पट्टी में मदद भेजने के लिए अपनी तय की गई समय सीमा पर कायम हैं और हमारे सशस्त्र बल अभियान चलाने के लिए तैयार हैं।"



समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हूती नेता ने पहले इजराइल और हमास के बीच मध्यस्थों को चार दिन का अल्टीमेटम दिया था, ताकि गाजा में सहायता पहुंचाने का काम फिर से शुरू किया जा सके। हूती नेता का यह अल्टीमेटम मंगलवार को समाप्त होने वाला है।

## आर्मीनियाई विदेश मंत्री ने स्वागत के लिए जयशंकर को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली ।** आर्मीनियाई विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान ने मंगलवार को भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान उन्हें और उनके प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के प्रति आभार व्यक्त किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मिर्जोयान ने पोस्ट किया, "आज दिल्ली में मुझे और मेरे प्रतिनिधिमंडल को मिले गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए मंत्री डॉ. एस जयशंकर को धन्यवाद। आर्मीनियाई विदेश मंत्री ने कहा, "हमने अपने द्विपक्षीय एजेंडे के प्रमुख विषयों पर उपयोगी चर्चा की, हमने जो महत्वपूर्ण प्रगति की है, उस पर विचार किया गया।

## ओटीटी 3 विनर सना मकबूल ऑटोइम्यून पीड़ित हैं, बोली- मैं शाकाहारी बन गई हूं

बिग बॉस ओटीटी 3 में विजेता रही सना मकबूल इस दौरान सुर्खियों में आ गई है। दरअसल, इसके पीछे की वजह है एक्ट्रेस की बीमारी। सना मकबूल ने बताया कि ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस के साथ उनकी यात्रा 2020 में शुरू हुई और एक्ट्रेस अपने स्वास्थ्य को प्रबंधित करने के लिए स्टेरॉयड, सप्रेसेंट और अन्य दवाएं ले रही हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 की परचम लहराने वाली सना मकबूल इस दौरान लीवर की बीमारी और इम्युनिटी डिसऑर्डर से अपने संघर्ष से लड़ रही है। यह बीमारी एक्ट्रेस सामंथा रूथ प्रभु को भी है। हालिए में भारती सिंह के साथ 8 मार्च के पॉडकास्ट में, सना ने शेयर किया कि वह 2020 से ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस से जूझ रही हैं। एक ऐसी स्थिति जिसमें उनके शरीर की कोशिकाएं उनके लीवर पर हमला करती हैं। एक्ट्रेस इसके लिए दवा ले रही हैं और अपने स्वास्थ्य को प्रबंधित करने के लिए शाकाहारी



**'मुझे लीवर की बीमारी है'**

सना की स्थिति जटिल है, कभी-कभी लक्षण ल्यूपस जैसे दिखते हैं, जो एक्ट्रेस के गुर्दे को प्रभावित करता है या गठिया का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा, "मैंने स्वास्थ्य कारणों से हाल ही में शाकाहारी बनना शुरू किया है... बहुत से लोग नहीं जानते कि मैं ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस की मरीज़ हूं।

## चुनाव आयोग का संवाद आमंत्रण, कानूनी ढांचे में चुनाव सुधार पर फोकस

**नई दिल्ली ।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने देशभर के सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल तक अनसुलझे मुद्दों पर सुझाव आमंत्रित किए हैं। इन मुद्दों का निपटान निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी या मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को एक पत्र के माध्यम से राजनीतिक दलों को इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही पार्टी अध्यक्षों तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ, एक सहमति के अनुसार, संवाद करने का प्रस्ताव भी रखा, ताकि चुनावी प्रक्रियाओं को कानूनी ढांचे के अनुसार और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। पिछले सप्ताह निर्वाचन आयोग की एक सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को निर्देशित किया था कि वे नियमित रूप से राजनीतिक दलों के साथ संवाद स्थापित करें।


## मस्क ने 'एक्स' पर हुए साइबर हमले के तार यूक्रेन से जुड़े होने के दिए संकेत

**नई दिल्ली ।** अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने संकेत दिए हैं कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हाल में हुए साइबर हमले के तार यूक्रेन से जुड़े हो सकते हैं। इस साइबर हमले के कारण एक्स पर एक बड़ा ग्लोबल आउटेज हुआ था। भारत सहित यूरोप, उत्तरी अमेरिका और एशिया के लाखों यूजर्स सोमवार को लंबे समय तक माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म को एक्सेस नहीं कर पा रहे थे। आउटेज ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर के अनुसार, एक्स आउटेज दोपहर 3 बजे पीक पर था। मीडिया से बात करते हुए एक्स के मालिक मस्क ने आरोप लगाया कि साइबर अटैक के डिजिटल ट्रेस यूक्रेन से उत्पन्न हुए थे। फॉक्स न्यूज के साथ एक इंटरव्यू में मस्क ने कहा, "हमें ठीक से पता नहीं है कि क्या हुआ था, लेकिन यह यूक्रेन एरिया से उत्पन्न आईपी एड्रेस के साथ एक्स सिस्टम को डाउन करने की कोशिश के साथ एक बड़ा साइबर अटैक था।"

## यूक्रेन का मॉस्को पर सबसे बड़ा ड्रोन अटैक रूस का दावा- हमले को किया नाकाम

**मॉस्को (आईएएनएस)**

यूक्रेन ने मंगलवार को रूसी राजधानी पर अपना सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रूस में कुल 337 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए। 91 ड्रोन मॉस्को क्षेत्र में गिराए गए जबकि और 126 कुर्स्क क्षेत्र में गिराए गए, जहां से यूक्रेनी सेनाएं पीछे हट रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ड्रोन अटैक में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई, एयरपोर्ट बंद हो गए और दर्जनों उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। यह बड़ा ड्रोन हमला ऐसे समय में हुआ है, जब यूक्रेनी अधिकारियों का एक दल तीन वर्ष पुराने युद्ध में संभावित शांति वार्ता के लिए आधार तलाशने के लिए सऊदी अरब में अमेरिकी दल से मिलने की तैयारी कर रहा है। वहीं रूसी सेना पश्चिमी रूसी क्षेत्र कुर्स्क में हजारों यूक्रेनी सैनिकों को घेरने की कोशिश कर रही है। बता दें पिछले साल अगस्त में हजारों यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र के लगभग 1,300 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। रूस को हाल के दिनों में क्षेत्र में कुछ कामयाबी मिली है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि हवाई सुरक्षा अभी भी शहर पर हमलों को रोक रही है। उन्होंने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा, "मॉस्को पर दुश्मन के यूएवी (मानव रहित हवाई वाहनों) के सबसे बड़े हमले को नाकाम कर दिया गया है।



रूस की राजधानी और आस-पास के क्षेत्र की आबादी कम से कम 21 मिलियन है। यह यूरोप के सबसे बड़े महानगरीय क्षेत्रों में से एक है। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने कहा कि कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। उन्होंने एक क्षतिग्रस्त अपार्टमेंट की तस्वीर पोस्ट की, जिसकी खिड़कियां हमले में उड़ गई थीं। वोरोब्योव ने कहा कि कुछ लोगों को क्रेमलिन से लगभग 50 किमी (31 मील) दक्षिण-पूर्व में मॉस्को क्षेत्र के रामेंस्कोय जिले में एक बहुमंजिला इमारत खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा।



PR No. 348369 (Health Med Edu and Family Welfare) 2024-25